देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

facebook Instagram twitter YouTube

जयपुर
# महानगर टाइम्स
मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 29 | अंक : 284

www.mahanagartimes.com | जयपुर, बुधवार, 9 सितंबर, 2026 | जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित




**57 लाख से ज्यादा मतदाता करेंगे 20 हजार से ज्यादा प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला**

# निकाय चुनाव के पहले चरण का मतदान आज, 5393 सीटों के लिए पड़ेंगे वोट

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में शहरी स्थानीय निकाय चुनाव के पहले चरण के लिए बुधवार सुबह सात से शाम छह बजे तक मतदान होगा। पहले चरण में प्रदेश के 162 निकायों के 5393 पार्षद चुने जाएंगे। इसके लिए 20 हजार से ज्यादा प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनके भाग्य का फैसला 57 लाख से ज्यादा मतदाता करेंगे। चुनाव के लिए मतदान दल मतदान केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाएं संभाल चुके हैं। सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए हैं। प्रदेशभर में चार हजार मतदान केंद्र संवेदनशील माने गए हैं, जिन पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।



प्रदेश में वन स्टेट वन इलेक्शन के तहत पहली बार सभी 309 शहरी निकायों के चुनाव एक साथ कराए जा रहे हैं। इसी के तहत पहले चरण में चार नगर निगमों, 27 नगर परिषदों और 131 नगर पालिकाओं के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पहले चरण का मतदान प्रदेश के 41 में से 39 जिलों में हो रहा है। फलौदी और सलूंबर के निकायों में वोट दूसरे चरण में 11 सितंबर को डाले जाएंगे।

### पिछली बार तीन साल में, इस बार एक साथ

प्रदेश में पिछली बार नगरीय निकायों के चुनाव पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय हुए थे। ये 2019 से 2021 के बीच तीन चरणों में तीन साल में पूरे कराए गए थे, लेकिन इस बार प्रदेश के सभी स्थानीय निकायों में चुनाव एक साथ हो रहे हैं। ऐसे में शहरी निकाय चुनाव के लिए अब बार-बार आचार संहिता लगाने की जरूरत नहीं होगी।

### भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए अहम

चूंकि पूरे प्रदेश के शहरी निकायों में एक साथ चुनाव हो रहा है, ऐसे में स्थानीय होने के बावजूद यह चुनाव काफी अहम हो गया, क्योंकि इसके परिणाम प्रदेश के शहरी मतदाताओं के राजनीतिक मूड का संकेत देंगे। यही कारण है कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल के लगभग मध्य में हो रहा यह चुनाव सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्ष में बैठी कांग्रेस दोनों के लिए अहम माना जा रहा है। भाजपा की ओर से खुद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ चुनाव का नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि कांग्रेस की ओर से प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कमान संभाली हुई है। ऐसे में इस चुनाव से इन दिग्गजों की प्रतिष्ठा भी जुड़ी हुई है।

### इन स्थानों पर होगा चुनाव

**नगर निगम :** बीकानेर, अलवर, भरतपुर और भीलवाड़ा

**नगर परिषद :** नागौर, कोटपूतली, चूरू, सुजानगढ़, झुंझुनूं, फतेहपुर, धौलपुर, सवाई माधोपुर, शाहपुरा, चौमूं, जालोर, बारां, बूंदी, झालावाड़, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, डीडवाना, कुचामन सिटी, करौली, भिवाड़ी, खैरथल, तिजारा, जैसलमेर, बाड़मेर और ब्यावर।

**नगर पालिका :** केकड़ी, पीसांगन, सरवाड़, नसीराबाद, सावर, तांतोटी, जायल, मूंडवा, बासनी, कुचेरा, निवाई, पीपलू, देवली, उनियारा, दूनी, विजयनगर, मसूदा, बीगोद, पावटा-प्रागपुरा, विराटनगर, नारायणपुर, बानसूर, सूरतगढ़, श्रीविजयनगर, रायसिंहनगर, अनूपगढ़, घड़साना, नोहर, भादरा, संगरिया, टिब्बी, रावतसर, राजगढ़, रतननगर, छापर, भुसावर, रूपवास, राजाखेड़ा, मनियां, सैपऊ, बौंली, खंडार, बगरू, चाकसू, जोबनेर, किशनगढ़-रेनवाल, फुलेरा, सांभर, बस्सी, दूदू, जमवारामगढ़, कालाडेरा, कानोता, खेजरोली, मनोहरपुर, नरायणा, फागी, वाटिका, रामगढ़, नौगांव, मालाखेड़ा, बहादुरपुर शामिल हैं। साथ ही लक्ष्मणगढ़, खाटूश्यामजी, दांता, नीमकाथाना, श्रीमाधोपुर, खंडेला, रींगस, अजीतगढ़, पलसाना, बग्गड़, सुलताना, नवलगढ़, जाखल, मुकुंदगढ़, डूंडलोद, खेतड़ी, उदयपुरवाटी, आहोर, सायला, सोजत सिटी, सोजत रोड, रानीखुर्द, मारवाड़ जंक्शन, शिवगंज, आबूरोड, मंडार, रामगंज मंडी, सुकेत, सांगोद, इटावा, सुल्तानपुर, अंता, सीसवाली, देई, केशवरायपाटन, इंद्रगढ़, झालरापाटन, भवानीमंडी, डग, भींडर, वल्लभनगर, फतेहनगर-सनवाड़, बेगूं, रावतभाटा, नाथद्वारा, आमेट, अरनोद, लाडनूं, बोरावड़, समदड़ी, बालेसर सत्ता, भोपालगढ़, बिलाड़ा, मथानिया, तिवरी, पीपाड़ सिटी, जसोल, गुड़ामालानी, कामां, पहाड़ी, सीकरी, बांदीकुई, बसवा, मंडावर, महुवा, सिकराय, भांडारेज, सपोटरा और मंडरायल नगर पालिका शामिल हैं।

### पहले चरण का चुनाव एक नजर में

| | |
|---|---|
| जिले | 39 |
| निकाय | 162 |
| सीटें | 5393 |
| मतदान बूथों की संख्या | 7683 |
| उम्मीदवार | 20623 |
| मतदाता | 57 लाख 52 हजार 278 |

### वोटर, ऑनलाइन देख सकेंगे मतदाता सूची में अपना नाम और विवरण

मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदाता सूची में अपना नाम एवं संबंधित विवरण ऑनलाइन देखने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मतदाता राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान की वेबसाइट sec.rajasthan.gov.in पर जाकर 'Search Voter' विकल्प के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं।

## सरसंघचालक डॉ. भागवत 12 से राजस्थान प्रवास पर

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत तीन दिन के प्रवास पर राजस्थान आएंगे। राजस्थान क्षेत्र संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल के अनुसार डॉ. भागवत 11 सितंबर को जोधपुर आएंगे और वहीं रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद 12 सितंबर को गोटन जिला नागौर के एलके सिंघानिया शिक्षा केंद्र के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा जोधपुर में रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 13 सितंबर को जोधपुर प्रांत के संघ के कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे और 14 सितंबर को भीलवाड़ा में जैन दिगंबर संत पुलक सागर महाराज से भेंटवार्ता करेंगे। इसके बाद दिल्ली रवाना होंगे।



## चार राज्यों में उपचुनाव का ऐलान, 6 अक्टूबर को वोटिंग

**नई दिल्ली (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** चुनाव आयोग ने तमिलनाडु, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल की विधानसभा सीटों और असम की एक लोकसभा सीट पर उपचुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। इन सीटों पर 6 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे और 9 अक्टूबर को नतीजे आएंगे। कमीशन के मुताबिक चुनाव की औपचारिक गजट अधिसूचना 9 सितंबर को जारी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 16 सितंबर है। वोटिंग 6 अक्टूबर को होगी। नतीजे 9 अक्टूबर को आएंगे। पूरी प्रक्रिया 11 अक्टूबर 2026 से पहले पूरी कर ली जाएगी। चुनाव से जुड़े जिलों में आचार संहिता लागू हो गई है।

**प्रधानमंत्री ने वडोदरा में 35 हजार करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण**

# झूठ की गूंज से गुमराह नहीं हों और सच्चाई के साथ खड़े रहें युवा: मोदी

**जेन-जी से संवाद के दौरान पीएम ने विकास से जुड़े कई मुद्दों पर रखी अपनी बात**

महानगर टाइम्स संवाददाता

**वडोदरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वडोदरा में 35 हजार करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने जेन-जी से संवाद भी किया और विकास से जुड़े कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि लोग आपको झूठ की गूंज से गुमराह करने की कोशिश करेंगे, लेकिन आप सच्चाई के साथ खड़े रहना। मोदी का यह बयान राहुल गांधी और कांग्रेस के 'छात्रों की गूंज' अभियान पर तंज माना जा रहा है। वहीं उन्होंने विपक्ष को फूफाजी कहकर निशाना साधा।

महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी का ये मैदान, अलग-अलग फील्ड में काम करने वाले सभी साथियों का साथ और विकास का ये उत्सव, यहां सब कुछ एक साथ हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज मैं विकसित भारत की यात्रा को और गति देने के लिए आपके बीच आया हूं। थोड़ी देर पहले यहां देश के विकास से जुड़े हजारों करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इस विकास पर्व में आप सभी ने जिस सेवाभाव से पूरे वडोदरा शहर में स्वच्छता से स्वागत अभियान चलाया है, इसकी मैं सराहना करता हूं।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष लाल किले से मैंने विकसित भारत के लिए संकल्प की सप्तधारा का आह्वान किया है। इस सप्तधारा में एक धारा गतिशक्ति की भी है। विकसित भारत के लिए हमें ऐसी कनेक्टिविटी चाहिए, जो सुगम भी हो और जमाने के हिसाब से जरा तेज भी हो। वडोदरा को सप्तधारा यूनिवर्सिटी का शहर बताते हुए पीएम ने कहा कि आज यहां से डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की आखिरी कड़ियां भी जुड़ गई हैं। आज 2,800 किमी से अधिक का डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर प्रोजेक्ट पूरा हो गया है। ये 21वीं सदी के भारत के लिए बहुत ऐतिहासिक कार्य संपन्न हुआ है। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव समेत कई सांसद और नेता मौजूद रहे।



### विपक्ष को कहा फूफा

पीएम मोदी ने कहा कि हाल ही जवाहरलाल नेहरू पोर्ट मुंबई से डबल कंटेनर मालगाड़ी चलाई गई। इसके चलने से एक बार में 250 ट्रकों के ज्यादा सामान मुंबई से वडोदरा पहुंच गया। अब ये नाराज फूफाजी चिल्लाएंगे कि ट्रक वालों का क्या होगा। ट्रक कहां जाएंगे? अब फूफाजी को काम मिल गया। यानी अब बड़ी मात्रा में सामान तेजी से देश के एक कोने से दूसरे कोने से पहुंच पाएगा। फ्रेट कॉरिडोर के साथ-साथ अब भारत में रेल वहां भी पहुंच रही है, जहां इतने दशकों तक नहीं पहुंची थी। गुजरात हो, मध्य प्रदेश हो, महाराष्ट्र हो, यहां जो आदिवासी क्षेत्र हैं, वे भी इस परियोजना के द्वारा रेल से जुड़ रहे हैं। पहले की सरकार में बजट में 1-2 ट्रेनों की घोषणा होती थी और उसके भी साल भर ढोल पीटे जाते थे, जबकि आज देश में सालभर एक के बाद एक नई ट्रेनें चलाई जा रही हैं। आज भी इस कार्यक्रम में कई नई ट्रेनें शुरू हुई हैं।

### 50 हजार आधुनिक रेल कोच बने

पीएम मोदी ने कहा कि 2014 के बाद भारत ने अब तक 50 हजार आधुनिक रेल कोच बनाए हैं। पुरानी सरकार 10 साल में 50 हजार टॉयलेट नहीं बनवा सकती थी। मैंने देश के सामने विकसित भारत की जिन सप्तधाराओं का विजन रखा है, उसमें एक धारा मैन्युफैक्चरिंग की भी है और वडोदरा शहर इसकी ताकत अच्छे से जानता भी है, समझता भी है। शिक्षा, कौशल और इंडस्ट्री का कोलैब कैसे होता है, वडोदरा 150 सालों से इसका प्रतिबिंब है। अब तो ये शहर देश के पहले 'मेड इन इंडिया' मिलिट्री ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट के लिए भी जाना जा रहा है। सी-295 की पहली फ्लाइट यहां का आसमान देख चुका है। मैं वडोदरा के लोगों को ये गौरव पाने के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

### राहुल गांधी पर हमला

पीएम मोदी ने बिना राहुल गांधी का नाम लिए हमला बोला। उन्होंने कहा कि झूठ की गूंज से भरमाने वाले तो हर चौराहे पर मिल जाएंगे, लेकिन भारत का नौजवान सच की हुंकार से चलता है। सच की हुंकार के साथ चलता है। सच की हुंकार के लिए चलता है। युवा साथी देख रहे हैं सारे सेक्टर पर सरकार कितना फोकस से काम कर रही है। आने वाले दौर में हर आधुनिक सेक्टर बिजली से ही चलेगा, इलेक्ट्रिक इको सिस्टम पर निर्भर होगा।

# आमेर में चाकूबाजी में घायल गाइड की मौत, आठ घंटे बंद रहे बाजार

**टूरिस्ट को महल तक गाड़ी ले जाने का रास्ता बताने पर स्थानीय जीप ड्राइवर ने घोंपा था चाकू**

**50 लाख रुपए मुआवजा, संविदा नौकरी और डेयरी बूथ पर बनी सहमति**

**आरोपी पर केस ऑफिसर स्कीम में कार्रवाई का आश्वासन**

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** आमेर महल में टूरिस्ट को रास्ता बताने को लेकर हुए विवाद में चाकू के वार से घायल हुए टूरिस्ट गाइड मनीष कुमार सोनी (40) की मंगलवार सुबह एसएमएस अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर फैलते ही आमेर में आक्रोश भड़क उठा। स्थानीय लोगों ने स्वतः बाजार बंद कर दिए और बड़ी संख्या में लोग सड़क पर उतर आए। परिजन और स्थानीय लोग टेंट लगाकर धरने पर बैठ गए। घंटों चले हंगामे के बाद देर शाम प्रशासन और परिजनों के बीच मांगों पर सहमति बनी और धरना समाप्त कर दिया गया।

एसीपी आमेर प्रतीक सिंह ने बताया कि आमेर निवासी मनीष कुमार सोनी सोमवार सुबह करीब 9:30 बजे आमेर मावठे पर आया था। इसी दौरान निजी कार से आए पर्यटकों ने आमेर महल जाने का रास्ता पूछा। वहां जीप लेकर खड़े ड्राइवर आजम ने पर्यटकों से कहा कि कार महल तक नहीं जा सकती और जीप से जाने को कहा। वहीं मनीष ने पर्यटकों को रास्ता समझा दिया और वे अपनी कार से महल की ओर रवाना हो गए। इसी बात को लेकर जीप चालक आजम और मनीष के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ते ही आजम ने चाकू निकालकर मनीष के पेट में घोंप दिया। गंभीर हालत में मनीष को एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मौके से ही आरोपी आजम को गिरफ्तार कर लिया था।







### आईसीयू में जिंदगी की जंग हारे मनीष

एसएमएस अस्पताल के आईसीयू में उपचार के दौरान मंगलवार सुबह करीब 7 बजे मनीष ने दम तोड़ दिया। इसके बाद आमेर में माहौल तनावपूर्ण हो गया। बड़ी संख्या में लोग विरोध में सड़क पर उतर आए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया और समझाइश कर स्थिति संभाली।

### धरने पर बैठे परिजनों ने की एक करोड़ मुआवजे की मांग

मनीष की मौत के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने टेंट लगाकर धरना शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने मृतक आश्रितों को एक करोड़ रुपए मुआवजा, सरकारी नौकरी और आरोपी के घर पर बुलडोजर कार्रवाई की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने साफ कहा कि मांगें पूरी होने तक धरना खत्म नहीं किया जाएगा।

### देर शाम बनी बात, 50 लाख की आर्थिक सहायता पर सहमति

लगातार हंगामे और प्रशासन की समझाइश के बाद देर शाम परिजनों की मांगों पर सहमति बनी। प्रशासन की ओर से 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता, एक परिजन को संविदा पर नौकरी और एक डेयरी बूथ आवंटित करने पर सहमति बनी। 50 लाख रुपए में से 31 लाख रुपए प्रशासन की ओर से और 19 लाख रुपए स्थानीय व्यापारियों एवं भामाशाहों की ओर से दिए जाएंगे। साथ ही आरोपी के खिलाफ केस ऑफिसर स्कीम के तहत कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

### पोस्टमार्टम के बाद पुलिस निगरानी में अंत्येष्टि

मनीष के शव का एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम करवाया गया। पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद देर शाम पुलिस की निगरानी में अंतिम संस्कार करवाया गया। सहमति बनने के बाद धरना समाप्त कर दिया गया।

### अब कौन संभालेगा मनीष की बेटियों का भविष्य?

मनीष को अपने बच्चों से बेहद लगाव था। उसने एक बेटी को गोद लिया था, जबकि करीब डेढ़ साल पहले दूसरी बेटी ने जन्म लिया। दोनों बेटियों की परवरिश और भविष्य के सपने संजो रहे मनीष की अचानक मौत ने परिवार को तोड़कर रख दिया। दोनों मासूम बेटियों के सिर से पिता का साया उठ गया। घर में पत्नी और मां का रो-रोकर बुरा हाल है। विलाप करती पत्नी और मां बार-बार यही सवाल कर रही हैं कि अब इन मासूम बेटियों का पालन-पोषण कौन करेगा और इनके भविष्य की जिम्मेदारी कौन उठाएगा?

# ब्रिक्स समिट के लिए भारत आएंगे रूसी राष्ट्रपति पुतिन

**पीएम मोदी के साथ 11 को होगी मीटिंग, 9 महीने में दूसरी भारत यात्रा**

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ब्रिक्स समिट में शामिल होने के लिए भारत आएंगे। नई दिल्ली में 12 सितंबर को ब्रिक्स नेताओं की बैठक से पहले 11 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पुतिन के बीच द्विपक्षीय मुलाकात होगी।

रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मोदी और पुतिन की मुलाकात की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि रूस भारत को अपना रणनीतिक साझेदार मानता है और दोनों देशों के रिश्ते उसके लिए बेहद अहम हैं। पेस्कोव के मुताबिक मोदी और पुतिन की बातचीत में व्यापार, आर्थिक सहयोग, परिवहन और दोनों देशों के बीच कारोबार बढ़ाने जैसे मुद्दे शामिल होंगे। दोनों देश अपनी कंपनियों के लिए नए कारोबारी मौके तलाशने पर भी चर्चा कर सकते हैं।



### रूस-यूक्रेन युद्ध और खाड़ी संकट पर भी चर्चा

मोदी और पुतिन की बैठक में रूस-यूक्रेन युद्ध भी चर्चा का अहम मुद्दा हो सकता है। दोनों नेता युद्ध की मौजूदा स्थिति और उसके वैश्विक असर पर बातचीत कर सकते हैं। इसके अलावा फारस की खाड़ी में जारी तनाव पर भी चर्चा की संभावना है। रूस के मुताबिक खाड़ी में हो रही घटनाओं का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। ऐसे में दोनों नेताओं के बीच क्षेत्रीय तनाव और उसके आर्थिक प्रभावों पर भी बात हो सकती है।

### भारत को एसयू-57 लड़ाकू विमान बेचना रूस के एजेंडे में शामिल

बैठक में रक्षा सहयोग भी अहम मुद्दा रहेगा। रूस भारत को अपना एसयू-57 लड़ाकू विमान बेचने पर चर्चा करेगा। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा है कि भारत को एसयू-57 देने का मुद्दा रूस के एजेंडे में शामिल है। एसयू-57 रूस का पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान है। इसमें स्टील्थ तकनीक है, यानी इसे रडार पर पकड़ना मुश्किल होता है। यह हवा में और जमीन पर मौजूद लक्ष्यों पर हमला कर सकता है। इसमें आधुनिक रडार और सेंसर भी लगे हैं। गौरतलब है कि भारत और रूस पहले से ब्रह्मोस मिसाइल समेत कई रक्षा परियोजनाओं पर साथ काम कर रहे हैं। ऐसे में एसयू-57 पर बातचीत दोनों देशों के रक्षा संबंधों को और मजबूत कर सकती है।

### पुतिन पिछले साल दिसंबर में भारत आए थे

पुतिन की यह 9 महीने में दूसरी भारत यात्रा है। इससे पहले वे 4 दिसंबर 2025 को आए थे। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद यह उनका पहला भारत दौरा था।

# गणित कमजोर है तो कांग्रेस नेताओं को ट्यूशन देने को तैयार : भजनलाल

**पेपरलीक और भ्रष्टाचार को लेकर गहलोत सरकार पर मुख्यमंत्री का तीखा हमला**

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर/कोटा।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को कोटा में जनसभा और रोड शो के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार पर सवाल उठाने से पहले अपने शासनकाल में हुए पेपरलीक, भ्रष्टाचार व अनियमितताओं का जवाब जनता को देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासन में भर्ती परीक्षाओं के पेपरलीक से प्रदेश का युवा खून के आंसू रोता रहा, जबकि उनकी सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए लगातार काम कर रही है। भाजपा के निकाय चुनाव अभियान के बीच कोटा पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने संकल्प पत्र में चार लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था। उस समय कांग्रेस नेताओं ने इस घोषणा का मजाक उड़ाया था। अब सरकार अपने वादे को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि हम युवाओं को नौकरी दे रहे हैं, आप आंकड़े गिनते रहिए। आपकी गणित कमजोर है तो हम ट्यूशन देने को तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार और राजनीतिक तुष्टिकरण के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार के मामले सामने आते रहे और जेजेएम घोटाले में तत्कालीन मंत्री और अधिकारी तक जेल में हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को आरोप लगाने के बजाय अपने शासनकाल के कामकाज का हिसाब देना चाहिए।



### 78 फीसदी संकल्प पूरे करने का दावा

भजनलाल ने कहा कि कांग्रेस के शासन में विकास योजनाएं चुनावी घोषणाओं तक सीमित रहती थीं। उनकी सरकार ने संकल्प पत्र के 78 फीसदी कार्य महज ढाई साल में पूरे कर दिए हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में बिजली उत्पादन बढ़ा है और राजस्थान अब बिजली खरीदने के बजाय दूसरे राज्यों को बिजली देने की स्थिति में पहुंच रहा है। वर्षों से लंबित जल परियोजनाओं को भी आगे बढ़ाया जा रहा है।

### तीसरा इंजन जोड़ने की अपील

मुख्यमंत्री ने जयपुर, जोधपुर और कोटा नगर निगमों के विभाजन को कांग्रेस सरकार का गलत फैसला बताया। उन्होंने कहा कि इससे प्रशासनिक व्यवस्था और विकास प्रभावित हुआ। भाजपा सरकार ने तीनों शहरों में फिर से एक-एक नगर निगम बनाने और 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' की दिशा में काम किया है। कोटा एयरपोर्ट, सड़क और औद्योगिक विकास का जि करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य के बाद निकायों और पंचायतों में भी भाजपा का 'तीसरा इंजन' जुड़ना जरूरी है। इससे सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक तेजी से पहुंच सकेगा।




संकलन
जय सिंह गौड़

## कोचिंग स्टूडेंट का बढ़ा जनसंख्या घनत्व, बिगाड़ रहा व्यवस्था

| विधानसभा क्षेत्र | सांगानेर |
|---|---|
| आरक्षण | सामान्य |
| मतदाता संख्या | 15 हजार 700 |
| मुख्य मुकाबला | कांग्रेस/भाजपा |
| पुराना वार्ड- 77, 79, 80 | वार्ड 77 सीमा सौखिया (भाजपा)<br>वार्ड 79 कुमकुम शर्मा (भाजपा)<br>वार्ड 80 नवीन खटीक (भाजपा) |
| पहचान | रिद्धि-सिद्धि पुलिया, कोचिंग संस्थान |
| प्रत्याशी भाजपा | शैलेन्द्र भार्गव |
| कांग्रेस प्रत्याशी | आशीष शर्मा |

### वार्ड परिदृश्य

सांगानेर विधानसभा क्षेत्र का यह वार्ड पहले तीन वार्ड 77, 79 और 80 में बंटा हुआ था। परिसीमन में इन्हें एक कर अब वार्ड 43 का गठन किया गया है। करतारपुरा नाले से गोपालपुरा बाईपास और रिद्धि-सिद्धि चौराहे से, त्रिवेणी नगर त्रिवेणी सामुदारिक केंद्र और द्रव्यवती नदी का दायां भाग विश्वेसरैया नगर, त्रिवेणी नगर, मोहन नगर, आनंद नगर, मंगल विहार सीताराम कच्ची बस्ती इसमें शामिल है। इस क्षेत्र में भाजपा का वर्चस्व रहा है। इस वार्ड चुनाव में यहां से चार प्रत्याशी मैदान में है कांग्रेस और भाजपा को छोड़ दिया जाए तो सुमित माहेश्वरी और अजीत बंसल भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा के लिए यह हॉट सीट मानी जा रही है, क्योंकि पूर्व शहर अध्यक्ष शैलेंद्र भार्गव मैदान में हैं, फिर भी मुकाबला त्रिकोणीय होता दिख रहा है।

### सवाल पूछता है वार्ड



- स्थानीय निवासी यहां की गंदगी और उफनते सीवरेज पानी से परेशान हैं। यहां के ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि आबादी के लिहाज से कोचिंग संस्थानों के कारण यहां हर घर में पीजी हो गए तो जनसंख्या का घनत्व भी बढ़ गया। आबादी बढ़ने के कारण पहले की डाली गई सीवरेज जवाब दे रही है जो यदा-कदा उफान मारती है। सरकार इस ओर ध्यान कब देगी?



- हरिनारायण मेहरा ने कहा कि यहां रिद्धि-सिद्धि पुलिया के नीचे गंदगी का आलम रहता है, सभी पॉश कॉलोनियों के गेट पर गंदगी का ढेर रहता है। स्टूडेंट के रूप में यहां उत्पाती लोग भी रहते हैं। कॉलोनी में उनके झगड़ों से शांतिभंग होती है। अवैध डेयरियां भी हैं, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान ही नहीं दे रही।

### प्रत्याशियों का लक्ष्य



- भाजपा के शैलेंद्र भार्गव पेयजल की समस्या दूर करने का आश्वासन दे रहे हैं। साथ ही कचरा गाड़ी द्वारा समय पर कचरा निस्तारण की भी बात कर रहे हैं। यहां पानी के बोरिंगों को और गहरा करने की आवश्यकता है, जिन्हें गहरा करवाया जाएगा। पार्क को मेंटेन किया जाएगा और योगाभ्यास की सुविधा भी करवाई जाएगी।



- कांग्रेस प्रत्याशी आशीष शर्मा का कहना है कि सबसे पहले यहां सीवरेज के दबाव को निर्बाध करने के लिए समय-समय पर बिना शिकायत के सफाई करवाते रहना होगा। शिकायत मिलने तक स्थिति बिगड़ जाती है। रिद्धि-सिद्धि पुलिया के नीचे गंदगी का ढेर रहता है उसका निस्तारण करवाना भी प्राथमिकता है। जलभराव क्षेत्र की पहचान कर स्थान को समतल करवाया जाएगा।

**वार्ड नंबर-49**

## दो दिग्गज और सरकार की सांख दांव पर

| विधानसभा क्षेत्र | सांगानेर |
|---|---|
| आरक्षण | सामान्य |
| मतदाता संख्या | 23 हजार |
| पुराना वार्ड- 71, 74 | वार्ड 71 मुकेश शर्मा 'काका' (भाजपा)<br>वार्ड 74 हेमा सिंघल (कांग्रेस) |
| मुख्य मुकाबला | कांग्रेस/भाजपा |
| पहचान | इस्कॉन मंदिर, केसर चौराहा, हयात होटल |
| प्रत्याशी भाजपा | मुकेश शर्मा 'काका' |
| कांग्रेस प्रत्याशी | धर्म सिंह सिंघानिया |

### वार्ड परिदृश्य

यह वार्ड सांगानेर रोड मांग्यावास तिराहे से गुड्डू पैराडाइज, वंदे मातरम मार्ग, नारायण विहार, रामपुरा रोड को क्रॉस करते हुए सांगोनर विधानसभा की बाउंड्री तक का बायां भाग और केसर चौराहे से उत्तर में इस्कॉन रोड पर खरबास सर्किल तक और न्यू सांगनेर रोड पर मांग्यावास तिराहे तक का पूरा बायां भाग कवर करता है। यह दो वार्ड 71 और 74 को एक कर बनाया गया है। यहां से निर्वतमान पार्षद मुकेश शर्मा काका रहे हैं। नए गठित वार्ड 49 से कांग्रेस ने पूर्व पार्षद धर्मसिंह सिंघानिया पर फिर से विश्वास जताया है। इस वार्ड से दो ही उम्मीदवार मैदान में हैं। वार्ड में सवर्ण मतदाताओं का बाहुल्य बताया जाता है। ऐसे में मुकाबला रोचक होने की उम्मीद है।

### सवाल पूछता है वार्ड



- यहां के महिमा नगर के निवासी कन्हैयालाल तोलानी ने कहा कि वार्ड क्षेत्र में वर्षा के पानी का ठहराव बड़ी समस्या है। न्यू सांगानेर रोड की चौड़ाई बढ़ाने के बाद जल निस्तारण प्रबंधन के बारे में उचित प्लानिंग नहीं की गई। इसके साथ ही यहां कहीं भी सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था नहीं है। वार्ड का विस्तार बड़ा है, लेकिन सुविधाएं ना होना दुखद है।



- क्षेत्र के ही किरण विहार से भगवान सहाय वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के पार्क में जिम लगवाया जाना चाहिए। किसी भी शादी विवाह आदि पार्टी के लिए सामुदायिक भवन का होना आवश्यक है। विस्तार लिए वार्ड में साफ-सफाई के लिए अधिक संख्या में कचरा गाड़ी लगाना आवश्यक है।

### प्रत्याशियों का लक्ष्य



- भाजपा के मुकेश शर्मा काका का आश्वासन है कि डबल इंजन सरकार का सहारा उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने का अवसर होगा। यहां कचरा संग्रहण और निस्तारण की उचित व्यवस्था करवाई जाएगी। सार्वजनिक पार्क और बुजुर्गों के लिए वाचनालय की व्यवस्था करवाना भी लक्ष्य होगा।



- कांग्रेस प्रत्याशी धर्म सिंह सिंघानिया ने बताया कि यहां डिस्पेंसरी की सख्त आवश्यकता है। इसके साथ मोक्षधाम भी दूर है। यहां सार्वजनिक शौचालय और टूटी सड़कों का निर्माण करवाया जाएगा।

# मुस्लिम बहुल वार्डों में 'सेंध' की तैयारी में भाजपा

## 2 सीटों पर मजबूत बढ़त तो 4 पर कांटे की टक्कर

- वार्ड 117 और 19 में भाजपा को सबसे ज्यादा उम्मीद, 109 और 113 में भी मजबूत स्थिति
- 128 और 137 में मुकाबला बराबरी का, 136 में कांग्रेस का पलड़ा भारी
- मुस्लिम वोट के साथ दूसरे सामाजिक वर्गों का समर्थन जुटाना भाजपा की असली चुनौती
- 146 में नहीं उतरा भाजपा का प्रत्याशी, निर्दलीय पर भाजपा का फोकस

विक्रम सिंह धाकड़

**जयपुर।** नगर निगम चुनाव की सरगर्मियों के बीच परकोटे की हवा कुछ और ही बयां कर रही है। गलियों, बाजारों और मोहल्लों में इस बार भाजपा के उन आठ मुस्लिम चेहरों की भी बात हो रही है, जिन्हें पार्टी ने मैदान में उतारकर अब तक चले आ रहे चुनावी गणित और भाजपा की मुसलमानों के प्रति बनी हुई अवधारणा को चुनौती दी है। चुनावी तस्वीर में पार्टियां अपने राजनीतिक समीकरण बिठाने में लगी हुई हैं। वार्ड 117 और 19 भाजपा के लिए सबसे मजबूत उम्मीद बनकर सामने आ रहे हैं। 109 और 113 में भी भाजपा मजबूत स्थिति में दिख रही है, जबकि 128 और 137 में मुकाबला बेहद करीबी है। 136 में कांग्रेस आगे दिखाई दे रही है। यानी आठ सीटों का यह प्रयोग एक जैसा नहीं, बल्कि हर वार्ड में अलग चुनावी गणित के साथ चल रहा है। मुस्लिम बाहुल्य वार्डों में भाजपा की यह स्थिति बताती है कि पार्टी मुस्लिम वोटरो के बीच सेंध की तैयारी कर रही है।



**वार्ड-19**

### सामान्य सीट पर मुस्लिम चेहरा, भाजपा का सबसे बड़ा राजनीतिक प्रयोग

| मतदाता : 18,770 | भाजपा : शहनवाज अंसारी | कांग्रेस : फारुख खान |
|---|---|---|

विद्याधर नगर के इस वार्ड में भाजपा ने सामान्य सीट पर मुस्लिम प्रत्याशी उतारकर सबसे बड़ा राजनीतिक संदेश दिया है। करीब 70 फीसदी मुस्लिम वोटों के प्रभाव वाले शांति नगर और डायमंड रेजिडेंसी क्षेत्र में शहनवाज अंसारी के सामने कांग्रेस के फारुख खान हैं। भाजपा प्रत्याशी को मुस्लिम वोट के साथ गैर-मुस्लिम मतदाताओं में भी स्वीकार्यता बनानी होगी। छह निर्दलीय मुकाबले को और पेचीदा कर रहे हैं। कांग्रेस का परंपरागत आधार मजबूत है, लेकिन भाजपा प्रत्याशी की सक्रियता ने मुकाबले को एकतरफा नहीं रहने दिया। फिलहाल भाजपा-कांग्रेस में सीधी और कड़ी टक्कर, भाजपा मजबूत चुनौती की स्थिति में।

**वार्ड-109**

### पूर्व पार्षद के सामने भाजपा का मजबूत चेहरा

| मतदाता : 13,892 | भाजपा : जाकिर खान कायमखानी | कांग्रेस : मोहम्मद अय्यूब |
|---|---|---|

वनस्थली और गोलीनाथ मार्ग क्षेत्र वाले इस वार्ड में कांग्रेस ने पूर्व पार्षद मोहम्मद अय्यूब को दोबारा मैदान में उतारा है। उनका व्यक्तिगत संपर्क और पूर्व कार्यकाल कांग्रेस की ताकत है। इसके बावजूद भाजपा के जाकिर खान कायमखानी को कमजोर प्रत्याशी नहीं माना जा रहा। पांच निर्दलीय प्रत्याशियों के कारण वोटों का विभाजन दोनों प्रमुख दलों के समीकरण को प्रभावित कर सकता है। कांग्रेस का पुराना नेटवर्क बनाम भाजपा का मजबूत चुनावी प्रबंधन यहां मुख्य लड़ाई है। उपलब्ध समीकरणों में भाजपा मजबूत स्थिति में, लेकिन मुकाबला खुला हुआ है।

**वार्ड-113**

### भाजपा को बढ़त, लेकिन मुकाबला खत्म नहीं

| मतदाता: 12,288 | भाजपा : फरीदुद्दीन 'जैकी' | कांग्रेस : गजनफर अली |
|---|---|---|

रामगंज मंडी क्षेत्र वाले इस वार्ड में भाजपा के फरीदुद्दीन 'जैकी' और कांग्रेस के गजनफर अली के बीच सीधा मुकाबला है। दोनों प्रत्याशी मुस्लिम मतदाताओं के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटे हैं। यहां केवल दो निर्दलीय होने से तीसरे कोण का दबाव अपेक्षाकृत कम है। भाजपा के पक्ष में संगठनात्मक सक्रियता और प्रत्याशी की चुनावी तैयारी बताई जा रही है। फिलहाल भाजपा जीत की स्थिति में, कांग्रेस मुकाबले में बनी हुई है।

**वार्ड-117**

### शबाव जहां के पुराने संपर्क का फायदा

| मतदाता : 19,814 | भाजपा : शबाव जहां | कांग्रेस : संजीदा उमरदराज |
|---|---|---|

आदर्श नगर क्षेत्र का यह वार्ड भाजपा के आठ मुस्लिम चेहरों में सबसे मजबूत सीटों में माना जा रहा है। करीब 80 फीसदी मुस्लिम प्रभाव वाले हिरण वालों का मोहल्ला और लुहारों का खुर्रा क्षेत्र में भाजपा ने 2020 की प्रत्याशी शबाव जहां को फिर मैदान में उतारा है। पुराने चुनावी संपर्क, व्यक्तिगत पहचान और क्षेत्र में सक्रियता उन्हें बढ़त देती है। कांग्रेस की संजीदा उमरदराज के सामने पार्टी का पारंपरिक समर्थन आधार है, लेकिन भाजपा प्रत्याशी का पुराना नेटवर्क बड़ा फैक्टर है। दो निर्दलीय मैदान में हैं। यह सीट भाजपा के पक्ष में मजबूत दिखाई दे रही है।

**वार्ड-128**

### दोनों दलों ने लगाया मुस्लिम चेहरे पर दांव

| मतदाता : 15,973 | भाजपा : माजिद पठान | कांग्रेस : मोहम्मद सोहेल मंसूरी |
|---|---|---|

सूरजपोल द्वार, सूरजपोल अनाज मंडी और हरिघाटी क्षेत्र वाले इस वार्ड में भाजपा और कांग्रेस दोनों ने मुस्लिम प्रत्याशियों पर भरोसा किया है। भाजपा के माजिद पठान और कांग्रेस के मोहम्मद सोहेल मंसूरी के बीच मुकाबला मुख्य रूप से व्यक्तिगत संपर्क और बूथ मैनेजमेंट पर टिक गया है। एक निर्दलीय मोहम्मद इशाक भी मैदान में हैं। किसी एक दल को स्पष्ट बढ़त देना मुश्किल, कांटे की टक्कर।

**वार्ड-136**

### कांग्रेस की पकड़, भाजपा की चुनौती

| मतदाता : 22,379 | भाजपा : मिजाना मिर्जा | कांग्रेस : शबनम |
|---|---|---|

आठ सीटों में सबसे अधिक मतदाता वाले इस वार्ड में भाजपा ने मुस्लिम महिला चेहरे मिजाना मिर्जा को मैदान में उतारा है। सामने कांग्रेस की शबनम हैं। बांस की पुलिया क्षेत्र वाले इस वार्ड में चार निर्दलीय भी चुनावी समीकरण को प्रभावित कर रहे हैं। भाजपा ने नया सामाजिक समीकरण बनाने की कोशिश की है, लेकिन स्थानीय पकड़ और कांग्रेस के परंपरागत समर्थन के कारण कांग्रेस फिलहाल मजबूत स्थिति में दिखाई दे रही है। भाजपा यहां मुकाबला पलटने की कोशिश में है।

**वार्ड-137**

### पार्टी से ज्यादा व्यक्तिगत नेटवर्क का चुनाव

| मतदाता : 21,828 | भाजपा : रहीस मंसूरी | कांग्रेस : सलमान मंसूरी |
|---|---|---|

यह सीट आठों वार्डों में सबसे दिलचस्प मुकाबलों में शामिल है। भाजपा के रहीस मंसूरी और कांग्रेस के सलमान मंसूरी दोनों मुस्लिम समाज से हैं। इसलिए यहां पार्टी की पहचान के साथ-साथ परिवार, सामाजिक संपर्क, व्यक्तिगत छवि और बूथ स्तर की पकड़ अहम होगी। कई निर्दलीयों की मौजूदगी ने मुकाबले को और कठिन बनाया है। भाजपा-कांग्रेस में बेहद करीबी मुकाबला, नतीजा अंतिम चरण की वोटिंग और बूथ मैनेजमेंट पर निर्भर रह सकता है।

**वार्ड-146**

### भाजपा का आठवां प्रयोग मैदान में पहुंचने से पहले खत्म

| मतदाता : 17,172 | कांग्रेस : अफरोज | कांग्रेस बागी : शबनम खानम इलियास |
|---|---|---|

संजय नगर क्षेत्र वाले इस वार्ड में भाजपा ने अफसाना को टिकट दिया था, लेकिन पार्टी सिंबल मिलने के बावजूद नामांकन दाखिल नहीं किया। इससे भाजपा का अधिकृत प्रत्याशी मैदान में नहीं रहा। कांग्रेस की अफरोज के सामने कांग्रेस की टिकट नहीं मिलने से नाराज निवर्तमान पार्षद शबनम खानम इलियास निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ रही हैं। लिहाजा यहां मुकाबला भाजपा बनाम कांग्रेस नहीं, बल्कि कांग्रेस प्रत्याशी बनाम कांग्रेस के बागी चेहरे का हो गया है। भाजपा की भूमिका अब प्रत्यक्ष मुकाबले से ज्यादा चुनावी समीकरण देखने तक सीमित है।

### वार्डवार निर्दलीयों ने बिगाड़ा गणित

- **वार्ड 19 : छह निर्दलीय**
  वीरेंद्र कुमार, रियाजुद्दीन, शमा, अब्दुल रहूफ, लियाकत खान और सकील खान। मुस्लिम वोटों में बिखराव हुआ तो दोनों प्रमुख दलों का गणित प्रभावित होगा।
- **वार्ड 109 : पांच निर्दलीय**
  रईस खान, शहजाद, आरएलपी के यूनुस गौरी, हरिनारायण और मोहम्मद असलम। पूर्व पार्षद के वोट बैंक और भाजपा की रणनीति दोनों के लिए चुनौती।
- **वार्ड 113 : दो निर्दलीय**
  अब्दुल वाहिद और सोनिया निर्दलीय। संख्या कम होने से असर सीमित, लेकिन करीबी बूथों पर वोट कटने का खतरा।
- **वार्ड 117 : दो निर्दलीय**
  नूरसबा और नेहा नवाज। भाजपा के मजबूत आधार के बावजूद दोनों प्रत्याशी कुछ इलाकों में वोट काट सकते हैं।
- **वार्ड 128 : एक निर्दलीय**
  मोहम्मद इशाक अकेले निर्दलीय। करीबी मुकाबले में कुछ वोट भी निर्णायक हो सकते हैं।
- **वार्ड 136 : चार निर्दलीय**
  नफीस खान, जमील बेगम, शबाना और सना खान। चार निर्दलीय होने से कांग्रेस और भाजपा दोनों के वोट बैंक प्रभावित होने की संभावना।
- **वार्ड 137 : तीन निर्दलीय**
  आमिर उस्मानी, मोहम्मद असलम और आमिर अहमद निर्दलीय प्रत्याशी। व्यक्तिगत वोट बैंक का असर निर्णायक हो सकता है।
- **वार्ड 146 : चार निर्दलीय**
  फिरोज, रोशन, रज्जाक और शबनम निर्दलीय मैदान में। इनमें कांग्रेस की बागी शबनम सबसे बड़ा चुनावी फैक्टर हैं।

### 146 में भाजपा की नजर 'जिताऊ' निर्दलीय पर

वार्ड 146 को लेकर भाजपा ने फिलहाल अपना राजनीतिक गणित अलग रखा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार यहां किसी ऐसे निर्दलीय प्रत्याशी पर नजर है, जिसकी जमीनी पकड़ और जीतने की वास्तविक संभावना हो। भाजपा का फोकस सिर्फ निर्दलीय उम्मीदवार की लोकप्रियता पर नहीं, बल्कि उसके बूथ नेटवर्क, स्थानीय संपर्क और चुनाव बाद राजनीतिक समीकरण पर भी है। ऐसे में वार्ड 146 में पार्टी की रणनीति प्रत्यक्ष प्रत्याशी के बजाय संभावित रूप से मजबूत निर्दलीय के प्रदर्शन पर नजर रखने की है। इस सीट पर अंतिम दिनों की राजनीतिक गतिविधियां चुनावी तस्वीर बदल सकती हैं।

### भाजपा मुस्लिम वोटरों तक किन मुद्दों के साथ पहुंच रही?

भाजपा इन वार्डों में चुनाव प्रचार के दौरान केंद्र और राज्य सरकार की ओर से मुस्लिम समाज के लिए किए गए कामों को प्रमुखता से उठा रही है। पार्टी के मुद्दों में हज हाउस, मदरसा बोर्ड, वक्फ बोर्ड भवन, मदरसा पैरा टीचर्स का नियमन और अल्पसंख्यक कल्याण से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं। भाजपा नेताओं का कहना है कि इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर तक पहुंचा है। भाजपा का दूसरा संदेश यह है कि मुस्लिम मतदाताओं को केवल पारंपरिक राजनीतिक समीकरण के आधार पर वोट नहीं करना चाहिए, बल्कि विकास और सरकारी योजनाओं के लाभ के आधार पर भी निर्णय लेना चाहिए। स्थानीय स्तर पर सड़क, सफाई, सीवर, पानी, बाजार व्यवस्था और क्षेत्रीय विकास जैसे मुद्दों को भी प्रत्याशी इन सरकारी योजनाओं के साथ जोड़कर मतदाताओं तक पहुंच रहे हैं।



केंद्र और राज्य सरकार ने मुस्लिम समाज के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनका लाभ समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उनका दावा है कि परकोटे के मुस्लिम बहुल इलाकों में भाजपा प्रत्याशियों को लोगों का समर्थन मिल रहा है और यह समर्थन वोट में बदलकर जीत तक पहुंचेगा।

**हमीद खान मेवाती**, प्रदेशाध्यक्ष, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा



भाजपा सरकार के समय हज हाउस, मदरसा बोर्ड और वक्फ बोर्ड भवन जैसे काम हुए। उनके मुताबिक वसुंधरा राजे सरकार के समय 1265 मदरसा पैरा टीचर्स का नियमन भी किया गया। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसकी सरकार ने अल्पसंख्यकों के लिए ठोस काम नहीं किए और मुस्लिम समाज को केवल राजनीतिक आयोजनों तक सीमित रखा।

**एम. सादिक खान**, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा

# जयपुर में चुनावी मैदान में 91 ट्रांसजेंडर वोटर, 38 वार्डों में मौजूदगी

## 95 और 71 नंबर वार्ड बने ट्रांसजेंडर मतदाताओं के सबसे बड़े ठिकाने, अकेले इन दो वार्डों में 23 वोटर

- 21 से 35 साल की उम्र वाले सबसे ज्यादा, कुल 91 में 43 मतदाता इसी आयु वर्ग के
- 24.24 लाख की मतदाता सूची में संख्या छोटी, लेकिन चुनावी तस्वीर में बढ़ी सामाजिक मौजूदगी

**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** नगर निगम चुनाव में वोटों का गणित अक्सर हजारों और लाखों में देखा जाता है, लेकिन इस बार शहर में एक छोटा-सा आंकड़ा 91 ट्रांसजेंडर का भी है। इनकी संख्या भले ही कुल मतदाताओं की तुलना में बेहद कम हो, लेकिन खास बात यह है कि ये मतदाता शहर के 38 वार्डों में मौजूद हैं। यानी ट्रांसजेंडर मतदाता किसी एक इलाके या एक-दो वार्ड तक सीमित नहीं हैं। अलग-अलग हिस्सों में उनकी मौजूदगी दर्ज है। हालांकि कई वार्डों में इनकी संख्या केवल एक है, लेकिन कुछ वार्ड ऐसे भी हैं, जहां यह संख्या दो अंकों तक पहुंचती है। यही वजह है कि मतदाता सूची का यह आंकड़ा सामान्य चुनावी गणित से अलग एक सामाजिक तस्वीर पेश करता है।

### सबसे ज्यादा ट्रांसजेंडर

शहर में सबसे ज्यादा ट्रांसजेंडर मतदाता वार्ड 95 में 12 हैं। इसके बाद वार्ड 71 में 11 और वार्ड 52 में 9 मतदाता हैं। वार्ड 119 में 7, जबकि वार्ड 104 और 118 में 6-6 ट्रांसजेंडर मतदाता दर्ज हैं। वार्ड 124 में इनकी संख्या 4 है।

### सबसे बड़ा वर्ग 21 से 35 की उम्र वालों का

आंकड़ों का सबसे दिलचस्प हिस्सा ट्रांसजेंडर मतदाताओं की उम्र है। 91 मतदाताओं में सबसे बड़ा वर्ग 21 से 35 की उम्र वालों का है। इस आयु वर्ग में 43 मतदाता दर्ज हैं। यानी कुल ट्रांसजेंडर मतदाताओं में करीब आधे इसी उम्र के हैं। इसके बाद 36 से 60 वर्ष की उम्र वाले 35 मतदाता हैं। 60 वर्ष से अधिक उम्र के 9 और 18 से 20 वर्ष के 4 मतदाता सूची में दर्ज हैं। ट्रांसजेंडर मतदाताओं की तस्वीर मुख्य रूप से युवा और मध्यम आयु वर्ग की है। वार्ड 95 इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। यहां कुल 12 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं, जिनमें 8 की उम्र 21 से 35 वर्ष के बीच है। वार्ड 71 में 11 में से 7 मतदाता इसी आयु वर्ग के हैं। वार्ड 52 में 9 में से 5 मतदाता 36 से 60 वर्ष के हैं।

### सात वार्डों में ही आधे से अधिक मतदाता

ट्रांसजेंडर मतदाताओं का वितरण समान नहीं है। आंकड़ों के मुताबिक सबसे ज्यादा संख्या वाले सात वार्डों में 95, 71, 52, 119, 104, 118 और 124 में कुल 55 ट्रांसजेंडर मतदाता दर्ज हैं। यानी 91 में से आधे से ज्यादा मतदाता इन्हीं सात वार्डों में है। वार्ड 95 में 12, वार्ड 71 में 11 और वार्ड 52 में 9 मतदाता होने के कारण ये तीन वार्ड सबसे अलग दिखाई देते हैं। इसके बाद वार्ड 119 में 7 तथा वार्ड 104 और 118 में 6-6 मतदाता हैं। इसके विपरीत कई वार्डों में केवल एक-एक ट्रांसजेंडर मतदाता दर्ज है। वार्ड 6, 16, 17, 37, 42, 44, 51, 58, 72, 90, 101, 105, 117, 120, 121, 126, 128, 136, 140, 141, 147 और 148 सहित कई वार्डों में संख्या एक है। कुछ वार्डों में दो-दो मतदाता भी दर्ज हैं। इनमें वार्ड 7, 69, 133 और 143 शामिल हैं, जबकि वार्ड 55 में तीन मतदाता दर्ज हैं।

# पहले चरण के मतदान के बीच जयपुर में आज सीएम भजनलाल का रोड शो

- सांगानेरी गेट से चांदपोल हनुमान मंदिर तक होगा रोड शो
- भाजपा ने कार्यकर्ताओं को जुटने का दिया निर्देश



**जयपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** नगर निकाय चुनाव के पहले चरण के मतदान के बीच मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को जयपुर में रोड शो करेंगे। भाजपा ने रोड शो को चुनाव प्रचार के अंतिम दौर में शक्ति प्रदर्शन के तौर पर तैयार किया है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में निकाले जाने वाले रोड शो में भाजपा के पार्षद प्रत्याशी, पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। भाजपा के अनुसार रोड शो 9 सितंबर को सुबह 10 बजे सांगानेरी गेट से शुरू होगा। यहां से मुख्यमंत्री का काफिला बड़ी चौपड़, छोटी चौपड़ होते हुए चांदपोल हनुमान मंदिर तक पहुंचेगा। पार्टी ने सभी पार्षद प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं को सांगानेरी गेट पर पहुंचकर मुख्यमंत्री का स्वागत करने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में पहले चरण के मतदान के बीच मुख्यमंत्री का जयपुर रोड शो पार्टी के लिए खास मायने रखता है। परकोटा के प्रमुख बाजारों और व्यस्त मार्गों से गुजरने वाले इस रोड शो के जरिए भाजपा चुनावी माहौल को अपने पक्ष में करने का प्रयास करेगी। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। भाजपा इसे चुनावी अभियान के महत्वपूर्ण कार्यक्रम के रूप में देख रही है। वहीं मुख्यमंत्री के रोड शो को लेकर पार्टी प्रत्याशियों और संगठन के स्थानीय पदाधिकारियों में भी उत्साह है।

# ऑफ सीजन में गर्म हुई चुनावी रसोई

## करीब 600 चुनाव कार्यालयों पर हलवाई-कैटरर्स और टेंट कारोबारियों को काम

### करीब 5 हजार लोगों को मिला रोजगार

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** नगर निगम चुनाव का मौसम शहर के उन कारोबारियों के लिए रोजगार की सौगात लेकर आया है, जिनके लिए यह समय आमतौर पर ऑफ सीजन माना जाता है। प्रत्याशियों के चुनावी कार्यालय खुलने के साथ ही हलवाई-कैटरर्स, मैरिज गार्डन और टेंट कारोबारियों के काम में तेजी आ गई है। शहर में करीब 723 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं और इनमें से लगभग 600 प्रत्याशियों के कार्यालयों पर भोजन, टेंट और अन्य व्यवस्थाओं की



जिम्मेदारी स्थानीय कारोबारियों को मिली है और करीब पांच हजार लोगों को कैटरिंग के व्यापार के लिहाज से ऑफ सीजन माने जाने वाले इस समय में रोजगार मिला हुआ है।

जयपुर विवाह स्थल समिति के अध्यक्ष भवानी शंकर माली के अनुसार एक प्रत्याशी के कार्यालय पर औसतन 8 से 10 हलवाई-कैटरर्स काम कर रहे हैं। ऐसे में नगर निगम चुनाव में करीब 5 हजार हलवाई-कैटरर्स को रोजगार मिलने का अनुमान है। जयपुर में करीब एक हजार मैरिज गार्डन हैं, जिनमें से लगभग 200 मैरिज गार्डनों में चुनावी कार्यालय बनाए गए हैं।

### 150 से 200 कार्यकर्ताओं के लिए रोजाना खाना

चुनावी कार्यालयों में कार्यकर्ताओं के लिए भोजन की व्यवस्था भी बड़े स्तर पर की जा रही है। एक प्रत्याशी के कार्यालय पर प्रतिदिन करीब 150 से 200 लोगों के लिए भोजन तैयार हो रहा है। दाल, रोटी, पूड़ी और मिठाई प्रमुख रूप से परोसी जा रही है। हलवाई कारोबारियों के अनुसार दाल-रोटी-पूड़ी करीब 100 रुपए प्रति प्लेट और मिठाई शामिल होने पर खर्च करीब 150-200 रुपए प्रति प्लेट तक पहुंच रहा है।

### टेंट कारोबारियों को भी मिला बड़ा काम

चुनावी कार्यालयों में कार्यकर्ताओं के बैठने और गर्मी से बचाव के लिए टेंट कारोबारियों की सेवाएं ली जा रही हैं। यहां कारपेट, गद्दे, कूलर, पंखे और मंच सहित तमाम व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इससे टेंट कारोबारियों को भी ऑफ सीजन में अतिरिक्त कारोबार मिल गया है।

### मतदान के दिन भी फूड पैकेट की तैयारी

11 सितंबर को मतदान के दिन भी प्रत्याशियों की ओर से कार्यकर्ताओं के लिए खाने की व्यवस्था की जाएगी। हर प्रत्याशी मतदान केंद्रों के अंदर और बाहर तैनात करीब 60 से 100 कार्यकर्ताओं के लिए फूड पैकेट तैयार करवा रहा है। एक फूड पैकेट पर करीब 100 रुपए खर्च का अनुमान लगाया जा रहा है। इससे मतदान के दिन भी कैटरिंग वालों को अच्छा काम मिलने की उम्मीद है।

### चुनाव बना ऑफ सीजन का सहारा

मैरिज गार्डन, कैटरिंग और टेंट कारोबार से जुड़े कारोबारियों का कहना है कि मानसून के चलते काम बहुत ही कम रहता है, लेकिन निकाय चुनाव ने कारोबार की रफ्तार बढ़ा दी है। प्रत्याशियों के कार्यालयों से लेकर मतदान दिवस तक भोजन, बैठने और अन्य व्यवस्थाओं के लिए बड़ी संख्या में लोगों की जरूरत पड़ रही है। ऐसे में चुनावी खर्च सीधे स्थानीय छोटे-बड़े कारोबारियों तक पहुंच रहा है। इन सब व्यवस्थाओं पर शहर में रोजाना करीब 30 करोड़ रुपए तक का खर्च होने का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि यह आंकड़ा बाजार से जुड़े कारोबारियों का अनुमान है, इसका आधिकारिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है।

# जयपुरिया अस्पताल में व्यवस्थाएं सुधारने के दावे, जद्दोजहद कर रहे मरीज-परिजन

## अधीक्षक के कार्यालय के सामने हेल्प की कुर्सी खाली, काउंटर के चक्कर लगा रहे वृद्धजन

## बिना सूचना सीनियर सिटीजन डीडीसी बंद, इमरजेंसी में एक्स-रे मशीन एक सप्ताह से खराब

## ओपीडी का क्यू मैनेजमेंट सिस्टम भी ठप, चिकित्सा शिक्षा सचिव की व्यवस्थाओं पर कर्मचारियों ने फेरा पानी

महानगर टाइम्स संवाददाता









**जयपुर।** राजधानी के सरकारी अस्पतालों में व्यवस्थाएं सुधारने के दावे भले ही लगातार किए जा रहे हों, लेकिन हकीकत मरीजों की परेशानी के रूप में सामने आ रही है। मालवीय नगर स्थित जयपुरिया अस्पताल में इन दिनों मरीजों और उनके परिजनों को इलाज के बाद दवाइयों व जांच के लिए भी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। अस्पताल प्रशासन की व्यवस्थाओं पर सवाल तब और गंभीर हो जाते हैं, जब अधीक्षक के कार्यालय के सामने ही में आई हेल्प यू सेंटर की कुर्सी आमजन के लिए खाली नजर आती है, जबकि दो कर्मचारी अधीक्षक कक्ष के बाहर तैनात दिखाई देते हैं। काफी समय से अस्पताल प्रशासन ने बिना किसी पूर्व सूचना के सीनियर सिटीजन के लिए संचालित डीडीसी काउंटर बंद कर दिया। दवा लेने पहुंचे बुजुर्ग खाली काउंटर देखकर इधर-उधर भटकते रहे। कई वृद्धजन डीडीसी काउंटर के चक्कर लगाते रहे, लेकिन उन्हें यह बताने वाला तक नहीं मिला कि काउंटर क्यों बंद है और दवाइयां कहां से मिलेंगी। ऐसे में सवाल उठता है कि जब अस्पताल मुखिया के सामने ही हेल्प सेंटर प्रभावी नहीं है तो अस्पताल के दूसरे हिस्सों में मरीजों की मदद की स्थिति क्या होगी? सीनियर सिटीजन डीडीसी काउंटर को अचानक बंद किए जाने की वजह अस्पताल प्रशासन की ओर से काउंटर परिसर में सांप निकलना बताई गई है। लेकिन सवाल यह है कि एक सांप निकलने के बाद काउंटर को हमेशा के लिए बंद करना ही एकमात्र समाधान है। अगर सुरक्षा कारणों से काउंटर बंद किया गया तो वैकल्पिक डीडीसी काउंटर की व्यवस्था क्यों नहीं की गई? क्या सांप निकलने के बाद पूरे परिसर की सुरक्षा जांच कराकर समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया जा सकता था? डीडीसी पर दवा लेने आने वाले अधिकांश मरीज बुजुर्ग और जरूरतमंद हैं। ऐसे में उन्हें एक काउंटर से दूसरे काउंटर तक भटकाना अस्पताल की व्यवस्था है या बुजुर्गों की परीक्षा? एक तरफ चिकित्सा शिक्षा विभाग मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने, अस्पतालों में व्यवस्था मजबूत करने और मरीजों की परेशानी कम करने के निर्देश दे रहा है, वहीं दूसरी ओर जयपुरिया अस्पताल में दवा काउंटर बंद, दवाइयां उपलब्ध नहीं, एक्स-रे मशीन खराब, क्यू मैनेजमेंट सिस्टम बंद व हेल्प सेंटर की कुर्सी खाली जैसे हालात इन निर्देशों की जमीनी हकीकत पर सवाल खड़े कर रहे हैं। अब सवाल यह है कि अस्पताल प्रशासन व्यवस्था सुधारने के लिए इंतजार किसका कर रहा है।

### एक्स-रे बंद होने पर मरीज भेजे जा रहे दूसरे छोर पर

जयपुरिया अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर शुरू होने के बावजूद इमरजेंसी में मरीजों की जांच व्यवस्था सवालों के घेरे में है। इमरजेंसी में लगी एक्स-रे मशीन पिछले करीब एक सप्ताह से खराब पड़ी है। नतीजा यह है कि इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को एक्स-रे के लिए अस्पताल के दूसरे छोर तक भेजना पड़ रहा है। दुर्घटना में घायल या गंभीर मरीज के लिए यह व्यवस्था कितनी परेशानी भरी हो सकती है, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। इतना ही नहीं, शाम 7 बजे बाद सीटी स्कैन व एमआरआई जैसी जांचों की उपलब्धता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में ट्रोमा सेंटर की सुविधा शुरू करने के दावों और जमीन पर मौजूद व्यवस्था के बीच बड़ा अंतर नजर आता है।

### काउंटर पर 40 फीसदी से ज्यादा दवा अनुपलब्ध

ओपीडी में प्रतिदिन करीब 1800 से 2000 मरीज पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों से परामर्श मिलने के बाद मरीजों की अगली उम्मीद अस्पताल की दवा वितरण व्यवस्था से होती है, लेकिन यहां भी मरीजों को निराशा हाथ लग रही है। सूत्रों के अनुसार डीडीसी काउंटर पर 40 फीसदी से अधिक दवाइयां अनुपलब्ध (एनए) यानी नॉट अवेलेबल चल रही हैं। मौसमी बीमारियों के दौर में स्थिति और चिंताजनक है। खांसी, जुकाम, बुखार व वायरल संक्रमण के मरीजों को सामान्य तौर पर दी जाने वाली एंटी एलर्जी, कैल्शियम, कफ सिरप सहित कई दवाइयां काउंटर पर उपलब्ध नहीं होने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

### अव्यवस्थित कतारों में मरीज

अस्पताल में मरीजों की भीड़ को व्यवस्थित करने और उन्हें लंबी कतारों से राहत देने के लिए लगाया गया क्यू मैनेजमेंट सिस्टम भी बंद पड़ा है। रोजाना हजारों मरीजों की ओपीडी के बीच सिस्टम के बंद होने से मरीजों और परिजनों को अव्यवस्थित कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। अधिकांश जगह क्यू मैनेजमेंट सिस्टम की टीवी तक बंद नजर आई।

# मतदान दिवस पर आदर्श आचार संहिता की पालना करने के दिए निर्देश

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** निकाय चुनावों के पहले चरण के चुनाव के साथ ही अब जिले में आचार संहिता की कड़ी अनुपालना करने के आदेश जारी किए गए है, इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों व अभ्यर्थियों को निर्देश जारी किए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी संदेश नायक ने ने मतदान प्रक्रिया में मतदाताओं को बिना किसी दबाव, परेशानी व बाधा के अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए निर्भय वातावरण उपलब्ध कराया जाने के आदेश दिए हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दल व अभ्यर्थी निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकारियों के साथ सहयोग करने के लिए आदेश दिए हैं। निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आचार संहिता की अनुपालना के लिए सभी राजनीतिक दल अपने अधिकृत कार्यकर्ताओं को उपयुक्त पहचान-पत्र उपलब्ध करवाएं। मतदाताओं को दी जाने वाली पहचान पर्चियां सादे सफेद कागज पर हों और उन पर किसी राजनीतिक दल, अभ्यर्थी व चुनाव चिह्न का उल्लेख नहीं किया जाए। मतदान दिन और उससे पहले के 48 घंटों के दौरान किसी को शराब पेश व वितरित नहीं की जाए। मतदान केंद्रों के निकट लगाए गए कैम्पों पर अनावश्यक भीड़ जमा नहीं होने दी जाए, ताकि विभिन्न दलों व अभ्यर्थियों के कार्यकर्ताओं व समर्थकों के बीच तनाव और संघर्ष की स्थिति उत्पन्न ना हो। साथ ही किसी दल व अभ्यर्थी की ओर से प्रतिद्वंद्वी दल के सदस्यों, नेताओं व अन्य अभ्यर्थियों के पुतले लेकर चलने, उन्हें सार्वजनिक स्थान पर जलाने और ऐसे प्रदर्शनों का समर्थन करने से बचा जाए। मतदान दिवस पर वाहनों के संबंध में निर्धारित निर्वाचन नियमों का पालन करते हुए अधिकारियों से परमिट लें।

# निकाय चुनाव के लिए मतदान योद्धा रवाना, पहला चरण आज

**18 नगरीय निकायों में 565 बूथों पर सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान**

महानगर टाइम्स संवाददाता



### निर्वाचन सामग्री, प्रशिक्षण व परिवहन की व्यवस्थाएं

भवानी निकेतन के प्रांगण में अलग-अलग दलों के लिए सभी तैयारियां भी अलग अलग की गई। खाने से लेकर पानी व ईवीएम मशीनों के आवंटन को पूरी तरह से व्यवस्थित किया गया। दलों को लेकर रवानगी के लिए बसों को भी नंबर से लगाया गया। दलों के आवंटन भी एरिया के अनुसार और दलों की संख्या व दूरी के अनुसार किया गया था। मतदाताओं के लिए मतदान कक्ष में प्रवेश और निकास की अलग से व्यवस्था रखने पर भी जोर दिया गया। रवानगी स्थल पर निर्वाचन सामग्री, प्रशिक्षण व परिवहन की व्यवस्थाएं की गई थीं। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीणा, एडीएम प्रथम राजीव द्विवेदी, एडीएम द्वितीय युगांतर शर्मा, एडीएम तृतीय देवयानी व एडीएम चतुर्थ आशीष कुमार सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।

**जयपुर।** नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के पहले चरण के तहत बुधवार को होने वाले मतदान की तैयारियों के तहत मंगलवार को राजधानी के भवानी निकेतन फार्मेसी कॉलेज से मतदान दलों की रवानगी हुई। यहां जिले भर से आए कर्मचारियों की भीड़ जमा रही। सभी को उनके कार्यक्षेत्र के बारे में समझाकर ईवीएम मशीनें सुपुर्द की गई। विभिन्न मतदान केन्द्रों की ओर जाने के लिए यहां बसों का इंतजाम प्रशासन की ओर से पहले ही किया गया था। जिले के 18 नगरीय निकायों के 565 मतदान केंद्रों पर बुधवार को वोट डाले जाएंगे। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। इससे पहले इन विभिन्न स्थानों से टीमों को भवानी निकेतन में बुलाया गया था। पहले चरण में नगर परिषद शाहपुरा व चौमूं के साथ 16 नगर पालिकाओं में मतदान होना है। इनमें मनोहरपुर, फुलेरा, सांभर, जोबनेर, खेजरोली, जमवारामगढ़, नारायणा, किशनगढ़-रेनवाल, बगरू, कालाडेरा, दूदू, चाकसू, फागी, वाटिका, कानोता व बस्सी शामिल हैं। मतदान दलों को कार्यक्रम के तहत अलग-अलग पारियों में बुलाया गया था, इसी प्रकार से इनकी रवानगी भी की गई। उन्हें निर्वाचन सामग्री उपलब्ध कराने के साथ ईवीएम मशीनों के संचालन की सभी जानकारियां दी गई। साथ ही प्रशिक्षण भी दिया गया था। मंगलवार को सुबह आठ बजे से इन दलों की रवानगी शुरू हुई। इन्हें दो पारियों में रवाना किया गया। पहली पारी में सुबह आठ बजे से और दूसरी पारी में दोपहर 2 बजे तक मतदान दलों को रवाना किया गया। मतदान दलों की रवानगी से पहले जिला निर्वाचन अधिकारी संदेश नायक ने मतदान कार्मिकों से कहा कि स्वतंत्र, शांतिपूर्ण मतदान कराना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है, इसके लिए सभी कार्मिकों की समान जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों को मतदान केंद्र पर पहुंचते ही भवन का बारीकी से निरीक्षण करने और मॉडल मतदान केंद्र ले-आउट के अनुसार व्यवस्थाएं करने का मार्गदर्शन दिया। साथ ही ईवीएम की सुरक्षा व मतदान की गोपनीयता को लेकर भी विशेष सावधानी बरतने को कहा। बैलेट यूनिट को वोटिंग कंपार्टमेंट में उचित स्थान पर रखने, कंट्रोल यूनिट के पर्याप्त दूरी रखने और दोनों को जोड़ने वाली केबल को इस तरह व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए।

# दोनों चरणों में चुनाव ड्यूटी के लिए 1497 वाहनों का अधिग्रहण

**पहले चरण में 236 वाहन व 90 जीप-कार और दूसरे चरण में 946 वाहन व 225 जीप-कार अधिग्रहित**

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** नगर निकाय चुनाव के पहले और दूसरे चरण के मतदान को लेकर परिवहन विभाग ने चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। मतदान दलों, अतिरिक्त मतदान दलों और सेक्टर मजिस्ट्रेटों की आवाजाही के लिए बड़ी संख्या में वाहनों का अधिग्रहण किया गया है। दोनों चरणों में कुल 1497 वाहन चुनाव ड्यूटी के लिए अधिग्रहित किए गए हैं। पहले चरण में मतदान दल और अतिरिक्त मतदान दलों के लिए 236 मिनी बस, बड़ी बस, जीप और जीप-कार अधिग्रहित की गई हैं। वहीं सेक्टर मजिस्ट्रेटों के लिए 90 जीप और जीप-कार अधिग्रहित की गई हैं। इन वाहनों से मतदान दलों और अतिरिक्त मतदान दलों को मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जा रहा है।

### तीन दिन तक चुनाव ड्यूटी में रहेंगे वाहन

परिवहन विभाग के अनुसार अधिग्रहित किए गए सभी वाहनों को करीब तीन दिन या चुनाव स्थिति तक चुनाव ड्यूटी में रखा जाएगा। मतदान दलों को निर्धारित मतदान केंद्रों तक पहुंचाने, मतदान के बाद वापस लाने तथा सेक्टर मजिस्ट्रेटों की आवाजाही में इन वाहनों का इस्तेमाल किया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद वाहनों का अधिग्रहण रहेगा।

### दूसरे चरण में बढ़ी वाहनों की संख्या

दूसरे चरण के नगर निगम 150 वार्डों के चुनाव के लिए परिवहन विभाग ने बड़े स्तर पर वाहन अधिग्रहण की कार्रवाई की है। मतदान दल और अतिरिक्त मतदान दलों के लिए 946 वाहन अधिग्रहित किए गए हैं। इनमें बड़ी बस, मिनी बस और जीप शामिल हैं। इसके अलावा सेक्टर मजिस्ट्रेटों के लिए 225 जीप और जीप-कार अधिग्रहित की गई हैं।

**मुस्लिम वोटरों के बीच केंद्रीय मंत्री का कांग्रेस पर हमला**

# राजनीतिक फायदे के लिए कांग्रेस किसी भी सीमा तक जा सकती है : शेखावत

महानगर टाइम्स संवाददाता



### 'कांग्रेस ने जोधपुर को बांटने की कोशिश की'

केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस राजनीतिक लाभ के लिए समाज को बांटने की राजनीति करती रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने नगर निगम को बांटकर जोधपुर को भी बांटने की कोशिश की। शेखावत ने उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश का उदाहरण देते हुए कहा कि मुस्लिम मतदाताओं ने जहां कांग्रेस से दूरी बनाई, वहां पार्टी कमजोर हुई।

### 'मोदी सरकार में धर्म पूछकर योजनाएं नहीं मिलीं'

शेखावत ने कहा कि 2014 के बाद केंद्र की योजनाओं का लाभ देते समय किसी से उसका धर्म नहीं पूछा गया। गैस कनेक्शन, सड़क और अन्य सुविधाएं सभी को मिलीं। उन्होंने 2014 के जोधपुर तनाव का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय वे हिंदू-मुस्लिम दोनों समुदायों के बीच पहुंचे थे और दोनों को अपनी आंखों के बराबर बताया था।

**जयपुर/जोधपुर।** केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार रात जोधपुर में मुस्लिम मतदाताओं के बीच कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। बकरा मंडी-सिवांची गेट क्षेत्र में वार्ड 29 की भाजपा प्रत्याशी रुबीना और वार्ड 30 की प्रत्याशी कंचन भाटी के समर्थन में आयोजित सभा में शेखावत ने कहा कि मुस्लिम समाज लंबे समय से कांग्रेस को वोट देता आया है, लेकिन इससे मुस्लिम परिवारों के जीवन में अपेक्षित बदलाव नहीं आया। शेखावत ने कहा कि कांग्रेस ने मुस्लिम मतदाताओं के वोट को अपनी जेब में रखे नोट की तरह इस्तेमाल किया। उन्होंने सवाल किया कि जिन लोगों को वार्ड प्रतिनिधि से लेकर मुख्यमंत्री तक चुनकर भेजा गया, उनके जीवन में बदलाव आया, लेकिन मुस्लिम परिवारों और उनके बच्चों की जिंदगी में कितना बदलाव आया?

# राजस्थान कॉलेज में क्लासरूम का प्लास्टर गिरा, छात्रों ने किया प्रदर्शन

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** राजस्थान कॉलेज के क्लासरूम में मंगलवार को अचानक छत का प्लास्टर गिरने से छात्रों में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई छात्र घायल नहीं हुआ। घटना के बाद छात्रों ने कॉलेज भवन की जर्जर स्थिति को लेकर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। छात्रों का आरोप है कि कॉलेज भवन की खराब हालत को लेकर प्रशासन को कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद मरम्मत और रखरखाव को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई गई। छात्रों ने कहा कि यदि प्लास्टर किसी छात्र के ऊपर गिर जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के विरोध में छात्र नेता लक्ष्यराज और आदित्य के नेतृत्व में छात्रों ने कॉलेज परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भवन की स्थिति में सुधार की मांग की। छात्रों का आरोप है कि जर्जर भवन में पढ़ाई के बावजूद उनकी सुरक्षा को लेकर पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। छात्रों ने मांग की कि कॉलेज के सभी क्लासरूम, टॉयलेट और अन्य भवनों का तत्काल निरीक्षण कराया जाए। साथ ही, खराब हिस्सों की प्राथमिकता से मरम्मत कराई जाए। छात्रों ने चेतावनी दी कि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# वार्ड 94 : भाजपा प्रत्याशी सुनीता मेहरा ने किया सघन जनसंपर्क






महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** वार्ड 94 की भाजपा प्रत्याशी सुनीता मेहरा ने मंगलवार को रामराजपुरा, शिव सीताराम मंदिर, बड़ का चौराहा जनता नगर राखड़ी, गोविंदपुरी और गणेशपुरी में सघन जनसंपर्क किया। जहां जनता ने सुनीता पर अपार स्नेह दिखाते हुए उन्हें फलों से तौला और समर्थन की बात कही। सुनीता मेहरा ने संघ पृष्ठभूमि और सेवा भारती से जुड़ी होने के कारण महिला सुरक्षा, महिला शिक्षा, राष्ट्रवाद, धर्मपरायण और हिंदुत्व के लिए बहुत काम किया। अब वार्ड 94 को आदर्श वार्ड बनाना है। वार्ड में सड़क, पानी, बिजली, सफाई की समस्या के समाधान, महिला सुरक्षा, महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ क्षेत्र से पलायन और धर्म परिवर्तन को रोकना तथा हिंदुत्व के लिए काम करना उनका उद्देश्य है। मेहरा का कहना है कि पार्षद का पद केवल राजनीतिक जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि जनता के प्रति सेवा और जवाबदेही का दायित्व है। इनका प्रयास रहेगा कि वार्ड की प्रत्येक कॉलोनी और प्रत्येक वर्ग की समस्याओं को प्राथमिकता मिले और बिना किसी भेदभाव के सभी में समान रूप से विकास हो। समर्थकों ने बताया कि ट्रिपल इंजन की सरकार होने के कारण क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा और सुनीता मेहरा के नेतृत्व में वार्ड 94 निश्चय रूप से आदर्श वार्ड बनेगा।

# राज्यपाल ने दो भाइयों को प्रदान की विद्यावारिधि उपाधि



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय का अष्टम दीक्षांत समारोह में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में बिलोंची निवासी दो भाइयों को एक साथ पीएचडी की उपाधि मिली है। दीक्षांत समारोह का एक विशेष व गौरवपूर्ण क्षण ग्राम बिलोंची निवासी दो भाइयों राजकुमार दोतोलिया व नरेन्द्र कुमार दोतोलिया के लिए रहा। दोनों भाइयों को राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी व राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. मदन मोहन झा ने विद्यावारिधि पीएचडी की उपाधि प्रदान की। राजकुमार दोतोलिया ने डॉ. कुलदीप सिंह पालावत के मार्गदर्शन में शिक्षाशास्त्र विषय में शोधकार्य पूर्ण किया है, जबकि नरेन्द्र कुमार दोतोलिया ने डॉ. हेमन्त कृष्ण मिश्र के निर्देशन में नव्यव्याकरण विषय में अपना शोधकार्य किया है। नरेन्द्र कुमार दोतोलिया अभी केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में जनसम्पर्क अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं।

# 'हर बार फिल्म बनाने के लिए मचलती है राजस्थान की खूबसूरती'

**आगामी फिल्म 'अर्जुन नागा' की जयपुर-जैसलमेर में 40 दिन तक शूटिंग करेंगे निर्माता-निर्देशक अनिल शर्मा**

महानगर टाइम्स संवाददाता



### फिल्मकारों को शूटिंग के दौरान सुविधाएं देने के प्रयास

पर्यटन आयुक्त रुक्मणी रियाड़ ने कहा कि राज्य सरकार ने फिल्म निर्माण की संभावना देखते हुए फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति-2025 लागू की है। उन्होंने बताया कि शूटिंग से जुड़ी अनुमति आसान बनाने के लिए सिंगल-विंडो व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। सरकार की कोशिश है कि फिल्मकारों को शूटिंग के दौरान सुविधाएं मिलें। रियाड़ ने कहा कि अब लक्ष्य केवल राजस्थान को शूटिंग लोकेशन बनाना नहीं, बल्कि फिल्म निर्माण व पर्यटन को एक-दूसरे की ताकत बनाना है। फिल्म में दिखने वाले राजस्थान के दृश्य रिलीज के बाद पर्यटकों को आकर्षित करें, इसी सोच के साथ फिल्म पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**जयपुर।** राजस्थान की ऐतिहासिक विरासत, स्थापत्य व रेगिस्तान अब फिल्मों की कहानी का हिस्सा बनने के साथ प्रदेश की पर्यटन ब्रांडिंग का जरिया बन रही है। फिल्म निर्माता-निर्देशक अनिल शर्मा की आगामी फिल्म 'अर्जुन नागा' की जयपुर व जैसलमेर में करीब 40 दिन शूटिंग होगी। इस फिल्म में उत्कर्ष शर्मा, गुलशन ग्रोवर, अर्जुन रामपाल व निधि अग्रवाल प्रमुख भूमिकाओं में हैं। राजस्थान पर्यटन भवन में अधिकारियों के साथ हुई विशेष बातचीत में अनिल शर्मा ने प्रदेश की लोकेशन्स की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि मुझे राजस्थान से लगाव है। राजस्थान रहने व बसने के लिहाज और फिल्मों के लिए भी बेहद अनुकूल है। यहां की लोकेशन्स देखकर फिल्म के पर्दे पर उतारने का मन करता है। अनिल शर्मा का राजस्थान के साथ फिल्मी रिश्ता भी पुराना है। उनकी गदर–एक प्रेम कथा, अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों, वीर व ऐलान-ए-जंग जैसी फिल्मों का राजस्थान से शूटिंग संबंध रहा है। अनिल ने कहा कि फिल्मकारों के लिए किसी प्रदेश में शूटिंग की सुविधा सिर्फ खूबसूरत लोकेशन्स तक सीमित नहीं होती, जबकि स्थानीय प्रशासन व पर्यटन विभाग का सहयोग भी बेहद महत्वपूर्ण है। फिल्मकारों के लिए बड़ी ताकत बताते हुए अनिल ने कहा कि जयपुर की राजसी इमारतें, जैसलमेर का स्वर्णिम दुर्ग, थार के धोर, जोधपुर के किले, उदयपुर की झीलें व महल, पुष्कर का सांस्कृतिक परिवेश और शेखावाटी की हवेलियां अलग-अलग तरह की कहानियों के लिए शानदार पृष्ठभूमि उपलब्ध कराती हैं। राजस्थान में जोधा अकबर, उमराव जान, दिल्ली-6, बजरंगी भाईजान, ये जवानी है दीवानी, रंग दे बसंती, बाजीराव मस्तानी, वीर, गुलाल और नन्हे जैसलमेर जैसी फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है। इन फिल्मों ने प्रदेश के किलों, महलों, शहरों व ग्रामीण परिवेश को बड़े पर्दे पर पहचान दिलाई।

### हॉलीवुड तक भी पहुंची राजस्थान की बेहद खूबसूरती

राजस्थान की लोकेशन्स अंतरराष्ट्रीय फिल्मकारों को भी आकर्षित करती रही हैं। ऑक्टोपसी, द बेस्ट एग्जॉटिक मैरिगोल्ड होटल, द सेकंड बेस्ट एग्जॉटिक मैरिगोल्ड होटल, द दार्जिलिंग लिमिटेड, द फॉल, होली स्मोक, द डार्क नाइट राइजेज, वायसरॉयज हाउस, मैरिगोल्ड व वन नाइट विद द किंग जैसी अंतरराष्ट्रीय प्रस्तुतियों में राजस्थान की झलक दिखाई दी। जयपुर, उदयपुर, जोधपुर व जैसलमेर के जरिए प्रदेश की दृश्यात्मक पहचान वैश्विक दर्शकों तक पहुंची।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook Instagram X(twitter) YouTube


# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से चौकीदार और रसोइया का काम क्यों?

## हाईकोर्ट ने मामले में एसीएस, उप सचिव व निदेशक को किया तलब

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती-2024 के जरिए सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग में नियुक्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को चौकीदार व रसोइया का काम देने पर प्रशासनिक सुधार विभाग के एसीएस, उप सचिव और सामाजिक न्याय विभाग के निदेशक से जवाब मांगा है। जस्टिस गणेश राम मीणा ने यह आदेश नरेन्द्र सैनी व अन्य की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने बताया कि याचिकाकर्ता भर्ती की चयन व लिखित परीक्षा में सफल रहे, उन्होंने अच्छी मेरिट प्राप्त की। ऐसे में उन्हें सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पद पर नियुक्ति दी गई।

याचिका में कहा गया कि चतुर्थ श्रेणी के पद का काम कराने के बजाए हॉस्टल में रसोइया व चौकीदार का काम करवाया जा रहा है। जबकि उनसे कम मेरिट वाले अन्य अभ्यर्थियों को उनके इच्छित गृह जिले आवंटित कर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी



पद पर नियुक्ति दी है। अन्य अभ्यर्थियों से बेहतर मेरिट होने के बावजूद उन्हें कम पसंद का अनुचित पद दूरस्थ जगह पर आवंटित किया है। नियुक्ति के पदस्थापन में उनके साथ भेदभाव हुआ है। राज्य सरकार के प्रशासनिक सुधार विभाग के परिपत्र के अनुसार मेरिट-कम-प्रेफरेंस के आधार पर पोस्टिंग व आवंटन का प्रावधान है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से रसोइया का काम नहीं करवाया जा सकता, क्योंकि दोनों की वेतन श्रृंखला में अंतर है। वहीं समान भर्ती में अन्य विभाग में नियुक्त कर्मचारियों से चतुर्थ श्रेणी का ही काम करवाया जा रहा है, लेकिन उन्हें मेरिट के अनुसार न नियुक्ति दी और न ही जिला आवंटित किया, जो गलत है। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

### पत्नी के गबन की राशि चुकाने को पति मजबूर नहीं, पूर्व महिला सरपंच के पति को राहत

उधर, हाईकोर्ट ने अन्य मामले में कहा कि कोई जन-प्रतिनिधि अपने शर्मनाक काम या किसी गलत व्यवहार के लिए खुद जिम्मेदार और जवाबदेह होता है। उसके खिलाफ कोई रिकवरी की कार्यवाही शुरू होती है तो बकाया रकम चुकाने और जमा करने को वह अकेला जिम्मेदार होता है। जस्टिस अनूप कुमार ने यह आदेश बूंदी निवासी राम लक्ष्मण मीणा की याचिका पर दिए। अदालत ने कहा कि पति और पत्नी स्वतंत्र कानूनी इकाइयां हैं। एक के कृत्य या कथित अनियमितता की जिम्मेदारी दूसरे पर तब तक नहीं डाली जा सकती, जब तक कि उसकी संलिप्तता साबित न हो। इसके साथ ही अदालत ने मामले में प्रार्थी और पूर्व महिला सरपंच के पति को राहत देते समय संबंधित अफसरों को निर्देश दिया कि वह उसे आगामी पंचायती राज चुनाव लड़ने के लिए तत्काल एनओसी जारी करें।

### पंचायत चुनाव के लिए एनओसी से इनकार

याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता फलेन्डा पंचायत से आगामी चुनाव लड़ना चाहता है, लेकिन अफसर एनओसी जारी नहीं कर रहे, क्योंकि उसकी पत्नी साल 1995 से 2000 में फलेन्डा पंचायत की सरपंच रहीं थीं। उसकी पत्नी के खिलाफ जांच के बाद वसूली आदेश जारी किया, लेकिन वह बकाया राशि जमा नहीं करा पाई और संपत्ति की नीलामी की कार्रवाई शुरू हुई। इसके खिलाफ हाईकोर्ट में उसने याचिका लगाई और अदालत ने सितंबर 2009 में अंतरिम आदेश से यह कार्रवाई रोक दी। उसकी याचिका लंबित है, लेकिन अफसर उसकी पत्नी की बकाया राशि नहीं चुकाने के कारण उसे एनओसी नहीं दे रहे। इसके चलते वह चुनाव प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पा रहा।

### जीवन साथी के गलत व्यवहार के लिए जिम्मेदार नहीं

*जस्टिस अनूप कुमार की अदालत ने कहा कि इस मामले में याचिकाकर्ता अपनी पत्नी की बकाया रकम के लिए ना तो जमानत देने वाला है और ना ही गारंटर है। यह राज्य सरकार व पूर्व महिला सरपंच के बीच का अलग व स्वतंत्र मामला है। अदालत ने अफसरों के रवैये पर अफसोस जताते हुए कहा, उन्होंने याचिकाकर्ता को उसकी पूर्व सरपंच पत्नी की बकाया रकम जमा कराने को मजबूर किया, जबकि उसे जीवन साथी के गलत व्यवहार के लिए तब तक जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते, जब तक कि वे खुद उसमें शामिल न रहे हों।*

---

## महिला पॉलिटेक्निक में रिक्त सीटों पर 14 तक सीधे प्रवेश का अंतिम अवसर

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जयपुर में डिप्लोमा एवं डिग्री पाठ्यक्रमों में रिक्त रही सीटों पर सीधे प्रवेश का अंतिम अवसर 14 सितंबर 2026 तक रहेगा। महाविद्यालय की प्राचार्या शालिनी गुप्ता ने बताया कि प्रथम एवं द्वितीय वर्ष इंजीनियरिंग, नॉन-इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष तथा प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के डिग्री पाठ्यक्रमों में कुछ सीटें अभी रिक्त हैं। इच्छुक छात्राएं/महिलाएं निर्धारित तिथि तक महाविद्यालय में मूल दस्तावेज एवं निर्धारित शुल्क के साथ कार्यालय समय में संपर्क कर प्रवेश प्राप्त कर सकती हैं। महाविद्यालय में कॉमर्शियल आर्ट, ब्यूटी कल्चर, टेक्सटाइल डिजाइन, कॉस्ट्यूम डिजाइन एंड ड्रेस मेकिंग, मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट तथा कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित हैं। इसके अतिरिक्त बीएफए, बीवीई एवं बी.डेस. इन टेक्सटाइल डिजाइन के चार वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रमों में भी कुछ सीटें रिक्त हैं। महिलाओं को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ये पाठ्यक्रम उपयोगी हैं। इच्छुक छात्राएं इस अंतिम प्रवेश अवसर का लाभ उठा सकती हैं।

---

वन विभाग की टीम ने साढ़े तीन घंटे किया रेस्क्यू

# मॉर्निंग वॉक के दौरान पेड़ पर पैंथर दिखा तो मचा हड़कंप

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर/कोटा।** कोटा शहर के नयापुरा स्थित छत्र विलास गार्डन में मंगलवार सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान करीब 40-50 फीट ऊंचे जामुन के पेड़ पर पैंथर दिखने पर लोगों में हड़कंप मच गया। इस पर लोगों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लोगों की सुरक्षा को देखते हुए गार्डन खाली करवाया। इसके बाद पेड़ पर बैठे पैंथर को पकड़ने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। वन विभाग की टीम ने करीब साढ़े तीन घंटे की मशक्कत के बाद सफलता पूर्वक रेस्क्यू कर लिया। करीब 40-50 फीट ऊंचे जामुन के पेड़ पर बैठे पैंथर को ट्रैंकुलाइज करने के लिए चार बार किए गए प्रयास घने पत्तों के कारण विफल रहे। पांचवीं बार क्रेन की मदद से डार्ट



पैंथर को लगा और करीब 20 मिनट बाद वह बेहोश होकर नीचे लगाए गए जाल में गिर गया। रेस्क्यू के बाद पैंथर को वन विभाग के नयापुरा स्थित कार्यालय ले जाया गया, जहां उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। उसकी स्वास्थ्य स्थिति के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। वन विभाग के अनुसार उक्त मादा लेपर्ड को गत 6 अगस्त को रेस्क्यू कर जन्तुआलय कोटा लाया गया था। उसे जन्तुआलय के पुराने लेपर्ड पिंजरे में रखा गया था। 8 सितंबर की सुबह पैंथर पिंजरे की खिड़की की जाली तोड़कर बाहर निकल गया और पास स्थित सीवी गार्डन पहुंच गया। घटना के संबंध में मुख्य वन संरक्षक व क्षेत्र निदेशक, मुकुन्दरा हिल्स टाइगर रिजर्व के स्तर से उप वन संरक्षक उड़नदस्ता को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। मामले में जांच कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

### 13 फीट लंबे अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जमवारामगढ़।** जयपुर जिले के जमवारामगढ़ क्षेत्र की रायसर रेंज के ग्राम महंगीर में मंगलवार को खेत में करीब 13 फीट लंबा विशाल अजगर दिखाई देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। अजगर को खेत में देखकर ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही रायसर रेंजर पंकज शर्मा के निर्देश पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग की टीम ने इको रेस्क्यू फाउंडेशन के सहयोग से अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू किया। रेस्क्यू टीम में वनपाल हरि सिंह, वनरक्षक ज्योति कुमारी, सुनीता यादव, यादराम गुर्जर और रवि किशन शामिल रहे। इको रेस्क्यू फाउंडेशन की ओर से डॉ. गौरव चौधरी और लक्ष्मण वर्मा ने सहयोग किया। रेस्क्यू के बाद अजगर को जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया। अजगर के सुरक्षित रेस्क्यू के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

---

## 27 साल पहले रिटायर जज के पेंशन परिलाभ देने के आदेश

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने 27 साल पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद से रिटायर याचिकाकर्ता को दो सप्ताह में पेंशन सहित अन्य परिलाभ ब्याज सहित अदा करने को कहा है। जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस चन्द्र शेखर शर्मा की खंडपीठ ने यह आदेश मातादीन गर्ग की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने कहा कि यदि किसी दस्तावेज पर याचिकाकर्ता के हस्ताक्षर जरूरी हैं तो उसकी उम्र को ध्यान में रखते हुए रजिस्ट्री के अधिकारी को उनके निवास पर भेजकर हस्ताक्षर कराए गए। अदालत ने कहा कि यदि तय अवधि में बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाता है तो याचिकाकर्ता को 12 फीसदी ब्याज सहित भुगतान किया जाएगा और इस अतिरिक्त राशि की वसूली संबंधित अधिकारी से की जाएगी।

याचिका में अधिवक्ता सोगत रॉय ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता मार्च, 1999 में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद से रिटायर हुआ था। रिटायर होने के दो साल तक सरकारी भवन खाली नहीं करने पर संपदा निदेशक से हाईकोर्ट प्रशासन को पत्र लिखा था। जिसमें कहा गया था कि उसकी ग्रेच्युटी में से 57 हजार 454 रुपए काटकर शेष राशि जारी कर दी जाए। इसके बावजूद भी याचिकाकर्ता को 27 साल बीतने के बाद भी याचिकाकर्ता को शेष बकाया राशि और पेंशन जारी नहीं दी गई। इस संबंध में याचिकाकर्ता की ओर से संबंधित अधिकारियों को कई बार अभ्यावेदन भी दिया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। याचिकाकर्ता 81 साल का सीनियर सिटीजन है और ग्रेच्युटी राशि रुकने से वह प्रभावित हो रहा है।

ऐसे में उसे बकाया राशि दिलाई जाए। जिसके जवाब में हाईकोर्ट प्रशासन की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ता की सेवा अवधि करीब आठ साल की ही रही है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि याचिकाकर्ता केवल अपनी रैंक के अनुसार वरिष्ठता के अधिकार होंगे और सेवा में शामिल होने से पूर्व किसी भी वेतन के हकदार नहीं होंगे। याचिकाकर्ता की सेवा अवधि दस साल से कम होने के कारण वह पेंशन और ग्रेच्युटी की पात्रता को पूरी नहीं करता है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने याचिकाकर्ता को पेंशन सहित अन्य परिलाभ जारी करने को कहा है।

---

## डांस डायरेक्टर एसोसिएशन की फैमिली सक्सेस पार्टी में एकजुटता और उत्साह




महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** डांस डायरेक्टर एसोसिएशन की ओर से आयोजित फैमिली सक्सेस इवेंट पार्टी में डांस एवं इवेंट इंडस्ट्री से जुड़े कलाकारों, डांस डायरेक्टर्स, कोरियोग्राफर्स और वरिष्ठ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों ने एक-दूसरे के साथ समय बिताया और डांस एवं इवेंट इंडस्ट्री से जुड़े अनुभव साझा किए। साथ ही आने वाले वेडिंग इवेंट्स, नए प्रोजेक्ट्स और आगामी इवेंट प्लानिंग को लेकर भी चर्चा की गई। सदस्यों ने भविष्य में और बेहतर एवं बड़े आयोजनों के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का राजस्थानी पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्यों एवं विशिष्ट अतिथियों को दुपट्टा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में सनी मार्जेस, पवन कुमार, अतुल जैक, रोहित शर्मा, विक्की नायक, लोकेश बागड़ी, सोनू लोहरा, करण राणा, नेहा विजय, साक्षी सैनी, आरजे आकांक्षा जैन, नीतू, राजेंद्र बिलोनिया, नरेंद्र टांक और अशोक सिंह सहित कई गणमान्य सदस्य एवं अतिथि मौजूद रहे।

## एमएनआईटी के रजिस्ट्रार बने भूरेंद्र सिंह

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी), जयपुर में भूरेंद्र सिंह को रजिस्ट्रार के पद पर नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही उन्हें भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी), कोटा का भी रजिस्ट्रार बनाया गया है। सिंह अभी तक एमएनआईटी, जयपुर में ज्वाइंट रजिस्ट्रार के पद पर काम कर रहे थे। सिंह 1996 से एमएनआईटी, जयपुर में विभिन्न जिम्मेदार पदों पर कार्यरत रहे हैं।



## एक्सआईएमआई में छात्र ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सेंट जेवियर्स कॉलेज जयपुर के जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इंफॉर्मेटिक्स (एक्सआईएमआई) की ओर से एमबीए एवं एमसीए बैच 2026-28 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए छात्र ओरिएंटेशन कार्यक्रम 2026-27 का आयोजन एक्सआईएमआई सिटी ऑफिस, जयपुर में किया गया।

सेंट जेवियर्स कैंपस के रेक्टर एवं मैनेजर तथा एक्सआईएमआई के चेयरपर्सन रेव. फादर जॉन रवि ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संदेश दिया। एक्सआईएमआई की निदेशक डॉ. मधु शर्मा ने विद्यार्थियों को संस्थान में अपनी शैक्षणिक यात्रा का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एक्सआईएमआई हैंडबुक 2026 का भी विमोचन किया गया।

कार्यक्रम में एक्सडीसी ग्रुप डांस एवं एक्सएफसी फैशन शो



की जीवंत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट विशेषज्ञों के ज्ञान एवं अनुभव से भी लाभान्वित होने का अवसर मिला। इनमें प्रतीक शर्मा, एसोसिएट डायरेक्टर, आईएफएस, पीडब्ल्यूसी, जयपुर तथा रितेश छाबड़ा, वाइस प्रेसिडेंट, पीएआर टेक्नोलॉजी, जयपुर शामिल रहे। कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों के साथ टॉक शो के माध्यम से विद्यार्थियों को उद्योग जगत की अपेक्षाओं तथा विभिन्न करियर अवसरों को समझने का अवसर मिला।

संस्थान की पूर्व छात्रा नंदिनी वशिष्ठ ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों के साथ छात्र जीवन एवं व्यावसायिक विकास से जुड़े अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम में प्रमाण-पत्र वितरण एवं सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें एसएक्सएसजेड डांस ग्रुप, फैशन ग्रुप एवं एक्सआईएमआई काउंसिल को सम्मानित किया गया। साथ ही, संस्थान में 15 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के लिए श्री राजू लाल को भी सम्मानित किया गया।

औपचारिक सत्र का समापन आभार ज्ञापन, राष्ट्रगान एवं सामूहिक फोटोग्राफ के साथ हुआ। कार्यक्रम के अंतिम चरण में स्टूडेंट्स काउंसिल द्वारा रोचक आइस-ब्रेकिंग सत्र एवं मैनेजमेंट गेम्स का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों के बीच आपसी परिचय, संवाद, टीमवर्क एवं सौहार्द की भावना को बढ़ावा दिया। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. स्वाति तिवारी एवं सोनाली दुबे ने किया। अक्षिता शर्मा एवं पार्थ मिश्रा ने कार्यक्रम कार्यक्रम का संचालन किया।

---

विद्यार्थियों को दी निवेश एवं साइबर अपराध से संबंधित जानकारी

# स्मार्ट निवेश जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजकीय महाविद्यालय सांगानेर में मंगलवार को महिला नीति एवं एनएसएस एवं प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से स्मार्ट निवेश जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य किशन सिंह शेखावत ने की। प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ. गणेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में डॉ. गिरीश गोयल ने निवेश एवं साइबर अपराध से संबंधित जानकारी प्रदान की। डॉ. गोयल ने भारत की अर्थव्यवस्था को विश्व की चतुर्थ बड़ी अर्थव्यवस्था बताते हुए 2026 से 2047 के युग को अमृत काल बताया जिसमें विभिन्न विदेशी निवेशकों द्वारा जो लाभ कमाया जा रहा है उसमें भारतीयों को भी पीछे नहीं रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि अपनी आय को तीन भागों में विभक्त करें जिसमें आवश्यक खर्चे, विलासिता पूर्ण खर्चे एवं बचा हुआ धन होता है।

बचत को हम बैंक एफडी, पोस्ट ऑफिस की स्कीम गोल्ड एवं जमीन आदि में लगा देते हैं, किंतु उनमें तरलता होती है तो रिटर्न कम मिलता है। गोल्ड में जोखिम होता है और कृषि भूमि में तरलता नहीं




होती। उन्होंने पूंजी, धन या संसाधनों को किसी संपत्ति, शेयर बाजार जैसे स्टॉक, बॉन्ड, म्यूचुअल फंड, सोवरेन गोल्ड बांड, रियल एस्टेट या अन्य क्षेत्रों में लगाने को प्रेरित किया ताकि भविष्य में उससे लाभ, आय या मूल्यवृद्धि प्राप्त की जा सके। निवेश आमतौर पर अकेले बचत से भिन्न होता है क्योंकि इसमें जोखिम होता है, लेकिन अच्छी योजना के साथ यह धन वृद्धि और वित्तीय सुरक्षा का साधन होता है। उन्होंने सलाह दी कि वह एसआईपी में पैसा निवेश करें अर्थात एक स्थान पर न लगाकर कई जगह पर इन्वेस्टमेंट करें ताकि उन्हें यदि कहीं हानि होती है तो अन्य जगह लाभ भी प्राप्त हो। साथ ही अनेक कंपनियों द्वारा किए गए घोटालों के बारे में बताते हुए सेबी के नंबर भी उपलब्ध करवाए ताकि अगर निवेशकों को कोई हानि होती है तो वे तुरंत इसकी क्षति पूर्ति करवा सकें। इसके बाद उन्होंने महिला नीति के अंतर्गत साइबर अपराध के बारे में अनेक उदाहरण देते हुए किसी भी प्रकार से बहकावे में न आने की सलाह दी। चैट जीपीटी और एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि द्वारा भी किसी भी प्रकार की जालसाजी से बचने, बैंक में डबल प्रोटेक्शन किस प्रकार किया जाए आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के टोल फ्री नंबर भी उपलब्ध करवाए एवं उनकी जिज्ञासाओं के भी जवाब दिए। कार्यक्रम के दौरान महिला नीति प्रभारी प्रो. अलका, एनएसएस प्रभारी डॉ. पूजा पारीक अन्य संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पीएचडी प्रवेश विवाद में कन्वीनर गुप्ता का इस्तीफा

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया को लेकर चल रहे विवाद के बीच कन्वीनर एसके गुप्ता ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सोमवार को अपना इस्तीफा कुलगुरु को सौंपा। हालांकि इस्तीफे में उल्लेख किया गया है कि इस पर कुलगुरु आगामी निर्णय लेंगे।

ऐसे में फिलहाल इस्तीफे पर अंतिम फैसला लंबित है। पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों और आरक्षित सीटों को लेकर छात्र लगातार विरोध कर रहे थे। छात्रों ने प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता और नियमों के पालन की मांग की थी। विरोध के दौरान छात्रों ने कन्वीनर



एसके गुप्ता को दो बार उनके कमरे में बंद भी कर दिया था। इसके बाद से ही पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया को लेकर विश्वविद्यालय में विवाद बना हुआ है।

# गढ़ गणेश मंदिर में तीन दिवसीय महागणपति जन्मोत्सव 13 से

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** ब्रह्मपुरी स्थित ऐतिहासिक श्री गढ़ गणेश मंदिर में श्री महा गणपति जन्मोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन 13 से 15 सितंबर तक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। मंदिर महंत प्रदीप औदीच्य के सान्निध्य में जन्मोत्सव के दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ विशेष श्रृंगार, आरती एवं दर्शन की व्यवस्थाएं की जाएंगी। महेश मेहता, गौरव मेहता, आनंद मेहता आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। गौरव मेहता ने बताया कि 13 सितंबर को सिंजारा महोत्सव के तहत भगवान गणपति को मेहंदी अर्पित की जाएगी। गणपति को नवीन वस्त्र धारण कराए जाएंगे तथा गुड़धानी और डंके अर्पित किए जाएंगे। शाम 4 से रात 8 बजे तक श्रद्धालुओं को मेहंदी वितरित की जाएगी।

14 सितंबर को जन्मोत्सव मनाया जाएगा। सुबह 4 बजे पंचामृत अभिषेक के बाद पत्र-





पुष्प माला से विशेष श्रृंगार होगा। मंदिर की विशेष परंपरा के अनुसार इस दिन गणपति को वस्त्र धारण नहीं कराए जाते, क्योंकि यहां भगवान के बाल स्वरूप के दर्शन होते हैं।

सुबह 5 बजे मंगला आरती के साथ सहस्त्र दुर्वाचन एवं सहस्त्र मोदक अर्पित किए जाएंगे। दोपहर 12 बजे भोग आरती के बाद सहस्त्र नामावली से हवन होगा। शाम 7 बजे संध्या आरती और रात 12 बजे शयन आरती होगी।

15 सितंबर को परंपरागत मेला आयोजित होगा। सुबह अभिषेक एवं नवीन वस्त्र धारण कराने के बाद 5 बजे मंगला आरती और दोपहर 12 बजे भोग आरती होगी। शोभायात्रा के मंदिर पहुंचने के बाद शयन आरती की जाएगी। जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर और गर्भगृह को रंग-बिरंगे फूलों, आकर्षक सजावट, मुकुट एवं आभूषणों से सजाया जाएगा तथा विशेष झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेगी।

**सुरक्षा के होंगे पुख्ता इंतजाम:** श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अलग-अलग दर्शन लाइन, प्रवेश-निकास व्यवस्था, वरिष्ठ नागरिकों एवं विशेष आवश्यकता वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे। सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन के सहयोग से सीसीटीवी कैमरे, बेरिकेडिंग एवं सुरक्षा कर्मियों की तैनाती रहेगी। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से निर्धारित मार्ग का पालन करते हुए व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।



### सिंदूरी चोला धारण करा सजाई फूल बंगला झांकी

# पुष्य नक्षत्र: प्रथम पूज्य का किया 348 किलो पंचामृत से अभिषेक



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में मनाए जा रहे नौ दिवसीय गणेश जन्मोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को पुष्य नक्षत्र में भगवान गणेशजी का 348 किलो पंचामृत से अभिषेक किया गया। पंचामृत के लिए 251 किलो दूध, 50 किलो दही, 25 किलो बूरा, 11 किलो शहद और 11 किलो घी का उपयोग किया गया। मंदिर महंत कैलाश शर्मा ने अभिषेक के बाद सिंदूरी चोला धारण कराया और भक्तों को सिंदूर प्रदान किया। शाम को छप्पन भोग की झांकी सजाई गई और ध्रुपद गायन की प्रस्तुति दी गई।

### मोदकों की मनोरम झांकी आज

मंदिर में 9 सितंबर को मोदकों की झांकी सजाई जाएगी। इसमें 251-251 किलो के दो विशाल मोदक, 51-51 किलो के पांच और 21-21 किलो के 21 मोदक शामिल होंगे। इसके अलावा 1.25 किलो के 1100 मोदक और हजारों छोटे मोदक भी सजाए जाएंगे। इन्हें बनाने में करीब 3 हजार किलो घी, 3 हजार किलो बेसन, 9 हजार किलो शक्कर और 1000 किलो सूखे मेवों का इस्तेमाल होगा। भक्त सुबह 5 बजे से मोदक झांकी के दर्शन कर सकेंगे। इस दिन मंदिर में बाहर से लाया गया प्रसाद नहीं चढ़ाया जाएगा।

भगवान को 21, 108 और 1008 मोदक अर्पित किए जाएंगे। शाम 6 बजे सुगम संगीत और कथक की प्रस्तुति होगी, जबकि शाम 7 बजे निशुल्क प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### चांदपोल परकोटा गणेश मंदिर

**चांदपोल** परकोटा गणेश मंदिर में गणेश जन्मोत्सव का शुभारंभ मंगलवार को भौम पुष्य नक्षत्र में प्रथम पूज्य के अभिषेक के साथ हुआ। महंत अमित शर्मा ने बताया कि अभिषेके बाद सिंदूरी चोला धारण कराकर पुष्पों से श्रृंगार किया। मोदक का भोग लगाया गया। मंदिर में हवन कर 108 गणपति अथर्वशीर्ष के पाठ किए गए। शाम को दीपदान किया गया। मंदिर के मीडिया प्रभारी रामकिशन सैनी ने बताया कि 12 सितंबर को भगवान गणेश की 21000 लड्डू की झांकी सजाई जाएगी। अगले दिन 13 सितंबर को 111 किलो मेहंदी वितरण कर सिंजारा उत्सव मनाया जाएगा। प्रथम पूज्य को महंत परिवार की ओर से मेहंदी अर्पण की जाएगी। इसके बाद महिला मंडल द्वारा बधाई गान होगा। भगवान को मेहंदी अर्पित कर भक्तों को मेहंदी वितरित की जाएगी।

# 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ-शिक्षक सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** गायत्री परिवार की सह संस्थापिका भगवती देवी शर्मा एवं शांतिकुंज हरिद्वार से सौ साल से प्रज्जवलित अखंड दीपक शताब्दी समारोह के द्वितीय चरण के अंतर्गत 25 से 27 दिसंबर तक मुरलीपुरा स्थित तोंदवाल मैरिज गार्डन में आयोजित होने वाले 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं शिक्षक गरिमा सम्मेलन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को कार्यक्रम स्थल पर प्रथम संगोष्ठी आयोजित हुई। संगोष्ठी में आयोजन की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई।

**संगोष्ठी में ये रहे उपस्थित:** संगोष्ठी में गायत्री परिवार जयपुर उप जोन समन्वयक सुशील शर्मा, गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ के मुख्य ट्रस्टी धर्म सिंह राजावत, गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के सह व्यवस्थापक मणिशंकर पाटीदारी, गायत्री शक्तिपीठ वाटिका के व्यवस्थापक रणवीर सिंह चौधरी, रामेश्वर धाम विकास समिति के अध्यक्ष अशोक शाह, गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रहलाद शर्मा, मंगल सैनी, मनु महाराज, उमाशंकर खंडेलवाल, सोहन लाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जन-जन तक पहुंचे गायत्री परिवार : सैनी

शांतिकुंज, हरिद्वार से आए राजस्थान के समन्वयक गौरी शंकर सैनी ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को इस यज्ञ को 108 कुंडीय यज्ञ का स्वरूप देने के लिए कमर कसनी चाहिए। शिक्षक गरिमा सम्मेलन पर अधिक जोर दें। कम से कम पांच सौ शिक्षकों का सम्मेलन करवाएं। अध्यक्षता गायत्री परिवार राजस्थान के मुख्य ट्रस्टी ओम प्रकाश अग्रवाल ने कहा आयोजन में पूरे विद्याधरनगर विधानसभा क्षेत्र की सभी कॉलोनियों में जन संपर्क कर लोगों को आमंत्रित करना चाहिए। शांतिकुंज हरिद्वार से आए जय प्रकाश चौधरी और श्याम सिंह ने आयोजन स्थल का दौरा किया। गायत्री चेतना केंद्र मुरलीपुरा के प्रभारी महेन्द्र कुमार ने प्रारंभ में आयोजन की विस्तार से जानकारी देते हुए शांतिकुंज हरिद्वार के दिशा निर्देश के अनुसार कार्यक्रम करवाने का आश्वासन दिया।

# संगीत के सुरों से जुड़ रहा मानसरोवर का शिव कमलेश्वर पार्क

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** मानसरोवर सेक्टर-4, जोन-45 स्थित शिव कमलेश्वर पार्क में स्थानीय युवाओं ने पिछले तीन सप्ताह से संगीत के माध्यम से समाज को जोड़ने की एक अनूठी पहल शुरू की है। स्थानीय निवासी अनूप गौतम ने बताया कि प्रत्येक रविवार की शाम को पार्क में निशुल्क संगीत एवं कराओके कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों से लेकर महिलाएं, युवा और बच्चे उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

प्रतिभागियों को अपनी पसंद के भजन, फिल्मी गीत एवं अन्य संगीत प्रस्तुतियां देने का अवसर मिलता है। कराओके के माध्यम से वे बिना किसी औपचारिक मंच या शुल्क के अपनी गायन प्रतिभा भी प्रस्तुत कर रहे हैं। तीन सप्ताह में लोगों का उत्साह लगातार बढ़ा है। अब बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम को सुनने के साथ-साथ स्वयं गायन के लिए भी आगे आ रहे हैं। यहां किसी भी आयु वर्ग के व्यक्ति को अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है। वरिष्ठ नागरिक जहां पुराने फिल्मी गीतों और भजनों से वातावरण को सुरमय बनाते हैं।

वहीं युवा और बच्चे भी उत्साह के साथ अपनी प्रस्तुतियां दे रहे हैं। इससे अलग-अलग आयु वर्ग के लोगों के बीच संवाद और आत्मीयता बढ़ रही है।

# कषाय-कलमष दूर करने का उपाय भागवत : भारद्वाज



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** निवारू रोड के परमानंद नगर स्थित निर्माणाधीन श्री राम मंदिर में हो रही श्रीमद्भगवद् कथा में मंगलवार को व्यासपीठ से आचार्य सुरेन्द्र कृष्ण भारद्वाज ने कहा कि कलयुग के कल्मष को दूर करने का सबसे अच्छा उपाय श्रीमद्भगवद् है।

इसलिए नित्य प्रति कथा का श्रवण करना चाहिए। कथा की पूर्णाहुति बुधवार को होगी। निज मंदिर के व्यवस्थापक प्यारे मोहन हल्दिया ने बताया कि दस सितंबर से श्रीराम कथा होगी।

# मां नन्दा देवी की डोली कल पहुंचेगी जयपुर

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** उत्तराखंड की अधिष्ठात्री देवी एवं आराध्या मां नन्दा देवी की डोली के स्वागत एवं कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गढ़वाल सभा भवन में कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। इसमें कार्यक्रम की व्यवस्थाओं एवं तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

गढ़वाल सभा जयपुर के अध्यक्ष जीपी कुकरेती ने बताया कि मां भगवती नन्दा देवी की डोली भारत भ्रमण पर निकली है। जोधपुर एवं पुष्कर के बाद डोली 10 सितंबर जयपुर पहुंचेगी। सभा के महासचिव दलबीर सिंह नेगी ने बताया कि मां नन्दा देवी के जयपुर आगमन को लेकर प्रवासी उत्तराखंडवासियों एवं श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। प्रातः 9 बजे वैशाली नगर, गांधी पथ स्थित किरण मैरिज गार्डन पर प्रवासी उत्तराखंडवासी एवं श्रद्धालु एकत्रित होंगे। यहां से मां नन्दा देवी की डोली एवं कलश यात्रा शोभायात्रा के रूप में ज्वेल्स गार्डन, लालरपुरा, गांधी पथ पहुंचेगी। ज्वेल्स गार्डन में मां नन्दा देवी की विधिवत पूजा-अर्चना एवं विशेष पूजा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक सुखदेव ढोंडीयाल ने समस्त प्रवासी उत्तराखंडवासियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मां नन्दा देवी की कलश यात्रा एवं शोभायात्रा में शामिल हों।

# कैलाश मानसरोवर यात्रियों का किया स्वागत



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** कैलाश मानसरोवर की पंद्रह दिवसीय यात्रा कर लौटे श्रद्धालुओं का मुरलीपुरा स्कीम के भगवान झूलेलाल मंदिर में स्वागत किया गया।

यात्रियों ने हवाई यात्रा और सड़क यात्रा के बाद कठिन चढ़ाई वाली पैदल यात्रा का रोमांचक अनुभव सुनाया। यात्रा कर लौटे पन्ना लाल तंवर ने बताया कि कैलाश मानसरोवर की पल-पल बदलती आकृति आध्यात्मिक अनुभव रही। मौसम की मार के बावजूद यात्रा सुखद रही। नगेन्द्र वशिष्ठ ने सभी यात्रियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदार बनें युवा : ग्लेशियर बाबा

### राज्यपाल-मुख्यमंत्री से भी मिले, जगद्गुरु आश्रम में किया स्वागत

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** देश का भविष्य युवा पीढ़ी पर निर्भर है और आज का युवा बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया और डिजिटल दुनिया से जुड़ा हुआ है, जिसे सकारात्मक दिशा देने की आवश्यकता है।

हमें उन्हें समझाना होगा कि किस प्रकार से वे इसका सदुपयोग अपने समाज के, देश के विकास के लिए करे। जहां सोशल मीडिया युवाओं को सकारात्मकता प्रदान करता है। वही इनके अत्यधिक उपयोग से नकारात्मकता का प्रभाव पड़े बिना नहीं रह सकता है।

यह बात हिमालय (उत्तराखंड) से जयपुर आए योगी ग्लेशियर बाबा ने मंगलवार को गोविंद देवजी मंदिर के पास स्थित जगद्गुरु आश्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए कही। योगी ग्लेशियर बाबा ने अपने जयपुर प्रवास के दौरान प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व, शिक्षाविदों और युवा पीढ़ी से संवाद किया। गोविंद देवजी मंदिर के पास स्थित जगद्गुरु आश्रम में आश्रम के महामंत्री पवन पारीक, समाजसेवी चंद्र महेश झालानी, आचार्य जितेंद्र सहित गणमान्य लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### सांस्कृतिक धरोहर को बचाने पर दिया बल

**ग्लेशियर बाबा** राज्यपाल और मुख्यमंत्री से भी मिले। उनके साथ भारत की सनातन संस्कृति, सभ्यता के संरक्षण और राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने के संकल्पों पर चर्चा हुई। बाबा ने प्रदेश में नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक धरोहरों को सुरक्षित रखते हुए विकास की दिशा में आगे बढ़ने पर विशेष बल दिया। इस दौरान कॉलेजों में युवाओं को गीता और ध्यान का मंत्र दिया।

# पर्युषण महापर्व शुरूः तप-उपवास-स्वाध्याय में बिताया पूरा दिन

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** श्वेताम्बर जैन धर्मावलंबियों का आठ दिवसीय पर्युषण महापर्व भाद्रपद द्वादशी मंगलवार को शुरू हुआ। स्थानकवासी, मूर्तिपूजक और तेरापंथ के श्रद्धालुओं ने पूरे दिन तप, उपवास, स्वाध्याय, प्रतिक्रमण, ध्यान और साधना में समय बिताया। मालवीयनगर के अणु विभा केंद्र, सूरजपोल के दादाबाड़ी, ज्योतिनगर के वर्धमान भवन में आचार्य मुनि और साध्वियों के सान्निध्य में पर्युषण से जुड़े प्रवचन सुने। पर्युषण के दौरान जैन स्थानकों में प्रातः धार्मिक प्रवचन और स्वाध्याय के कार्यक्रम हुए। जैन आगम सूत्र 'अन्तकृत दशांग सूत्र' का मूल एवं भावार्थ सहित वाचन किया गया। वहीं दोपहर के समय 'कल्पसूत्र' का मूल एवं भावार्थ सहित वाचन श्रद्धालुओं को सुनाया गया। इसके बाद सेवा, संयम, ध्यान, साधना और सद्व्यहार जैसे विषयों पर प्रवचन होंगे। प्रातः और सायंकाल प्रतिक्रमण के माध्यम से श्रद्धालु अपने कार्यों और व्यवहार का आत्मनिरीक्षण करेंगे। संवत्सरी के दिन विशेष आत्मालोचना का पाठ होगा। इस दौरान श्रद्धालु जाने-अनजाने हुई भूलों और अपराधों के लिए क्षमा मांगेंगे तथा परस्पर 'मिच्छामि दुक्कड़म् कहकर क्षमायाचना करेंगे।

### आत्म निरीक्षण का अवसर है पर्युषण

उल्लेखनीय है कि पर्युषण जैन समाज के लिए आत्मचिंतन और आत्मनिरीक्षण का विशेष अवसर माना जाता है। इसका मूल उद्देश्य बाहरी दुनिया से कुछ समय के लिए दूरी बनाकर अपने विचारों, व्यवहार और कर्मों का मूल्यांकन करना है। जैन परंपरा में इस दौरान तप, त्याग और साधना को विशेष महत्व दिया गया है।

चातुर्मास प्रारंभ होने के 49वें अथवा 50वें दिन संवत्सरी पर्व की साधना की जाती है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में चातुर्मासरत श्रमण-श्रमणियों के सान्निध्य में जैन धर्मावलंबी पर्युषण की आराधना करेंगे। इस दौरान स्वाध्याय, उपवास, प्रतिक्रमण, क्षमायाचना और दान प्रमुख रूप से किए जाएंगे।

# नौ साहित्यकारों-लेखकों को मिलेगा हिंदी सेवा पुरस्कार

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** भाषा एवं पुस्तकालय विभाग के राज्य स्तरीय हिंदी सेवा पुरस्कार-2026 के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। विभिन्न विधाओं में उल्लेखनीय हिंदी साहित्य एवं लेखन के लिए नौ साहित्यकारों एवं लेखकों का चयन किया गया है।

हिंदी साहित्य कथा के लिए डॉ. ओम प्रकाश भार्गव को उनकी कृति कुटुंबकम् के लिए, हिंदी साहित्य कथेतर के लिए डॉ. रामनारायण शर्मा को उनकी कृति रामचरित मानस में पर्यावरण के लिए तथा संविधान एवं विधि के लिए डॉ. सुरेश के वर्मा को उनकी पुस्तक भारत का संविधान के लिए हिंदी सेवा पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार जनसंचार, पत्रकारिता एवं सिनेमा विधा में प्रबोध कुमार गोविल को सूरज का पहला घोड़ा, विज्ञान, तकनीकी एवं अभियांत्रिकी में डॉ. नितिन राजवंशी को साइबर जागरूकता, चिकित्सा विज्ञान एवं स्वास्थ्य में डॉ रीतिका ए गांधी को उनकी पुस्तक मां बनने की राह पर पहला कदम के लिए पुरस्कार दिया जाएगा। कला, संस्कृति एवं पर्यटन में डॉ. सरोज कौशल को उनकी कृति भारतगाथा, कृषि, उद्यान, वानिकी एवं प्रसार में डॉ डी कुमार को उनकी पुस्तक कृषि साहित्य काव्य का हार तथा दर्शन, योग एवं अध्यात्म में शुद्धात्म प्रकाश जैन को उनकी कृति जैन धर्म और संस्कृति के लिए हिंदी सेवा पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार स्वरूप प्रत्येक चयनित लेखक को पचास हजार रुपए की नकद राशि एवं सम्मान पत्र भेंट किया जाएगा।

# ओउमाश्रय सेवाधाम में अजा एकादशी पर विष्णु पूजा यज्ञ संपन्न

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** भारतीय संस्कृति में व्रत पर्व और त्यौहारों भरे पड़े हैं जिनके साथ कल्पित पौराणिक कथाएं जुड़ी हुई हैं। निराश्रित जन सेवा यज्ञ एवं संस्कारित पीढ़ी निर्माण अभियान त्रिवेणी ओउमाश्रय सेवा धाम संस्थापक वैदिक चिंतक यशपाल यश इन कथाओं को छानकर इनके प्रकारंतर से महत्व समझा रहे हैं। यश ने ओउमाश्रय सेवा धाम में यज्ञ के दौरान अजा एकादशी व्रत कथा का विश्लेषण किया। यश ने कहा कि इसमें विष्णु उपासना 'यज्ञो वै विष्ण' है फिर श्रीकृष्ण युधिष्ठिर संवाद भी उच्च नैतिक मूल्यों वाले जीवन की प्रेरणा राजा हरिश्चंद्र की तपोमय कष्टों की कहानी है।

यश ने कहा कि चार करणीय आवश्यक कार्य सत्य दया तप और दान करने का उल्लेख है जो सीधे सीधे मोक्ष के साधन हैं। यश ने कहा कि सत्य का प्रबल आग्रह निराश्रित जनों मूक जीवों के प्रति दयाभाव सेवा तप यानि शारीरिक मानसिक और वाचिक द्वन्दों को सहने की क्षमता तथा जीव कल्याण कारी कार्यों में दान वृत्ति होना ही इस व्रत का महात्म्य है। इस अवसर पवन आर्य, राकेश चौपड़ा, अनिता चौपड़ा, मनीष श्रीवास्तव, डॉ. फौजिया सिद्दीकी, एईएन सत्येन्द्र मीना, अजय शर्मा, कमलेश ने भी विष्णु उपासना यज्ञ में आहुतियां दी। इस अवसर पर दिलीप सक्सेना अंकित छाजेड़ राजेश गोयल प्रभुजी ने ईश्वर भक्ति से भरे गीत प्रस्तुत किए।

# जानलेवा इमारतें और सोता सरकारी तंत्र!

## आखिरकार ऐसे दर्दनाक हादसों के लिए किसे माना जाए दोषी

**देश** में महानगरों से लेकर छोटे शहरों तक में किराए पर मकान देने का एक बहुत बड़ा उद्योग खड़ा हो गया है। जहां जगह मिले, वहां बहुमंजिला इमारतें बना दी जाती हैं। सरकारी दस्तावेजों में भले ही ऐसी इमारतें आवासीय श्रेणी में पंजीकृत होती हैं, लेकिन इनमें से कई में पेइंग गेस्ट (पीजी), होटल और रेस्तरां संचालित किए जाते हैं। जब ये इमारतें जर्जर हो जाती हैं, तो कई दफा भरभराकर गिर जाती हैं या इनमें आग लगने के हादसे होते हैं। ऐसी घटनाओं में एफआईआर दर्ज होती है, उसके बाद कुछ इमारतों पर सीलिंग या तोड़फोड़ की कार्रवाई होती है और बाद में सब कुछ फिर उसी ढर्रे पर लौट आता है। हादसों की ऐसी ही दर्दनाक श्रृंखला में बीते रविवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिण परिसर के पास स्थित सत्य निकेतन में पांच मंजिला इमारत के ढहने की घटना भी शामिल हो गई है, जिसमें विद्यार्थियों समेत सात लोगों की मौत हो गई। ऐसे में सवाल सिर्फ यह नहीं है कि ये सब कैसे हो रहा है, बल्कि यह भी है कि कौन है, जो ऐसा होने दे रहा है! हाल के दिनों में देशभर में जर्जर इमारतों के गिरने या आग लगने के कई हादसे सामने आ चुके हैं। बीते जून में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के मालवीय नगर में एक होटल में आग से 22 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद उत्तर प्रदेश में लखनऊ के अलीगंज स्थित एक व्यावसायिक इमारत में आग की घटना में विद्यार्थियों समेत 15 लोगों की जान चली गई थी। दिल्ली के सत्य निकेतन में जिस इमारत के गिरने से हादसा हुआ, वह काफी पुरानी थी और जर्जर हालत में थी। इसके बावजूद उसे पीजी के तौर पर किराए पर दिया गया था। जब हादसा हुआ, उस वक्त वहां भूतल पर मरम्मत कार्य चल रहा था। यानी वहां रहने वाले विद्यार्थियों की जान को जानबूझकर जोखिम में डाला गया। पुलिस ने भले ही इमारत के मालिक को गिरफ्तार कर लिया है और सरकार ने संबंधित पांच अधिकारियों को निलंबित कर दिया है, लेकिन क्या इस कार्रवाई से यह सुनिश्चित हो पाएगा कि भविष्य में ऐसे हादसे की पुनरावृत्ति नहीं होगी! यह दुखद ही है कि दिल्ली में लगातार हो रहे हादसों की लिस्ट लगातार लंबी होती जा रही है। इन सभी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं में एक बात समान है - बेगुनाहों की मौत और असुरक्षित इमारतें, बिना मंजूरी के बदलाव, रिहायशी प्रॉपर्टी का व्यावसायिक इस्तेमाल और सबसे चिंताजनक नियम-कानून लागू करने में तंत्र की नाकामी। यह विडंबना ही है कि समाज में लोगों की मजबूरी का फायदा उठाकर पैसा कमाने की हवस इस हद तक बढ़ गई है कि वे किसी के जीवन व मृत्यु की भी परवाह नहीं करते। दूरदराज के राज्यों से अपने सुनहरे सपने लेकर दिल्ली आने वाले छात्र मजबूरी में मुंहमांगे दाम देकर अमानवीय स्थिति वाले पीजी में रहने को मजबूर हो जाते हैं। जब जर्जर इमारतों की स्थिति को नजरअंदाज करके चलताऊ निर्माण कार्य कराए जाते हैं तो हादसे का होना तय हो जाता है। हादसे का शिकार हुई सत्य निकेतन बिल्डिंग के लिए ग्राउंड फ्लोर और पहली मंजिल बनाने की अनुमति मिली थी। लेकिन नए प्लान की मंजूरी लिए बिना इसे पांच मंजिला बना दिया गया। ऐसे में सबसे गंभीर सवाल यह खड़ा होता है कि क्या किसी एमसीडी के अधिकारी की नजर इस अवैध निर्माण पर नहीं गई होगी! जब दशकों पुरानी यह इमारत जमींदोज हुई तो तब कथित तौर पर इसमें अवैध रूप से रेनोवेशन का काम चल रहा था। देश की राजधानी में नियामक कानूनों या बिल्डिंग कोड की कमी नहीं है। सही मायने में कमी है तो बस उनके ईमानदारी से लागू करने की। सुरक्षित दिल्ली के लिए एक रोडमैप बनाने की जरूरत है। जिसमें पुरानी और ढांचागत रूप से बदली गई इमारतों का वार्ड के हिसाब से ऑडिट करने, खतरनाक इमारतों के मालिकों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने, बिल्डिंग की मंजूरी का पारदर्शी रिकॉर्ड रखने और नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों और मालिकों के लिए सख्त सजा का प्रावधान होना चाहिए। ट्रिपल इंजन सरकार वाली दिल्ली में यदि ऐसी त्रासदियां आम हो जाएं तो यह विडंबना ही है। कोशिश हो कि प्राथमिकता ऐसे हादसों को रोकना हो, न कि घटना के बाद प्रतिक्रिया देने का प्रपंच। ध्यान रहे, सवाल सिर्फ किसी एक घटना का नहीं है, बल्कि देश भर में उन हजारों जर्जर इमारतों का है, जिनका नियमों को धता बताकर व्यावसायिक इस्तेमाल किया जा रहा है। बड़े शहरों में किसी इमारत का नक्शा पास होने से लेकर उसके बनने तक एक लंबी विभागीय प्रक्रिया होती है। कई स्तर पर जांच होती है, तब जाकर उसके इस्तेमाल की अनुमति दी जाती है। इसके बाद भी समय-समय पर उसकी जांच करने का प्रावधान है और अगर वह जर्जर हालत में पाई जाती है, तो उसे असुरक्षित घोषित किया जाता है। इसके बावजूद अगर नियमों की अनदेखी की जाती है, तो इसे सांठगांठ का तंत्र नहीं तो और क्या कहा जाएगा! दिल्ली सरकार अब पीजी सुरक्षा नीति लाने की तैयारी कर रही है। हालांकि राजधानी में इस तरह के प्रयास 1993 से जारी हैं, लेकिन अभी तक ठोस नियम जमीनी स्तर पर लागू नहीं हो पाए हैं। पीजी में रहने वालों से मोटी रकम किराए में वसूली जाती है, लेकिन उनकी सुरक्षा पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। सरकार को इस बात पर गंभीरता से विचार करना होगा कि सिर्फ नीति या कानून बना देने से समस्या हल नहीं हो सकती, जरूरत उन्हें कड़ाई से अमल में लाने की है। राजधानी दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में इमारत गिरने की घटना जितनी दुखद है, उतनी ही आंखें खोलने वाली भी। खबरों की मानें, तो यह इमारत 40-50 साल पुरानी थी और तीन मंजिल तक ही इसे बनाने की अनुमति मिली थी, जिसे बढ़ाकर पांच मंजिल कर लिया गया था। फिर, बेसमेंट में जमा पानी व वहां हो रहे अतिरिक्त निर्माण-कार्य से इसका मूल ढांचा हिल गया और इसमें बोझ उठाने की क्षमता नहीं बची। यह सिर्फ दिल्ली-एनसीआर की कहानी नहीं है। देश भर में ऐसे अनेक मकान हैं, जो बतौर पीजी या छात्रावास इस्तेमाल हो रहे हैं, पर हैं जर्जर या नियमों की अवहेलना करके बने हैं। इनमें कमरे अमूमन हवादार नहीं होते, उनमें जैसे-तैसे एक-दो बिस्तर लगाए जा सकते हैं। कुछ कमरों में एसी की सुविधा दी जाती है, लेकिन घनी बस्ती होने के कारण बिजली की तारों से वहां आग लगने का भी खतरा रहता है।



**हादसों की दर्दनाक श्रृंखला में बीते रविवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिण परिसर के पास स्थित सत्य निकेतन में पांच मंजिला इमारत के ढहने की घटना में विद्यार्थियों समेत सात लोगों की मौत हो गई। ऐसे में सवाल सिर्फ यह नहीं है कि ये सब कैसे हो रहा है, बल्कि यह भी है कि कौन है, जो ऐसा होने दे रहा है! पुलिस ने भले ही इमारत के मालिक को गिरफ्तार कर लिया है और सरकार ने संबंधित 5 अधिकारियों को निलंबित कर दिया है, लेकिन क्या इस कार्रवाई से यह सुनिश्चित हो पाएगा कि भविष्य में ऐसे हादसे की पुनरावृत्ति नहीं होगी! यह दुखद ही है कि सभी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं में एक बात समान है -बेगुनाहों की मौत और असुरक्षित इमारतें, बिना मंजूरी के बदलाव, रिहायशी प्रॉपर्टी का व्यावसायिक इस्तेमाल और सबसे चिंताजनक नियम-कानून लागू करने में तंत्र की नाकामी।**

# अदालती प्रक्रिया को भीड़ तंत्र से बचाएं, कानून का राज कमजोर हुआ तो न्याय पर टूटेगा भरोसा

विराग गुप्ता

**नीट** परीक्षा में नाकामी के लिए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के त्यागपत्र की मांग को लेकर जंतर-मंतर धरना पूरी तरह से संविधान सम्मत था, लेकिन उसके बाद भीड़ के दबाव में एफआईआर, जमानत और गिरफ्तारी के बढ़ते चलन से कानून के शासन पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं? कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के आंदोलन के दौरान कई राज्यों की पुलिस ने सैकड़ों एफआईआर दर्ज की थी। सीजेपी की धमकी के बाद केंद्र सरकार ने समझौते के तहत सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाई, जिसके अनुसार दिल्ली, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम और महाराष्ट्र राज्यों में दर्ज 129 एफआईआर को चीफ जस्टिस की पीठ ने तुरंत रद्द कर दिया। एफआईआर करवाने, धाराओं में बदलाव या गलत एफआईआर रद्द करवाने के लिए पुरानी सीआरपीसी और नए बीएनएसएस कानून में विस्तृत प्रावधान हैं।

पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट के अनुसार, ट्रायल कोर्ट या फिर हाईकोर्ट से हर राज्य में दर्ज एफआईआर रद्द हो सकती थी। अनुच्छेद-142 की विशिष्ट शक्तियों के इस्तेमाल से संबंधित पक्षकारों को सुने बगैर आपराधिक मुकदमों को रद्द करने के फैसले से पुलिस और न्यायिक व्यवस्था में भीड़ तंत्र के हावी होने का खतरा है।

सोशल मीडिया पोस्ट और राजनीतिक बयानबाजी पर मानहानि का मुकदमा किया जा सकता है, लेकिन नेतागण राज्यों में अपनी पार्टी की सरकार के माध्यम से पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने पर ज्यादा जोर देने लगे हैं। हल्द्वानी शुद्धीकरण विवाद में कांग्रेस के आदिवासी नेता की शिकायत पर कर्नाटक में जीरो एफआईआर और उत्तराखंड में राहुल गांधी के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज हुई है। जनता के अखाड़े के बजाए थानों में सियासी लड़ाई से बेवजह की मुकदमेबाजी बढ़ने के साथ न्यायिक प्रक्रिया पर लोगों का भरोसा कमजोर हो रहा है। सीजेपी के नेता संविधान की दुहाई देते हैं। जंतर-मंतर आंदोलन खत्म होने के बाद दावा किया गया था कि पीड़ित लोगों की मदद के लिए वकीलों का ग्रुप बनाया जाएगा। लेकिन स्वतंत्र भारद्वाज के खिलाफ पॉक्सो और एससी/एसटी एक्ट की धाराओं को जोड़ने और उसकी गिरफ्तारी के लिए सीजेपी ने भीड़ के माध्यम से दिल्ली पुलिस पर दबाव बनाया। उसके जवाब में स्वतंत्र की तरफ से कई संगठन हिंदू भावनाओं को आहत करने के मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहे हैं। पुलिस, अदालतों और सरकारी तंत्र में रसूखदारों और पैसे वालों का वर्चस्व है। अगर राजनीतिक दबाव और पक्षकारों के प्रभाव के अनुसार पुलिस कार्रवाई और अदालतों में फैसले होंगे, तो आम जनता का न्यायिक प्रक्रिया पर से भरोसा और कमजोर होगा। जिला अदालतों में लंबित आपराधिक मुकदमों में फंसे अधिकांश गरीब और वंचित वर्ग के लोग पुलिस ज्यादती का शिकार हैं। आपराधिक मुकदमों में नए तरह की विसंगति बढ़ रही है। एफआईआर दर्ज करने या रद्द करने के बारे में थाने के बजाए नेताओं के इशारे पर पुलिस की कार्रवाई या चुप्पी गलत है, जिसे जिला स्तर पर ही रोका जाना चाहिए। कानून की किताबों में जिला जज को फांसी देने का अधिकार है, लेकिन चर्चित मामलों में जमानत और मुकदमे रद्द करने का निर्धारण सुप्रीम कोर्ट में होने लगा है। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, जघन्य आपराधिक पृष्ठभूमि वालों के खिलाफ मुकदमे जारी रह सकते हैं। दिल्ली पुलिस ने फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम के आधार पर दावा किया कि आंदोलन में 2,873 आपराधिक लोग जुड़े थे। लेकिन रिपोर्ट के अनुसार, उनमें से 25 लोग जेलों में बंद थे। इससे एफआरएस तकनीक की विश्वसनीयता के साथ पुलिस की जांच प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। दूसरी तरफ पुलिस के खिलाफ हिंसा और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से प्रशासन का मनोबल कमजोर हो रहा है। न्याय शास्त्र के मूल सिद्धांत के अनुसार हजार आरोपी भले ही छूट जाएं, लेकिन एक निर्दोष को सजा नहीं मिलनी चाहिए। लेकिन आम जनता के खिलाफ एफआईआर दर्ज और गिरफ्तारी हो जाए, तो जमानत और मुकदमे में पूरा परिवार तबाह हो जाता है। अदालतों में लंबित 5.83 करोड़ मुकदमों में आपराधिक मामलों का पैटर्न और पिरामिड बेहद चिंताजनक है। जिला अदालतों में 78 फीसदी, हाईकोर्ट में 30.3 फीसदी और सुप्रीम कोर्ट में 23 फीसदी आपराधिक मुकदमे लंबित हैं। दिलचस्प बात यह है कि आपराधिक मुकदमों में अभियोजन पक्ष, न्यायालय, जेल, कानूनी सहायता सभी सरकारी खर्चे पर चल रहे हैं। नोएडा में श्रमिक आंदोलन में गिरफ्तार महिला आंदोलनकारी के खिलाफ दर्ज राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) को रद्द करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पांच लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया है, लेकिन उस आंदोलन से जुड़े सभी मुकदमों की विवेचना और ट्रायल एकसाथ किए जाने की याचिका खारिज हो गई है।



पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अनुच्छेद-142 को परमाणु मिसाइल जैसा खतरनाक बताया था। सबरीमाला फैसले के बाद अटॉर्नी जनरल वेणुगोपाल ने कहा था कि अनुच्छेद-142 की विशिष्ट शक्तियों का कामधेनु की तरह इस्तेमाल गलत है। उनके अनुसार, सुप्रीम कोर्ट में पांच जजों की संविधान पीठ को ही अनुच्छेद 142 की विशिष्ट शक्तियों का इस्तेमाल करना चाहिए। सैकड़ों एफआईआर रद्द करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले से साफ है कि पुलिस मनमाने तरीके से मुकदमा दर्ज करती है। गलत एफआईआर करवाने वाले शिकायतकर्ता और दर्ज करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कानून में प्रावधान हैं, जिन पर अमल नहीं हो रहा।

सीजेपी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि यह फैसला बाध्यकारी नजीर नहीं माना जाएगा, लेकिन संविधान में समानता पर सर्वाधिक जोर है। इसलिए किसी भी मामले में सिविल विवाद को आपराधिक तरीके से हैंडल करना गलत है। तीन नए आपराधिक कानून और जन विश्वास कानून में इस बारे में विस्तृत प्रावधान हैं। बेवजह की मुकदमेबाजी खत्म होने से जीडीपी भी बढ़ सकती है।

दबाव में संविधान की अनदेखी करके गलत एफआईआर करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई संस्थागत सुधार के लिए जरूरी है। सीजेपी रजिस्टर्ड नहीं है, लेकिन उनके कार्यकर्ताओं से जुड़े सभी आपराधिक मामले निरस्त हो गए। अतः सभी पार्टियों के नेताओं के खिलाफ सियासी वजहों से दर्ज आपराधिक मामलों को निरस्त करने के लिए सरकार को पहल करनी चाहिए। इससे लोकतंत्र के मंदिर में जनप्रतिनिधियों के आपराधिक दाग के कलंक में कमी आएगी।

# साक्षरता का सपना : 2030 की समय सीमा से पहले होगा लक्ष्य

राजेंद्र जोशी

**आजादी** के समय भारत ने केवल राजनीतिक स्वतंत्रता का सपना नहीं देखा था, बल्कि एक ऐसे राष्ट्र की कल्पना की थी, जहां हर नागरिक पढ़-लिख सके, अपने अधिकारों को समझ सके और विकास की मुख्यधारा का हिस्सा बन सके। यह सपना उस समय और भी बड़ा था, जब वर्ष 1951 की पहली जनगणना में देश की साक्षरता दर महज 18.3 फीसद थी। यानी आजाद भारत की आबादी का बहुत बड़ा हिस्सा अक्षरों के आलोक से वंचित था। मगर राष्ट्र निर्माण की उस सुबह यह विश्वास था कि शिक्षा के रास्ते पर आगे बढ़ते हुए एक दिन पूरा भारत साक्षर होगा, जो विकसित राष्ट्र की मजबूत नींव तैयार करेगा।

आजादी के करीब आठ दशक बाद जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो उपलब्धियों के साथ एक बेचैन करने वाला सवाल भी सामने खड़ा दिखाई देता है- आखिर भारत कब पूरी तरह साक्षर एवं शिक्षित होगा? हालांकि, साक्षरता के क्षेत्र में देश ने लंबी यात्रा तय की है। वर्ष 1951 में 18.3 फीसद से बढ़कर 2011 में देश की साक्षरता दर 74.04 फीसद हो गई। वर्ष 2001 में यह 64.83 फीसद थी। यानी एक दशक में 9.21 फीसद की वृद्धि हुई। महिला साक्षरता में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ और 2001 के 53.67 फीसद से बढ़कर 2011 में यह 65.46 फीसद हो गई।

वर्ष 1988 में राष्ट्रीय साक्षरता मिशन की स्थापना इस उद्देश्य से की गई थी कि भारत को जल्द साक्षर बनाया जाएगा। इसके अंतर्गत पूरे देश में साक्षरता का जनआंदोलन शुरू किया गया, जिसे संपूर्ण साक्षरता अभियान का नाम दिया गया। मगर राष्ट्रीय औसत की चमक के पीछे राज्यों के बीच की असमानता आज भी संपूर्ण साक्षरता के लक्ष्य के लिए बड़ी चुनौती है। इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता थी- सरकार के साथ समाज की भागीदारी। स्वयंसेवक, शिक्षक, विद्यार्थी, सामाजिक संगठन, प्रशासन और आम नागरिक इस अभियान का हिस्सा बने। वर्ष 1990 के दशक में संपूर्ण साक्षरता अभियान ने देश के अनेक हिस्सों में उम्मीद जगाई। सरकारी मशीनरी और सामाजिक संगठनों की साझेदारी से यह साबित हुआ कि इच्छाशक्ति, जनभागीदारी और स्थानीय नेतृत्व मिल जाए, तो निरक्षरता जैसी बड़ी चुनौती को भी पीछे छोड़ा जा सकता है। इस अभियान की सबसे बड़ी प्रेरक मिसाल केरल बना। 18 अप्रैल, 1991 को केरल को पूर्ण साक्षर राज्य घोषित किया गया। केरल की उपलब्धि ने देश को यह भरोसा दिया कि संपूर्ण साक्षरता कोई असंभव लक्ष्य नहीं है। मगर सवाल है कि जब एक राज्य पूर्ण साक्षर हो गया, तो अगले तीन दशक में देश के सभी राज्य उस मंजिल तक क्यों नहीं पहुंच सके?



दरअसल, साक्षरता अभियान के शुरुआती दौर की जनभागीदारी धीरे-धीरे कमजोर हुई है। साक्षरता को निरंतर सामाजिक आंदोलन बनाए रखने के बजाए कई जगह यह सरकारी कार्यक्रमों और आंकड़ों तक सीमित होती गई। निरक्षर वयस्कों की पहचान, उन्हें नियमित रूप से सीखने के अवसर उपलब्ध कराना, सीखने के बाद उनकी शिक्षा को जारी रखना और नई पीढ़ी को स्कूल से बाहर न होने देना, इन सभी कड़ियों को एक साथ मजबूत करने की आवश्यकता थी। साक्षरता केवल किसी व्यक्ति का अपना नाम लिख लेने तक सीमित नहीं हो सकती। आज के दौर में पढ़ना-लिखना, समझना, गणना करना, बैंकिंग और वित्तीय व्यवहार समझना, डिजिटल माध्यमों का उपयोग करना और अपने अधिकारों तथा कर्तव्यों को जानना भी साक्षरता का हिस्सा है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पंद्रह वर्ष तथा उससे अधिक आयु के उन लोगों पर केंद्रित है, जो औपचारिक स्कूली शिक्षा से वंचित रह गए। इसमें आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान के साथ महत्त्वपूर्ण जीवन कौशल, डिजिटल और वित्तीय साक्षरता, व्यावसायिक कौशल तथा सतत शिक्षा को शामिल किया गया है। दिलचस्प है कि सरकार ने भारतीय परिस्थितियों में 95 फीसद साक्षरता को पूर्ण साक्षरता के समकक्ष मानने का मानक तय किया है। वर्ष 2024 में लद्दाख ने 97 फीसद से अधिक साक्षरता हासिल कर पूर्ण साक्षर होने का दर्जा प्राप्त किया। इसके बाद मिजोरम, गोवा और त्रिपुरा ने यह उपलब्धि हासिल की। वर्ष 2026 में हिमाचल प्रदेश, अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह, चंडीगढ़, सिक्किम और उत्तराखंड भी इस सूची में शामिल हो गए। भारत ने वर्ष 2030 तक पूर्ण साक्षरता हासिल करने का लक्ष्य रखा था। मगर सवाल यह है कि जब लक्ष्य की समय सीमा केवल कुछ वर्ष दूर है, तो क्या देश के उन राज्यों तक तेजी से पहुंचा जा सकेगा, जहां निरक्षरता का बोझ अभी भी बड़ा है?

वर्ष 2047 में देश आजादी की शताब्दी मनाएगा। मगर विकसित राष्ट्र का सपना उस समय तक अधूरा रहेगा, जब तक देश का अंतिम नागरिक पढ़ने-लिखने और समझने की क्षमता से संपन्न नहीं हो जाता। डिजिटल तकनीक इस काम में बड़ी भूमिका निभा सकती है, लेकिन तकनीक स्वयं समाधान नहीं है। जिसके हाथ में स्मार्टफोन है, लेकिन वह पढ़ नहीं सकता, उसके लिए डिजिटल भारत की यात्रा अधूरी है।

आज जरूरत इस बात की है कि हम वर्ष 2030 के लक्ष्य को केवल सरकारी लक्ष्य न मानें। इसे सामाजिक लक्ष्य बनाएं। आजादी के समय हमने भोर का जो सुंदर स्वप्न देखा था, वह केवल आंकड़ों में साक्षर भारत का नहीं था। वह ऐसे भारत का सपना था, जहां कोई व्यक्ति अंगूठा लगाने के लिए मजबूर न हो, कोई नागरिक साक्षर न होने की वजह से अपने अधिकारों से वंचित न रहे और कोई बच्चा अपने माता-पिता की निरक्षरता का बोझ लेकर आगे न बढ़े। अगर भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, तो पहले यहां के संपूर्ण समाज को साक्षर बनाना होगा।

## राशिफल

**आज दिनांक 9 सितम्बर, 2026, बुधवार, विक्रम संवत् 2083,भाद्रपद कृष्ण पक्ष त्रयोदशी,आश्लेषा नक्षत्र,वणिज करण, शिव योग, राहुकालः सुबह9:19 से 10:52 बजे, सूर्योदय सुबह 6:15 बजे,सूर्यास्त सायं 6:33 बजे, चंद्रोदय सुबह 4:07 बजे,चंद्रास्त शाम 5:27 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:07 बजे से 12:59 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:26 से 5:14 बजे तक, चंद्रमा कर्क राशि में संचार करेगा।**

मेष: जो लोग रिलेशनशिप में हैं, उनके लिए बातचीत करते रहना जरूरी है। किसी भी पेंडिंग मुद्दे को ईमानदारी के साथ हैंडल करें। आज बंधन को मजबूत करने और अपने साथी के करीब आने का एक अच्छा समय है। जीवनसाथी की बात मानकर जो काम करेंगे उसमें आपको लाभ होगा। आज आपको अपनी जेब ढीली करनी पड़ेगी। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

वृषभ: आज का दिन काफी रोमांटिक साबित हो सकता है। लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशन वाले जातक अपनी बीच की दूरियां कम करने में सक्षम रहेंगे। डाइट में हरी सब्जियां शामिल करें। बहुत ज्यादा तनाव लेने से बचें। ग्रहों की चाल आज आपके पक्ष में परिणाम लेकर आई है। मन में प्रसन्नता रहेगी।

मिथुन: स्टूडेंट्स किसी असाइनमेंट या प्रोजेक्ट के चक्कर में खुद के लिए वक्त निकालने में परेशानी का सामना करेंगे। लव लाइफ पर ध्यान देने की जरूरत है। आय में वृद्धि होगी और नौकरीपेशा जातक अपने उच्च अधिकारियों से निकटता का लाभ उठा सकेंगे। विरोधियों से सतर्क रहें, स्वास्थ्य का ध्यान रखें, वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।

कर्क: आज सोच-समझकर चुनाव करना आपको स्टेबिलिटी बनाए रखने और अपनी फाइनेंशियल सिक्योरिटी बढ़ाने में मदद करेगा। आज आपको मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी और मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी करने वाले लोगों को आज कुछ अच्छी बातें सुनने को मिलेंगी।

सिंह: आज का दिन खुशनुमा रहने वाला है। कुछ जातक आज अपने पार्टनर के साथ अच्छा टाइम स्पेंड कर सकते हैं। करियर में पॉलिटिक्स का शिकार होने से बचें। रोज एक्सरसाइज करें। आज आपका आत्मविश्वास सातवें आसमान पर रहेगा। कारोबार में उतार-चढ़ाव भरा दिन रहेगा, लेकिन आयात-निर्यात करने वालों को आज बड़ा फायदा होगा।

कन्या: आज के दिन आपको सभी टास्क समय पर पूरे कर लेने चाहिए। इससे आप बॉस की नाराजगी से बच सकते हैं। पैसों के मामले में दिन शुभ माना जा रहा है। बहुत ज्यादा काम का प्रेशर न लें। आज स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही करना हानिकारक हो सकता है। जरूरत पड़ने पर डॉक्टर से संपर्क करें।

तुला: आज के दिन आपको सभी टास्क समय पर पूरे कर लेने चाहिए। इससे आप बॉस की नाराजगी से बच सकते हैं। पैसों के मामले में दिन शुभ माना जा रहा है। बहुत ज्यादा काम का प्रेशर न लें। व्यापार में आपको कोई बड़ी डील मिल सकती है, क्योंकि आपको बड़ा मुनाफा होगा। सेहत अच्छी रहेगी।

वृश्चिक: आज का दिन पॉजिटिव एनर्जी से भरपूर रहने वाला है। सिंगल लोगों को अपने ऑफिस या क्लास में कोई नया शख्स मिल सकता है। धन को समझदारी के साथ मैनेज करें। स्ट्रेस कम लें। नौकरीपेशा जातकों के लिए यह समय बहुत ही महत्वपूर्ण रहेगा।

धनु: आज आप पाएंगे कि आप अपने गोल्स के करीब पहुंच रहे हैं। मुसीबतों को पार करने की अपनी क्षमता पर भरोसा रखें। अपने शरीर की जरूरतों पर फोकस करें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

मकर: चाहे प्यार, करियर, पैसा या हेल्थ हो, अप्रत्याशित अवसरों के लिए तैयार रहें। सभी बदलावों को खुले दिल और दिमाग से अपनाएं। आज अपने विरोधियों से थोड़ा सावधान रहें, वे आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं।

कुंभ: आज का दिन नॉर्मल रहने वाला है। काम के सिलसिले में भागदौड़ बढ़ सकती है। सेहत पर निगरानी रखें। परिवार के बुजुर्गों का ख्याल रखें। रोजाना योग करें। जंक फूड्स से दूरी बनाएं। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक संपत्ति से लाभ।

मीन: आज का आपका दिन बदलावों से भरपूर रहने वाला है। लव के मामले में साथी के साथ अनबन करने से बचें। खुद की सेहत पर ध्यान दें। परिवार के साथ कुछ समय बिताना अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर मन थोड़ा चिंतित रह सकता है। तनाव से बचने के लिए परिवार और प्रियजनों के साथ समय बिताएं।

प्रेरक प्रसंग

## अंधानुकरण

**आज** में एक अत्यंत बोधप्रद कहानी आपके साथ शेयर कर रहा हूं जो मैंने बचपन में सुनी थी। एक बार की बात है, जब एक गांव में एक महाराज सत्यनारायण देव की कथा कर रहे थे... गांव के सभी भक्त कथा का रसपान करने वहां आए हुए थे। सभी ने मन लगाकर कथा सुनी। कथा जब पूर्ण हो गई, तब कथा करने वाले महाराज को नियम अनुसार दक्षिणा और अनाज देने के लिए भक्त कतार में खड़े हो गए।

अनाज/दक्षिणा देते समय कतार में सबसे आगे एक स्त्री खड़ी थी, उसने अनाज व दक्षिणा तो दी ही, साथ में महाराज के ललाट पर कुमकुम तिलक भी किया। तिलक करने के बाद वह स्त्री नीचे एक पीपल के वृक्ष का पत्ता पड़ा था, उस पर कुमकुम लगाकर चली गई।

कतार में सब खड़े थे सबने यह देखा और एक के बाद एक सभी वही करने लगे। सब महाराज को तिलक लगाते और नीचे पड़े पत्ते पर भी तिलक करते। ऐसा उन सभी लोगों ने कियास जो कतार में खड़े थे। महाराज अपनी दक्षिणा बटोरने में व्यस्त थे, लेकिन वहां एक सज्जन युवक यह सब देख रहा था... उसके मन प्रश्न हुआ कि 'सब महाराज को तिलक कर रहे हैं, वहां तक तो ठीक है, लेकिन नीचे पड़े पत्ते पर सब तिलक क्यों कर रहे हैं?' उसने यह प्रश्न सभी से पूछा सब का एक ही उत्तर था 'आगे वाला कर रहा है इसलिए'। तब वह युवक सबसे पहले जो स्त्री खड़ी थी, उसके घर गया, क्योंकि अब तक वो घर जा चुकी थी। वहां पहुंचने के बाद उस युवक ने उस स्त्री से पूछा 'आपने उस पीपल के पत्ते पर तिलक क्यों किया?' स्त्री ने कहा... 'कैसा तिलक? मैंने तो वहां मेरा जो कुमकुम वाला हाथ था उसको पोछने के लिए उस पत्ते का उपयोग किया...' वह युवक जोर-जोर से हंसने लगा लोगों की मूर्खता पर और अपने घर चल दिया... मित्रों इसे कहा जाता है अंधानुकरण.... आज यह सार्वत्रिक देखने को मिल रहा है। चाहे वह सामजिक क्षेत्र हो, राजनीति, अर्थकारण, शिक्षण या आध्यात्म। हर जगह पर मात्र अंधानुकरण। सबसे ज्यादा यह आध्यात्म और धर्म में आज छुपा हुआ है। हमारा वैदिक धर्म सत्य और विज्ञान की नींव पर खड़ा है प्रत्येक कृति के पीछे तर्क और विज्ञान आवश्यक है।

## आंसू की बूंद

**अनाज** के एक गोदाम में एक चींटी इधर-उधर घूम रही थी। प्यास के मारे उसका बुरा हाल था। उसे लग रहा था कि वह पानी न मिलने के कारण मर जाएगी। तभी एक बूंद उसके ऊपर गिरी और उसकी जान बच गई।

चींटी ने ऊपर देखा। असल में यह बूंद पानी की नहीं थी। बल्कि यह एक लड़की का आंसू था, जिसने चींटी की जान बचाई थी। चींटी ने देखा वह लड़की बहुत दुखी थी। उसके आगे अनाज का एक ढेर पड़ा हुआ था। उसमें गेहूं और चावल के दाने मिले हुए थे। वह लड़की गेहूं और चावल के दानों को अलग कर रही थी और रोती जा रही थी। वह रोते-रोते कह रही थी-

'मेरी ही गलती से ये दोनों अनाज आपस में मिल गए हैं। कल तक अगर मैंने ये दोनों अनाज अलग नहीं किए तो मेरा मालिक मुझे बहुत मारेगा। हे भगवान, मैं क्या करूं? अगर मैं सारी रात भी काम करूं, तब भी कल तक ये दाने अलग नहीं कर पाऊंगी।'

चींटी ने उसकी बात सुनी। उसने तुरंत अपनी सब साथियों को बुला लिया। देखते-ही-देखते वहां हजारों चींटियां आ गई। आधी चींटियां गेहूं के दाने ले जा रही थीं और आधी चींटियां चावल के दाने उठा रही थीं। उन्होंने गेहूं और चावल के दो ढेर बनाने शुरू कर दिए। चींटियों और उस लड़की ने मिलकर बहुत मेहनत से काम किया। अगले दिन सुबह जब गोदाम का मालिक वहां आया तो लड़की का काम पूरा हो चुका था। उसने लड़की को माफ कर दिया। इस तरह आंसू की एक बूंद ने चींटी और उस लड़की दोनों की जान बचाई। इसीलिए कहा गया है कि तुम किसी की मदद करोगे तो कोई तुम्हारी मदद करने जरूर आएगा।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook Instagram twitter YouTube



# जन्मदिन पर डिंपल ने 18 और दीपिका चौधरी ने किया छठी बार रक्तदान



महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** जन्मदिन, शादी की सालगिरह या अपने परिजनों की स्मृति में रक्तदान करना सीकर में एक रिवाज सा बन गया है। इसी श्रृंखला में मंगलवार को दो बहनों ने जन्मदिन पर रक्तदान किया। श्री कल्याण मेडिकल हॉस्पिटल ब्लड सेंटर लैब अधीक्षक सत्येंद्र कुड़ी ने बताया कि सुधीर महरिया स्मृति संस्थान निदेशक एवं ब्लड मोटीवेटर बी एल मील की बड़ी बेटी डिंपल चौधरी के जन्मदिन पर श्री कल्याण हॉस्पिटल ब्लड सेंटर में दोनों बेटियों में डिंपल चौधरी ने 18वीं बार तथा दीपिका चौधरी ने छठी बार रक्तदान किया। दोनों बहनें अपने जन्मदिन पर नियमित रूप से रक्तदान करती आ रही हैं।

# ई-लाइब्रेरी, कोचिंग हब और मल्टी स्टोरी पार्किंग से बदलेगा सीकर का स्वरूप

## विधायक राजेंद्र पारीक ने जारी किया 11 सूत्री संकल्प पत्र

महानगर टाइम्स संवाददाता



**सीकर।** नगर परिषद चुनाव-2026 को लेकर कांग्रेस विधायक राजेंद्र पारीक ने मंगलवार को 'विकसित सीकर-समृद्ध सीकर' थीम पर 11 सूत्रीय संकल्प पत्र जारी किया। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, यातायात, स्वच्छता, पर्यावरण, महिला सुरक्षा, खेल, पशु कल्याण और डिजिटल सेवाओं से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता दी गई है।

संकल्प पत्र में ई-लाइब्रेरी, विजडम वैली और कोचिंग हब विकसित करने, आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए प्रतिवर्ष 100 नीट/जेईई विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देने तथा बच्चों के लिए नेहरू बाल विकास केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव है।

### जनता क्लिनिक से पार्किंग तक

शहर में जनता क्लिनिक स्थापित करने, श्मशान घाट-कब्रिस्तानों में शेड, पानी, रोशनी व स्वच्छता सुविधाएं विकसित करने तथा व्यावसायिक क्षेत्रों में मल्टी स्टोरी पार्किंग बनाने का संकल्प लिया गया है। ट्रैफिक लाइट, डिवाइडर, स्पीड ब्रेकर और प्रमुख चौराहों के विकास के साथ सड़कों व गलियों को भी चरणबद्ध बेहतर बनाने की बात कही गई है।

### महिला सुरक्षा और खेल सुविधाएं

चौराहों, बाजारों व कोचिंग क्षेत्रों में सीसीटीवी, स्ट्रीट लाइट और पिंक टॉयलेट की सुविधा बढ़ाने तथा महिला स्वयं सहायता समूहों को प्राथमिकता देने की बात कही गई है। खेल स्टेडियम के चरणबद्ध जीर्णोद्धार और खेल सुविधाओं के विस्तार के साथ नंदीशाला-गौशालाओं को सहयोग तथा आवारा श्वानों के लिए एबीसी कार्यक्रम प्रभावी करने का प्रस्ताव है।

### परिषद की सेवाएं होंगी ऑनलाइन

जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र, विवाह पंजीयन, पट्टा, नामांतरण सहित नगर परिषद की प्रमुख सेवाओं को ऑनलाइन और समयबद्ध करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही नगर परिषद में शामिल होने वाले ग्राम पंचायत क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाएं विकसित करने तथा परिषद की अपनी आवासीय परियोजना शुरू करने का प्रस्ताव है।

इस अवसर पर वर्तमान सभापति जीवन खान ने भी विभिन्न विकास योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनीता गटाला, प्रदेश कांग्रेस सदस्य जगदीश दानोदिया, सीकर शहर ब्लॉक अध्यक्ष राजेश सैनी और ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश फौजी सहित कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

### रोजगार और कारोबार को बढ़ावा

स्थानीय कारीगरों व छोटे उद्यमियों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए साल में चार अर्बन हाट एवं मेले तथा युवाओं-व्यापारियों के लिए आधुनिक सीकर चौपाटी विकसित करने का प्रस्ताव है।

### जलभराव और सफाई पर फोकस

वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन, नियमित डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम विकसित कर जलभराव की समस्या दूर करने तथा सीवरेज से वंचित कॉलोनियों में नेटवर्क विस्तार का संकल्प लिया गया है।

### नानी बीड़ बनेगा इको पार्क

नानी बीड़ को पक्षी विहार एवं इको पार्क के रूप में विकसित करने, नए पार्क बनाने, पौधरोपण और मौजूदा पार्कों के सौंदर्यीकरण तथा स्मृति वन में ट्रीटेड वाटर उपलब्ध कराने की योजना है।

# जॉन्सगंज फाटक आज रहेगा बंद

**अजमेर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** उत्तर-पश्चिम रेलवे, अजमेर मंडल के अंतर्गत जोन्सगंज एवं कैरिज वर्कशॉप के मध्य अजमेर-आदर्शनगर रेल खंड पर स्थित समपार फाटक (लेवल क्रॉसिंग) संख्या 01/स्पेशल आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते 9 सितंबर को सड़क यातायात के लिए बंद रहेगा। इस समपार पर रेल पैनल बिछाने का कार्य किया जाना है। इसके चलते 9 सितंबर को प्रातः 8 से सायं 4 बजे तक यह फाटक आम यातायात के लिए पूर्णतः बंद रहेगा। रेलवे ने आमजन व वाहन चालकों से इस अवधि के दौरान आवागमन के लिए नारीशाला मार्ग अथवा अन्य वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है।

# वरिष्ठ अध्यापक शिवकुमार वर्मा को शिक्षक गौरव सम्मान



महानगर टाइम्स संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुरा श्रीमाधोपुर सीकर निवासी, शिक्षक शिवकुमार वर्मा को मानव जन जागृति संस्थान द्वारा राज्य स्तरीय शिक्षक गौरव सम्मान 2026 से चौमूं (जयपुर) में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहने, सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने, पर्यावरण संरक्षण अभियान एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान में सक्रिय भूमिका रहने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख शासन सचिव (आयुष) सुबीर गुप्ता, उद्यमी सुनीता दामिनी गुप्ता, सौदागर कांदेला, (प्रदेशाध्यक्ष) रणजीत महारानियां (संरक्षक) पूर्व डीजीपी रविप्रकाश महरड़ा, जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह मीणा, आईपीएस सोनचंद लाडना, गजानंद परिहार आदि उपस्थित रहे।

# आंतरिक अनुराग और ग्लानि रहित सेवा करना वैयावृत्ति : सुबोधमति माताजी

**फागी (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** कस्बे के पार्श्वनाथ चैत्यालय में आर्यिका श्रुतमति माताजी, आर्यिका सुबोधमति माताजी पावन चातुर्मास में ज्ञान की गंगा बहा रही हैं। राजस्थान जैन महासभा शाखा फागी के महामंत्री राजाबाबू गोधा ने बताया कि मंगलवार को धर्मसभा में आर्यिका सुबोधमति माताजी ने साधु-संतों की वैयावृत्ति के बारे में व्याख्या करते हुए बताया कि इसका मतलब केवल हाथ-पैर दबाना नहीं, बल्कि आंतरिक अनुराग और ग्लानि रहित सेवा- सुश्रुषा करना है। साधु संतों की सेवा करना, उनके प्रति समर्पित भाव रखना, ग्लानि रहित होकर जरूरत पड़ने पर मल, मूत्र भी साफ करना, ये सब वैयावृत्ति के अंग माने जाते हैं। इसे जैन धर्म में एक बहुत बड़ा तप और जिनेंद्र भगवान की भक्ति का रूप बताया गया है। वैयावृत्ति जैन धर्म में एक अत्यंत महत्वपूर्ण आंतरिक तप और धार्मिक कर्तव्य है, अर्थात गुणवान, संयमी और साधु संतों की तन-मन से सेवा करना है। उन्होंने कहा कि शरीर की नश्वरता और आत्मा की अमरता को समझ कर, शरीर के ग्लानि जनित रूप को देखकर अनदेखा करना और उनकी सेवा करते हुए आत्मा के गुणों का आदर करना चाहिए।



# 11 वार्डों में महिला मतदाताओं का वर्चस्व, एक वार्ड में पुरुष-महिला मतदाता बराबर

## जैसलमेर नगर परिषद चुनाव आज : 45 वार्डों में 36 हजार 642 मतदाता करेंगे मताधिकार का उपयोग

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जैसलमेर।** जैसलमेर नगर परिषद के लिए 9 सितम्बर को प्रातः 7 से सायं 6 बजे तक होने वाले मतदान के दौरान 45 वार्डों में 36 हजार 642 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इसमें 19 हजार 162 पुरुष एवं 17 हजार 478 महिला मतदाता हैं। वहीं दो थर्ड जेण्डर मतदाता हैं। जैसलमेर में शहर की शहर बनाने के लिए इस बार करीब ग्यारह वार्डों में महिला मतदाताओं का वर्चस्व है, यानि महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक हैं, वहीं एक वार्ड में पुरुष और महिला मतदाता की संख्या बराबर है।

### इन वार्डों में महिलाओं का बोलबाला

सबसे दिलचस्प पहलू है कि शहर के भीतरी भाग के वार्डों में महिला मतदाता पुरुष मतदाताओं पर भारी हैं। जानकारी के अनुसार वार्ड 4 में 255 पुरुष एवं 273 महिला मतदाता, वार्ड 5 में 300 पुरुष एवं 310 महिला मतदाता, वार्ड 15 में 331 पुरुष एवं 336 महिला मतदाता हैं। वार्ड 16 में 288 पुरुष एवं 313 महिला मतदाता, वार्ड 17 में 256 पुरुष एवं 262 महिला मतदाता, वार्ड 19 में 400 पुरुष एवं 448 महिला मतदाता, वार्ड 23 में 397 पुरुष एवं 408 महिला मतदाता, वार्ड 24 में 410 पुरुष एवं 422 महिला मतदाता हैं। वहीं वार्ड 29 में 370 पुरुष एवं 397 महिला मतदाता, वार्ड 34 में 439 पुरुष एवं 447 महिला मतदाता, वार्ड 36 में 423 पुरुष एवं 454 महिला मतदाता हैं। इस प्रकार कुल 45 वार्डों में से ग्यारह में महिला मतदाता अधिक हैं, वहीं 32 में 561 पुरुष एवं 561 महिला मतदाता की संख्या बराबर है।

शहरी क्षेत्र में अमूमन महिला मतदाता का मत प्रतिशत अधिक रहता है पुरुष मतदाताओं के मुकाबले, इसीलिए कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि इस बार शहर की सरकार बनाने में महिला मतदाताओं की भूमिका निर्णायक रहने वाली है। शहर के 45 वार्डों में कुल 191 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। वार्ड 23 में पार्षद निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद बुधवार को 44 वार्डों में मतदान होगा।

# खाटूश्यामजी नगरपालिका : 20 वार्डों में 73 प्रत्याशी मैदान में

**खाटूश्यामजी (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** नगरीय निकाय चुनाव 2026 को लेकर स्थानीय प्रशासन और चुनाव विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस चुनाव में कस्बे के 20 वार्डों में 11550 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। नगरीय निकाय चुनाव में 73 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सुगम मतदान संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दी है। चुनाव को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए मतदान दलों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कपिल उपाध्याय के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय भागचंदका राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में आयोजित हुआ। इस दौरान चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत सभी मतदान कार्मिकों को मतदान प्रक्रिया, ईवीएम संचालन और सुरक्षा मानकों से जुड़ी जानकारियां दी गईं। प्रशिक्षण की औपचारिकताएं पूरी होने के बाद सभी पोलिंग पार्टियों ने अपने-अपने आवंटित मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अपनी-अपनी व्यवस्थाएं संभाल ली। संवेदनशील और अति-संवेदनशील केंद्रों पर सुरक्षा के अतिरिक्त कड़े इंतजाम किए गए हैं। मतदान बुधवार सुबह 7 बजे शुरू हो जाएगा।



## नगर पालिका श्रीमाधोपुर चुनाव-2026

# 130 प्रत्याशियों के भाग्य का 29813 मतदाता करेंगे फैसला




**श्रीमाधोपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** नगर पालिका श्रीमाधोपुर के 35 वार्डों के लिए 9 सितंबर को प्रातः7 से शाम 6 बजे तक पार्षद चुनने के लिए ईवीएम से मतदान किया जाएगा। 35 वार्ड में इस बार 29813 मतदाता हैं, जिनमें 15495 पुरुष, 14317 महिलाएं व एक थर्ड जेंडर है। इस चुनाव में 130 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं, जिनमें भाजपा के 33, कांग्रेस के 32, बसपा के दो, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का एक व 62 निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव मैदान में डटे हुए हैं।

इस बार नगर पालिका में अन्य पिछड़ा वर्ग का अध्यक्ष चुना जाएगा। 35 में से बूथ नंबर 4, 12, 14, 15, 17, 21, 24, 25, 29, 34 तथा 36 अति संवेदनशील बूथ माने जा रहे हैं। यहां पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया जाएगा। नौ सितंबर को मतदान के बाद मतों की गणना 14 सितंबर को की जाएगी। उसके बाद 15 व 16 सितम्बर को पालिका अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरे जाएंगे व 21 सितंबर को मतदान होगा और उसी दिन मतगणना कर परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी। 22 सितंबर को उपाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी अपने-अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए घर-घर पहुंच रहे हैं।

# निष्पक्ष, स्वतंत्र और भय मुक्त मतदान कराना मतदान दलों की अहम जिमेदारी : आशीष मोदी



## जिला निर्वाचन अधिकारी ने रींगस, श्रीमाधोपुर, खण्डेला और नीमकाथाना मतदान दलों के रवानगी स्थलों का किया निरीक्षण

### प्रथम चरण में 10 नगरीय निकायों के 3 लाख 2 हजार 69 मतदाता करेंगे मतदान

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** नगर निकाय आम चुनाव-2026 के तहत मतदान सम्पन्न करवाने के लिए मतदान दलों की मंगलवार प्रातः 10 बजे अंतिम प्रशिक्षण एवं मतदान सामग्री उपलब्ध कराकर निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए रवानगी की गई। प्रथम चरण के मतदान के लिए फतेहपुर, लक्ष्मणगढ़, पलसाना, दांता, खाटूश्यामजी, रींगस, खण्डेला, श्रीमाधोपुर, अजीतगढ़ एवं नीमकाथाना नगरीय निकायों के मतदान दल संबंधित निर्धारित रवानगी स्थलों से रवाना हुए, जो देर शाम तक मतदान केन्द्रों पर पहुंच गए। इन नगरीय निकायों में 9 सितम्बर को मतदान होगा। जिला कलेक्टर आशीष मोदी एवं पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नुनावत ने मंगलवार को रींगस, श्रीमाधोपुर, खण्डेला एवं नीमकाथाना में मतदान दलों के प्रशिक्षण एवं रवानगी स्थलों का निरीक्षण कर चुनावी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने राजकीय कन्या महाविद्यालय श्रीमाधोपुर पहुंचकर मतदान दलों के प्रशिक्षण, रवानगी स्थल तथा मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान दलों को निर्वाचन नियमावली के अनुसार मतदान प्रक्रिया सम्पन्न करवाने तथा मतदान सामग्री एवं अन्य व्यवस्थाओं की भली-भांति जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित मतदान केन्द्रों पर पहुंचने के बाद मतदान संबंधी सामग्री एवं व्यवस्थाओं की पुनः जांच कर ली जाए, ताकि मतदान दिवस पर किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न न हो। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी श्रीमाधोपुर सौरव भाम्बु, तहसीलदार राकेश पूनियां सहित पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

इसी प्रकार रींगस में भी जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने चुनावी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मतदान दलों की रवानगी के साथ आयोजित अंतिम प्रशिक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने निर्वाचन नियमावली के अनुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न करवाने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात करने के निर्देश दिए। रींगस में 9 सितम्बर को 35 वार्डों के लिए मतदान होगा। इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी बृजेश कुमार एवं तहसीलदार महेश ओला सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष मोदी ने नीमकाथाना और खण्डेला में मतदान दलों की रवानगी में सभी मतदान कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि नगरीय निकाय के प्रथम चरण में फतेहपुर में 74 हजार 298 मतदाता, लक्ष्मणगढ़ में 51 हजार 4, दांता में 15837, खाटूश्यामजी 10969, पलसाना 11019, खण्डेला में 30 हजार 14, रींगस में 20 हजार 346, नीमकाथाना में 46 हजार 558, श्रीमाधोपुर में 29 हजार 384, अजीतगढ़ में 12640 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रथम चरण में जिले के 10 नगरीय निकायों के 3 लाख 2 हजार 69 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# मतदान दलों की हुई रवानगी, अनुपस्थित रहने पर 13 कार्मिकों को नोटिस जारी

महानगर टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीकर अनिल कुमार ने बताया कि नगर निकाय आम चुनाव-2026 के तहत 8 सितम्बर को मतदान दलों की रवानगी के दौरान अनुपस्थित रहने वाले 13 कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 9 सितम्बर को अपना स्पष्टीकरण व्यक्तिशः प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि निर्वाचन विभाग, राजस्थान, जयपुर द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुसार नगर निकाय आम चुनाव-2026 के लिए 8 सितम्बर को मतदान दलों की रवानगी निर्धारित की गई थी। रवानगी के दौरान अनुपस्थित रहकर निर्वाचन संबंधी निर्देशों की अवहेलना करने एवं चुनाव कार्य के प्रति उदासीनता बरतने के संबंध में संबंधित कार्मिकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे 9 सितम्बर को उप जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष व्यक्तिशः उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें।

अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों में महिपाल सिंह व्याख्याता शहीद मंगूसिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पनलावा, उमाशंकर गोठवाल प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महरोली, योगेश कुमार व्याख्याता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भारीजा, मनीष कुमार कनिष्ठ सहायक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बलोद बड़ी, महेन्द्र कुमार शिक्षक-2 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाटड़ानाऊ, सत्यप्रकाश पंवार प्रधानाचार्य शहीद हरजीराम कालेर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाडलवास, राजेन्द्र सिंह व्याख्याता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्यामपुरा, प्रदीप कुमार बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लखीपुरा, गणेशराम चौहान लाइब्रेरियन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दिशनाऊ, राजकुमार राव वरिष्ठ अध्यापक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रसीदपुरा, गुल्लाराम यादव कनिष्ठ सहायक पंचायत समिति पलसाना, धर्मेन्द्र कुमार गुर्जर शिक्षक-1 राजकीय प्राथमिक विद्यालय 443136 रिले तथा सुरेन्द्र कुमार चेजारा व्याख्याता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय होल्या का बास शामिल हैं।

# भय मुक्त होकर करें मतदान, कलेक्टर-एसपी ने किया फ्लैग मार्च

## हर बूथ पर पुलिस रहेगी अलर्टः नूनावत

महानगर टाइम्स संवाददाता



**नीमकाथाना।** नगर निकाय चुनाव को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। बुधवार को होने वाले मतदान से एक दिन पहले मंगलवार को नीमकाथाना शहर में कलेक्टर आशीष मोदी और एसपी प्रवीण नायक नूनावत के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। शहर के 40 वार्डों में 147 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। ऐसे में शांतिपूर्ण और भयमुक्त मतदान कराने के लिए पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।

फ्लैग मार्च खेतड़ी मोड़ से शुरू हुआ, जो जिला अस्पताल के सामने से होते हुए रामलीला मैदान सर्किल और शाहपुरा रोड तक पहुंचा। इसमें पुलिस और प्रशासन के बड़ी संख्या में अधिकारी एवं जवान शामिल रहे। कलेक्टर आशीष मोदी ने कहा कि मतदाता बिना किसी भय के अपने मताधिकार का प्रयोग करें। चुनाव को लेकर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश और गाइडलाइन दी गई है। मतदान के दौरान शहर में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

एसपी प्रवीण नायक नूनावत ने कहा कि चुनाव को लेकर पुलिस की पैनी नजर है और कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र के बाहर पुलिस बल तैनात रहेगा, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो।

### सेंसिटिव बूथों का किया निरीक्षण, अतिरिक्त जाब्ता रहेगा तैनात

एसपी प्रवीण नायक नूनावत ने बताया कि मतदान से पहले सेंसिटिव बूथों का आकलन किया गया है। इन मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस बल के साथ मोबाइल पार्टियां और सुपरवाइजर अधिकारी भी अतिरिक्त रूप से तैनात किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि रिजर्व जाब्ता भी तैयार रखा गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल मौके पर भेजा जा सके। पुलिस की ओर से सभी संवेदनशील क्षेत्रों और मतदान केंद्रों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी।

### बूथ का निरीक्षण, कई वार्डों में लिया जायजा

फ्लैग मार्च के बाद कलेक्टर और एसपी ने बूथ नंबर 33 का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्र पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सुरक्षा इंतजामों की जानकारी ली। इसके साथ ही अधिकारियों ने शहर के कई वार्डों का दौरा कर चुनावी तैयारियों और कानून व्यवस्था का भी जायजा लिया।

इस दौरान एडीएम भगीरथ साख, एएसपी लोकेश मीणा, डीएसपी सुशील मान, तहसीलदार वीपी सिंह नरुका, ईओ रणजीत सिंह, कोतवाली सीआई विक्रम सिंह, डाबला सीआई सुनीता बॉयल सहित पुलिस और प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद रहे।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook Instagram twitter YouTube


# ड्रोन से ड्रोन रोधी सिस्टम तक, दिखेगी भारत की स्वदेशी तकनीक की ताकत

## पोखरण में ड्रोनाथॉन-2026 का आयोजन 14 सितंबर से

महानगर टाइम्स संवाददाता

**पोकरण।** ड्रोन तकनीक युद्ध और निगरानी के क्षेत्र में तेजी से अहम होती जा रही है। इसी के मद्देनजर भारतीय वायुसेना देश में विकसित ड्रोन और ड्रोन रोधी तकनीकों की क्षमता परखने की तैयारी कर रही है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, भारतीय वायुसेना 14 से 16 सितंबर तक जैसलमेर की पोकरण रेंज में 'ड्रोनाथॉन-2026' आयोजित करेगी। इसमें घरेलू रक्षा कंपनियां, स्टार्टअप और नवोन्मेषक अपनी तकनीक का प्रदर्शन करेंगे। यह भारतीय वायुसेना की ऐसी पहल है, जिसमें देश में विकसित मानवरहित हवाई प्रणाली और ड्रोन रोधी प्रणाली को एक ही मंच पर प्रदर्शित और परखा जाएगा। इसका प्रमुख उद्देश्य घरेलू निर्माताओं को अपनी तकनीकी क्षमता दिखाने का अवसर देना है। साथ ही वायुसेना और उद्योग के बीच संवाद बढ़ाकर ऐसी तकनीकों की पहचान करना है, जो वास्तविक परिचालन जरूरतों के अनुरूप हों।



### कार्यक्रम में किस तरह की तकनीक दिखाई जाएगी?

- निगरानी और टोही से जुड़ी तकनीकें, जिनकी मदद से संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार नजर रखने और महत्वपूर्ण सूचनाएं जुटाने की क्षमता को बेहतर बनाया जा सकता है।
- स्वायत्त संचालन और ड्रोन के झुंड से जुड़ी तकनीकें भी प्रदर्शित की जाएंगी। इनका उद्देश्य एक साथ कई मानवरहित प्रणालियों के संचालन और समन्वय जैसी क्षमताओं को परखना है।
- इलेक्ट्रॉनिक युद्ध से जुड़ी प्रणालियां भी आयोजन का हिस्सा होंगी। इनमें ऐसे समाधान शामिल हो सकते हैं, जो बदलते युद्धक्षेत्र में ड्रोन से जुड़े खतरों से निपटने की क्षमता बढ़ाएं।

### प्रदर्शनी के साथ तकनीकों का परीक्षण भी

कार्यक्रम में स्थिर प्रदर्शन के साथ लाइव प्रदर्शन भी होंगे। इसका मतलब है कि वायुसेना को तकनीकों की वास्तविक संचालन क्षमता को करीब से देखने और समझने का अवसर मिलेगा। इससे यह आकलन करने में मदद मिल सकती है कि अलग-अलग प्रणालियां मौजूदा परिचालन जरूरतों के मुताबिक कितनी उपयोगी हैं और उनकी युद्धक क्षमता किस स्तर की है।

### भारतीय वायुसेना के लिए महत्वपूर्ण है ड्रोन रोधी तकनीक

आधुनिक युद्ध में छोटे और अपेक्षाकृत कम लागत वाले ड्रोन भी निगरानी, लक्ष्य पहचान और हमले जैसे कामों में इस्तेमाल किए जा सकते हैं। इसलिए केवल बेहतर ड्रोन विकसित करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि संभावित ड्रोन खतरों की पहचान और उन्हें निष्क्रिय करने वाली प्रणालियों को मजबूत करना भी जरूरी है। 'ड्रोनाथॉन-2026' इसी व्यापक जरूरत के संदर्भ में महत्वपूर्ण माना जा सकता है।

### आयोजन से भारतीय रक्षा उद्योग को क्या फायदा होगा?

इस पहल से घरेलू कंपनियों और रक्षा क्षेत्र में काम कर रहे नए उद्यमों को सीधे अपनी तकनीक प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। वायुसेना को भी अलग-अलग निर्माताओं के समाधान को एक साथ देखने और उनकी क्षमताओं का मूल्यांकन करने में मदद मिलेगी। इससे परिचालन जरूरतों और उद्योग द्वारा विकसित तकनीकों के बीच बेहतर तालमेल बनाने की संभावना बढ़ेगी।

### 'आत्मनिर्भर भारत' से इसका क्या संबंध है?

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, 'ड्रोनाथॉन-2026' आत्मनिर्भर भारत के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप है। आयोजन के जरिए देश में विकसित मानवरहित और ड्रोन रोधी प्रणालियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। उद्योग विशेषज्ञों, स्टार्टअप और नवोन्मेषकों को एक मंच पर लाकर स्वदेशी रक्षा तकनीक के विकास को गति देने की कोशिश की जाएगी।

'ड्रोनाथॉन-2026' का आयोजन 14 से 16 सितंबर 2026 तक जैसलमेर की पोकरण रेंज में किया जाएगा। पोकरण का चयन महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां वास्तविक परिस्थितियों के करीब तकनीकों का परीक्षण और प्रदर्शन किया जा सकता है। कार्यक्रम में केवल उपकरणों को प्रदर्शित नहीं किया जाएगा, बल्कि उनकी परिचालन क्षमता का लाइव प्रदर्शन भी होगा।

## वायुसेना का हवाई अभ्यास 17 से

### पाकिस्तान सीमा तक आरक्षित हुआ एयरस्पेस, बढ़ी हलचल

**जैसलमेर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** भारतीय वायुसेना पश्चिमी राजस्थान में 21 सितंबर से 7 अक्टूबर तक बड़े स्तर का हवाई अभ्यास करने जा रही है। इसके लिए 17 दिनों के लिए हवाई क्षेत्र आरक्षित किए जाने का नोटम जारी हुआ है। जैसलमेर, बाड़मेर, फलौदी और जोधपुर के साथ बीकानेर के नाल क्षेत्र के आस-पास भी हवाई गतिविधियों के लिए प्रतिबंध लागू रहेंगे। कुछ आरक्षित क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब 20 किलोमीटर तक की दूरी में बताए जा रहे हैं।

जारी नोटम के अनुसार, पश्चिमी राजस्थान के निर्धारित क्षेत्रों में करीब 40 हजार फीट तक का हवाई क्षेत्र सैन्य गतिविधियों के लिए आरक्षित किया गया है। इसका असर जैसलमेर, बाड़मेर, फलौदी और जोधपुर सेक्टर के साथ नाल-बीकानेर के आस-पास के हवाई क्षेत्र पर भी रहेगा।

**क्या होता है नोटम?:** नोटम यानी 'नोटिस टू एयर मिशन्स' एक मानक विमानन सूचना होती है। इसके जरिए पायलट, एयरलाइंस और अन्य हवाई क्षेत्र उपयोगकर्ताओं को किसी क्षेत्र में अस्थायी प्रतिबंध, खतरे या विशेष हवाई गतिविधि की जानकारी दी जाती है। इसलिए नोटम जारी होना अपने आप में सैन्य कार्रवाई का संकेत नहीं माना जाता।



**सितंबर में लगातार दो बड़े हवाई अभ्यास की तैयारी:** पश्चिमी राजस्थान में इस अवधि के दौरान दो प्रमुख हवाई अभ्यास की तैयारी चल रही है। भारत-जापान का 'वीर गार्जियन 2026' अभ्यास जोधपुर में आयोजित होना है, जिसके बाद बहुराष्ट्रीय 'तरंग शक्ति 2026' अभ्यास प्रस्तावित है। 'वीर गार्जियन' में पहली बार जापानी एफ-2ए लड़ाकू विमानों के भारतीय वायुसेना स्टेशन से संचालन की जानकारी सामने आई है।

**पाकिस्तान की सीमा के पास गतिविधियों पर निगाह:** राजस्थान का यह क्षेत्र पाकिस्तान की सीमा के नजदीक है, इसलिए इतने बड़े पैमाने पर हवाई क्षेत्र आरक्षित किए जाने से पड़ोसी देश की निगाह इस गतिविधि पर बनी हुई है। कुछ रिपोर्ट्स में पाकिस्तान की ओर से निगरानी बढ़ाने और रक्षा अधिकारियों की बैठक की बात कही गई है, हालांकि इन दावों की स्वतंत्र आधिकारिक पुष्टि स्पष्ट रूप से सामने नहीं आई है।

---

आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग

# श्री चरणी शीर्ष पर बरकरार, दीप्ति शर्मा को भी फायदा

### स्मृति मंधाना-हरमनप्रीत कौर शीर्ष 10 में

विशेष संवाददाता

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा मंगलवार को जारी टी20 गेंदबाजों की सूची में भारत की बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी शीर्ष क्रम पर बरकरार हैं। वहीं, अनुभवी दीप्ति शर्मा को फायदा हुआ है। ताजा रैंकिंग में श्री चरणी पहले, इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टन दूसरे, इंग्लैंड की चार्ली डीन तीसरे, दक्षिण अफ्रीका की एन मल्बा चौथे और इंग्लैंड की लॉरेन बेल पांचवें स्थान पर हैं।

भारत की अनुभवी स्पिनर दीप्ति शर्मा को दो स्थान का फायदा हुआ है। दीप्ति अब छठे स्थान पर चली गई हैं। दीप्ति मौजूदा एशिया कप में शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने तीन मैचों में आठ विकेट लिए हैं और भारतीय टीम को सेमीफाइनल में भारत की बढ़त में अहम भूमिका निभाई है। इंग्लैंड की लिंसे स्मिथ एक स्थान के नुकसान के साथ सातवें है और पाकिस्तान की नशरा संधु एक स्थान के नुकसान के साथ आठवें नंबर पर हैं। दक्षिण अफ्रीका की मारिजेन कैप को एक स्थान का फायदा हुआ है। वह नौवें नंबर पर हैं। पाकिस्तान की सादिया इकबाल एक स्थान के नुकसान के साथ दसवें स्थान पर हैं।

#### चामरी अट्टापट्टू को भी फायदा

इसके अलावा, एशिया कप में शानदार प्रदर्शन कर रही कुछ अन्य



गेंदबाजों को भी आईसीसी रैंकिंग में फायदा मिला है। बांग्लादेश की मारूफा अख्तर 19 स्थान की छलांग लगाते हुए 18वें स्थान पर पहुंच गई हैं। श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू पांच स्थान ऊपर चढ़कर 28वीं रैंक पर हैं और सुल्ताना खातून नौ स्थान ऊपर चढ़कर 37वीं रैंक पर हैं। थाईलैंड की थिपाचा पुथावोंग चार स्थान के सुधार से 47वीं रैंक पर हैं और उनकी टीम की साथी सुलीपोर्न लाओमी 10 जगह ऊपर चढ़कर 53वीं रैंक पर हैं।

#### बल्लेबाजों में कौन किस स्थान पर?

महिला टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग पर नजर डालें तो, ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी पहले, ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वॉल दूसरे, दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट तीसरे, वेस्टइंडीज की हिली मैथ्यूज चौथे, भारत की स्मृति मंधाना पांचवें, श्रीलंका की चमारी अथापट्टू छठे, भारत की शेफाली वर्मा सातवें, न्यूजीलैंड की अमेलिया केर आठवें, ऑस्ट्रेलिया की ताहिला मैक्ग्रा नौवें और भारत की हरमनप्रीत कौर 10वें स्थान पर हैं।

---

# लालसोट में चुनावी सरगर्मी तेज, भाजपा ने किया जीत का शंखनाद

### विधायक रामविलास मीणा ने दो वार्डों में चुनाव कार्यालयों का किया शुभारंभ, बोले—दो माह में पेयजल समस्या होगी दूर

महानगर टाइम्स संवाददाता



**लालसोट।** नगर निकाय चुनाव को लेकर लालसोट में सियासी पारा चढ़ने लगा है। सोमवार को भाजपा ने चुनावी रण में ताल ठोकते हुए वार्ड नंबर 10 और 25 में अपने प्रत्याशियों के चुनाव कार्यालयों का शुभारंभ किया। लालसोट विधायक रामविलास मीणा ने फीता काटकर दोनों कार्यालयों का उद्घाटन किया।

इस दौरान विधायक मीणा ने कहा कि लालसोट में पेयजल समस्या को लेकर सरकार गंभीर है। 10 करोड़ रुपए की पेयजल व्यवस्था स्वीकृत हो चुकी है और आगामी दो माह में शहर में पानी की किल्लत से लोगों को निजात मिलने की उम्मीद है। उन्होंने नियमित सफाई व्यवस्था को लेकर भी लोगों को भरोसा दिलाया। साथ ही गरीब वर्ग के लोगों को प्राथमिकता से आवास उपलब्ध कराने की बात कही। वार्ड नंबर 10 से भाजपा प्रत्याशी रजनी शर्मा और उनके पति शिवशंकर उर्फ बल्यां जोशी ने मतदाताओं से समर्थन की अपील करते हुए कहा कि वे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने और हर सुख-दुख में साथ खड़े रहने का प्रयास करेंगे। इधर, वार्ड नंबर 8 से भाजपा प्रत्याशी पिंकी चतुर्वेदी ने वार्ड में घर-घर जनसंपर्क कर मतदाताओं से संवाद किया। प्रत्याशी ने विकास और जनसमस्याओं के समाधान के मुद्दे पर समर्थन मांगा। जनसंपर्क के दौरान समर्थकों ने भी चुनावी माहौल को गरमा दिया। कार्यालय उद्घाटन के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता शंभूलाल कुईवाला, नवल झालानी, समाजसेवी सोनू बिनोरी, शंभू यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री परसादी लाल ने निर्दलीय प्रत्याशियों को लेकर साधा निशाना

### नगर निकाय चुनाव: कांग्रेस की आमसभा में भाजपा पर लगाए कई आरोप

महानगर टाइम्स संवाददाता




**लालसोट।** नगर निकाय चुनाव को लेकर सोमवार को नगर कांग्रेस कमेटी के बैनर तले जवाहर सर्किल पर हुई आमसभा में कांग्रेस नेताओं ने चुनावी रण में पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने के साथ भाजपा पर जमकर निशाना साधा।

सभा को संबोधित करते हुए पूर्व चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने आरोप लगाया कि लालसोट भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि 90ए कराने के नाम पर लोगों से तीन से चार लाख रुपए तक मांगे जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने युवाओं को टिकट देकर राजनीति में नई पीढ़ी को आगे बढ़ाने की पहल की है।

पूर्व मंत्री ने आमजन से निर्दलीय प्रत्याशियों को चुनावी मुकाबले से बाहर करने की अपील करते हुए कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। सभा में वक्ताओं ने कांग्रेस को मजबूत करने और नगर के विकास के लिए पार्टी प्रत्याशियों को जिताने की अपील की।

आमसभा में दौसा सांसद मुरारीलाल मीणा, जिला प्रमुख हीरालाल सैनी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रामजीलाल ओड़, पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्रा, पीसीसी सदस्य कमल मीणा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष विनोद गोयल चांदसेन, ब्लॉक अध्यक्ष दीपक पुरोहित, लालसोट ब्लॉक अध्यक्ष सीताराम मीणा, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक पटेल और पूर्व अध्यक्ष पुरुषोत्तम जोशी सहित कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं आमजन मौजूद रहे।

---

# अंतरराष्ट्रीय सम्मान लेकर लौटने पर सुमेर सिंह भाटी का स्वागत



### मंगोलिया में रेंजलैंड रीस्टोसेशन अवॉर्ड 2026 से सम्मानित

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** थार के ओरण, गोचर और सामुदायिक चरागाहों के संरक्षण के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे जैसलमेर के सुमेर सिंह भाटी को मंगोलिया के उलानबटार में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में रेंजलैंड रीस्टोसेशन अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय सम्मान लेकर जैसलमेर लौटने पर सुमेर सिंह का रेलवे स्टेशन से लेकर सोनार किले, जवाहर निवास और आल्हा डाडा मंदिर तक जगह-जगह स्वागत किया गया।

**'यह सम्मान संघर्ष की पहचान':** सुमेर सिंह भाटी ने कहा कि मंगोलिया में मिला सम्मान उनके लिए व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि थार के ओरण, पशुपालकों और ग्रामीणों के संघर्ष की पहचान है। उन्होंने कहा कि ओरण केवल धार्मिक आस्था से जुड़ी भूमि नहीं हैं, बल्कि थार के पर्यावरण, जैव विविधता, पशुधन और पशुपालकों की आजीविका का आधार हैं। वर्षों से ग्रामीणों और पशुपालकों के साथ मिलकर ओरणों के संरक्षण के लिए आवाज उठाई है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर सम्मान मिलने से उन्हें उम्मीद है कि अब ओरण संरक्षण के मुद्दे को और मजबूती मिलेगी।

**जगह-जगह किया अभिनंदन :** मंगोलिया से सम्मान लेकर जैसलमेर पहुंचने पर सुमेर सिंह भाटी के स्वागत का सिलसिला शुरू हो गया। रेलवे स्टेशन पर लोगों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद सोनार किले की ऐतिहासिक धरती पर उनका अभिनंदन किया गया। जवाहर निवास में भी सम्मान समारोह आयोजित हुआ। आल्हा डाडा मंदिर पहुंचने पर लोगों ने फूल-मालाओं और साफा पहनाकर उनका स्वागत किया।

## खुले कुएं में गिरने से युवक की मौत

### रक्षाबंधन पर पत्नी के साथ ससुराल आया था नरेश, दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

**रामगढ़ पचवारा (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** ग्राम जगनेर तुर्कान की बैरवा ढाणी में खुले सूखे कुएं में गिरने से 30 वर्षीय नरेश पुत्र बाबूलाल बैरवा निवासी सांवलयवाला, थाना टुंगा, जयपुर की मौत हो गई। नरेश रक्षाबंधन पर पत्नी के साथ ससुराल आया था। बताया गया कि वह शराब के नशे में किसी काम से बाहर गया था और कुएं के पास से गुजरते समय उसमें गिर गया। सूचना पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और नरेश को कुएं से बाहर निकाल उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना पर रामगढ़ पचवारा थाना पुलिस भी पहुंची। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। नरेश की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी और दो छोटे बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे ने ग्रामीण क्षेत्रों में खुले कुओं और बोरवेल को सुरक्षित तरीके से ढकने के प्रशासनिक निर्देशों की पालना पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

## झोलाछाप का बढ़ रहा जाल, मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नीमकाथाना।** उपखण्ड के पाटन-तहसील क्षेत्र अंतर्गत बीते कई दिनों से झोलाछाप का कथित रूप से बढ़ता जाल आमजन के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिना आवश्यक चिकित्सकीय योग्यता और पंजीकरण के क्लीनिक संचालित किए जाने के आरोप लग रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे चिकित्सकों द्वारा मरीजों का उपचार करने के साथ उन्हें क्लीनिक में भर्ती तक किया जा रहा है, जिससे गंभीर स्थिति में मरीजों की जान जोखिम में पड़ सकती है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में कुछ ऐसे लोग भी एलोपैथिक दवाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिनकी डिग्री एलोपैथी चिकित्सा से संबंधित नहीं है। आरोप है कि मरीजों के उपचार में बिना विशेषज्ञ चिकित्सकीय सलाह के विभिन्न दवाओं का उपयोग किया जाता है, जिनमें स्टेरॉयड जैसी दवाएं भी शामिल हैं। गलत तरीके से दवा दिए जाने से मरीजों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी रहती है।

ग्रामीणों के अनुसार धांधेला क्षेत्र में इस तरह का क्लीनिक संचालित होने की चर्चा है। लोगों का आरोप है कि लंबे समय से इस प्रकार की गतिविधियां जारी हैं। नियमों के अनुसार आधुनिक एलोपैथिक चिकित्सा का अभ्यास करने के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता तथा वैध चिकित्सकीय पंजीकरण आवश्यक है। ऐसे में गैर-अधिकृत व्यक्तियों द्वारा एलोपैथिक उपचार किए जाने की शिकायतों की स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच किया जाना जरूरी है।

ग्रामीणों ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से क्षेत्र में संचालित निजी क्लीनिकों की जांच कराने, चिकित्सकों की शैक्षणिक योग्यता एवं पंजीकरण की पुष्टि करने तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो किसी गंभीर मरीज की जान भी जा सकती है।

---

# पुराने रंग में नजर आएगी भारतीय हॉकी टीम



### एशियाई खेलों में नीली जर्सी में उतरेंगे खिलाड़ी, दिलीप टिर्की का ऐलान

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने मंगलवार को कहा कि भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमें जापान के आइची-नागोया में होने वाले आगामी एशियाई खेलों में नीली जर्सी पहनकर खेलेंगी। टिर्की ने कहा कि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने टीम किट के रंगों को लेकर विकल्प दिए थे, जिसके बाद हॉकी इंडिया ने भारतीय टीम की जर्सी के लिए नीले रंग को पहली पसंद बनाया।

टिर्की ने एशियाई खेलों में हिस्सा लेने जा रहे खिलाड़ियों के लिए आयोजित विदाई समारोह के इतर कहा, 'आईओए ने हमें टीम किट के लिए रंगों के विकल्प दिए थे। हॉकी इंडिया ने भारतीय टीम की जर्सी के लिए पहला रंग नीला और दूसरा रंग ऑरेंज चुना है।'

विश्व कप में जर्सी को लेकर हुआ था विवाद

हाल ही में नीदरलैंड और बेल्जियम में हुए विश्व कप से ठीक पहले भारतीय हॉकी टीम की जर्सी का रंग पारंपरिक नीले से बदलकर ऑरेंज किए जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। उस समय टिर्की ने इस प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा था कि उनकी या कार्यकारी बोर्ड की जानकारी के बिना जर्सी का रंग बदलने का फैसला लिया गया था।

# साक्षरता की जलाई अलख, शिक्षा से रोशन होगा हर घर

### खोहरापाड़ा में ब्लॉक स्तरीय 60वां अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया

महानगर टाइम्स संवाददाता

**लालसोट।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खोहरापाड़ा में मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय 60वां अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षा और साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक लोगों को साक्षरता की मुख्यधारा से जोड़ने का आह्वान किया गया।



पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी अंजना त्यागी ने कहा कि साक्षरता अभियान को चार चांद लगाने के लिए इसे अधिक से अधिक लोगों तक तेजी से पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पढ़ने-लिखने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाने का सशक्त माध्यम है।

प्रधानाचार्य रत्तीराम मीणा ने कहा कि वर्तमान समय में वित्तीय साक्षरता समय की मांग है। प्रत्येक व्यक्ति को आर्थिक लेन-देन, बचत और वित्तीय योजनाओं की जानकारी होना आवश्यक है, ताकि वह अपने भविष्य को बेहतर ढंग से सुरक्षित कर सके।

ब्लॉक साक्षरता समन्वयक अविनाश शर्मा ने बताया कि उल्लास ऐप पर साक्षरता के क्षेत्र में लालसोट ब्लॉक अग्रणी पायदान पर है। उन्होंने साक्षरता अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में जुटे सभी कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना की। स्काउट सचिव श्रीकांत शर्मा ने विद्यार्थियों को विभिन्न भाषाओं के ज्ञान की महत्ता बताते हुए कहा कि भाषा का ज्ञान व्यक्ति के लिए नए अवसरों के द्वार खोलता है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखते रहने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शीला मीणा, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा, शंकरलाल जाट भी अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

#### उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान लालपुरा के सर्वेयर रामरूप मीणा को उत्कृष्ट कार्य के लिए सर्वश्रेष्ठ सर्वेयर के रूप में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शीला मीणा ने सम्मानित किया। इसके साथ ही सुनील शर्मा सूरतपुरा, प्रिया शर्मा, सतीश मौर्य एवं सरदार सिंह गुर्जर का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों एवं अन्य लोगों को साक्षरता सामग्री का वितरण भी किया गया।

# भारत की पहली स्वदेशी बुलेट ट्रेन का ट्रायल अगले साल मई-जून में

महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत में स्वदेशी तकनीक से विकसित पहली बुलेट ट्रेन का ट्रायल अगले साल मई या जून तक शुरू होने की उम्मीद है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को बताया कि परीक्षण पूरा होने के दो से चार महीने के भीतर इसका व्यावसायिक उद्घाटन किया जा सकता है। वडोदरा में आयोजित 'नमो फोर विकसित भारत' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वैष्णव ने कहा कि हाई-स्पीड ट्रेन का पहला बॉडी फ्रेम हाल ही में तैयार किया गया है और इसे स्क्वीज टेस्टिंग के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा, 'अगले साल मई या जून तक भारत की अपनी बुलेट ट्रेन ट्रैक पर परीक्षण के लिए होगी। 2 से 4 महीने के परीक्षण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुलेट ट्रेन का उद्घाटन करेंगे।' रेल मंत्री ने कहा कि यह परियोजना आत्मनिर्भर भारत के विजन के अनुरूप विकसित की जा रही है। इससे वडोदरा और मुंबई के बीच यात्रा का समय काफी कम होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि बुलेट ट्रेन से वडोदरा से मुंबई की यात्रा करीब डेढ़ घंटे में पूरी की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर का निर्माण तेजी से चल रहा है और सूरत-वापी सेक्शन के इस साल दिसंबर तक पूरा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी से पैदा हुई चुनौतियों के बावजूद रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की गति तेज हुई है। बुलेट ट्रेन परियोजना का पहला सेक्शन 2020 में पूरा होने के बाद इसके अगले हिस्सों पर काम में तेजी आई। वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे का जो आधुनिक स्वरूप उभर रहा है, उससे आने वाली कई पीढ़ियों को लाभ मिलेगा।



### रेलवे में व्यापक स्तर पर आधुनिकीकरण

वैष्णव ने कहा कि सरकार रेलवे के ऑपरेटिंग सिस्टम, रिजर्वेशन प्लेटफॉर्म और पुराने कंस्ट्रक्शन प्रोटोकॉल्स में सुधार और आधुनिकीकरण कर रही है। उन्होंने हाल के वर्षों में पूरी हुई कई लंबित रेलवे परियोजनाओं का भी उल्लेख किया। इनमें चिनाब ब्रिज और मिजोरम को राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क से जोड़ने वाली रेल कनेक्टिविटी परियोजना शामिल हैं। रेल मंत्री के अनुसार, 280 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा चुका है और 36,000 किलोमीटर नई रेलवे लाइनें बिछाई गई हैं। वंदे भारत तकनीक पर आधारित कार्गो ट्रेंस भी विकसित की जा रही हैं।

एलएमई पर 14,533 डॉलर प्रति टन पहुंचा

## अमेरिकी टैरिफ की आशंका से तांबा ऑल-टाइम हाई पर



महानगर टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** लंदन मेटल एक्सचेंज (एलएमई) पर तांबे की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई है। इसकी वजह रिफाइंड तांबे पर अमेरिका द्वारा टैरिफ लगाए जाने की आशंका है, जिससे कारोबारियों ने तांबे की आपूर्ति अमेरिका भेजनी शुरू कर दी है और अन्य बाजारों के उपलब्धता कम हो गई है। एलएमई पर तीन महीने के वायदा में तांबे की कीमत 0.8 प्रतिशत बढ़कर 14,533 डॉलर मीट्रिक टन के नए ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गई है, जो कि जनवरी में दर्ज उच्चतम स्तर 14,527.50 मीट्रिक टन से अधिक है। इस साल अब तक तांबे की कीमत में करीब 17 प्रतिशत और पिछले 12 महीनों में करीब 47 प्रतिशत की तेजी आई है। घरेलू बाजार में भी तांबा वायदा (सितंबर) 1.21 प्रतिशत यानी 16.8 रुपए तक बढ़कर सुबह 10:30 बजे तक मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर 1,403.50 रुपए के इंट्राडे उच्च स्तर पर पहुंच गया। तांबे में यह तेजी लंबे समय से चली आ रही आपूर्ति और मांग के बीच असंतुलन को दर्शाती है। पुरानी होती खदानें डेटा सेंटर, नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं और बिजली ग्रिड से बढ़ती मांग के साथ तालमेल बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो रहा है। हालांकि, तांबे की कीमतों में हालिया उछाल अंतिम उपभोक्ताओं की मांग में अचानक वृद्धि की बजाय टैरिफ से जुड़े आपूर्ति प्रवाह के कारण अधिक आया है। इसके अलावा, अमेरिकी वाणिज्य विभाग को रिफाइंड तांबे पर टैरिफ लगाने की जरूरत को लेकर व्हाइट हाउस को सलाह देनी थी, लेकिन 30 जून की समयसीमा के दो महीने से अधिक समय बाद भी अंतिम फैसला सामने नहीं आया है। वैश्विक स्तर पर तांबे का भंडार अभी भी अपेक्षाकृत ऊंचा है, लेकिन तांबे का स्टॉक अमेरिका में केंद्रित हो गया है।

यूपी में वस्त्र उद्योग को मिल रहा नया विस्तार, 5,354 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मंजूर

## योगी सरकार की नीतियों से यूपी का वस्त्र उद्योग नई ऊंचाइयों पर : राकेश सचान

महानगर टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** वस्त्र उद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि योगी सरकार की नीतियों और निवेश अनुकूल माहौल से प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ उद्योगों को भी नई गति मिली है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदेश से करीब 35 हजार करोड़ रुपए का हस्तशिल्प निर्यात हुआ है, जबकि 2 लाख से अधिक हथकरघा बुनकर इस क्षेत्र से जुड़े हैं और 110 करोड़ रुपए से अधिक का निर्यात किया जा रहा है। कहा कि यूपी के वस्त्र उत्पादों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिली है।

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उ.प.रेलवे प्रधान कार्यालय, जयपुर के द्वारा निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित की गयी है। निविदाओं का विवरण **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. सं | निविदा सं. | अल्प विवरण | मात्रा | यूनिट | खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 50255206A | सप्लाई ऑफ रिले क्यूइसीएक्स | 8751 | नग | 23.09.2026 |
| 2 | 30263069 | स्पीड सेंसर जी 16 | 150 | नग | 18.09.2026 |
| 3 | 6325ENG45A | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर मनुफैक्टर एंड सप्लाई ऑफ थिक वेब स्विचेस आरडीएसओ Drg. no. T- 9791. | 800 | सेट | 03.11.2026 |
| 4 | 30260334 | एलस्टोमेरिक पैड | 233 | सेट | 30.09.2026 |
| 5 | 30260460 | एस-वेल स्पीड सेंसर | 667 | नग | 30.09.2026 |
| 6 | 40261907 | एक्टुएटर इटीआर फ्यूल कण्ट्रोल | 24 | नग | 07.10.2026 |
| 7 | 6325ENG07 | मनुफैक्टर एंड सप्लाई ऑफ गलुइड इंसुलेटेड रेल जोइंट्स आरडीएसओ Drg.T-2572. | 18000 | नग | 15.10.2026 |

**शुद्धिपत्र**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 6326ENG10 | S/2026/32 dated. 10.08.2026 | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट मनुफैक्टर एंड सप्लाई ऑफ प्री-स्ट्रेस्ड मोनो ब्लॉक कंक्रीट स्लीपर्स प्री-टेन्सिओनेड टाइप फॉर बी जी (1673 एम एम), फॉर डैरैलिंग स्विच टु आरडीएसओ/डीआरजी न. टी - 6068 | एनआईटी कंडीशन: सम एनआईटी कंडीशन एडेड एंड मॉडिफाइड है |
| 2 | 6325ENG49A | S/2026/25 dated. 17.06.2026 | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर मनुफैक्टर एंड सप्लाई ऑफ पीएससी स्लीपर्स 1 इन 12 टर्न आउट टू डीआरजी न. आरडीएसओ / टी -4218 | एनआईटी कंडीशन: सम एनआईटी कंडीशन/डॉक्यूमेंट एडेड डिलेटेड एंड मॉडिफाइड है |
| 3 | 6325ENG05C | S/2026/25 dated. 17.06.2026 | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर मनुफैक्टर एंड सप्लाई ऑफ 10 एमएम थिक कम्पोजिट ग्रोवेद रबर सोल प्लेट टी-8747 | एनआईटी कंडीशन: एनआईटी हैडर डिस्क्रिप्शन चेंज्ड एंड सम एनआईटी कंडीशन डिलेटेड / एडेड |

(1) इच्छुक निविदाकर्ता हमारी वेबसाईट **ireps.gov.in** पर सामग्री का पूरा विवरण/स्पेसिफिकेसन/बयाना राशि/निविदा फार्म का मूल्य और अन्य जानकारी देख सकते है। सभी निविदाकर्ताओं से निवेदन है कि अपने डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करें तथा अपनी फर्म को उक्त साईट पर रजिस्टर्ड करें। (2) 50 लाख से नीचे के विज्ञापित निविदा, सीमित निविदा, विशेष सीमित निविदा एवं कम मूल्य की निविदा में भाग लेने के लिए हमारी वेबसाईट **ireps.gov.in** पर जायें।

**1300-DE/26**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

---

## राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त- प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांक: 3662 — जाहिर आम सूचना — दिनांक 07.09.2026

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या P-61 TYPE-B (NRI), (एरिया 1250.00 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री रामस्वरूप कलवार पुत्र श्री घीसालाल कलवार एवं श्रीमती स्वीना माहेश्वरी पुत्री श्री रामस्वरूप कलवार को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 2045 दिनांक 26.05.2007 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 1160 दिनांक 27.09.2007 को जारी किया गया। [illegible] श्री विनोद कुमार देशवाल पुत्र श्री धनानन्द देशवाल एवं 2. श्रीमती सुनीता रानी पत्नी श्री विनोद कुमार देशवाल का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

संपदा प्रबंधक,वृत्त प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

---

## नगर निगम जयपुर

(पं. दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर-15)

क्रमांकः- एफ-6() उपा.राज.-द्वितीय/सा.प्र.)/ननिज./2026/744 दिनांकः 08.09.26

**सार्वजनिक विज्ञप्ति** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में फतेह टीबा कॉलोनी, आदर्श नगर जयपुर के भूखण्ड संख्या 811, फतेह टीबा कॉलोनी, आदर्श नगर, जयपुर का आवंटन श्री किशन चन्द गुप्ता पुत्र श्री बी.आर. गुप्ता के नाम से जारी किया गया था। अब उक्त भूखण्ड संख्या 811-ए, आदर्श नगर, जयपुर क्षेत्रफल 150.95 वर्गमीटर का विभिन्न पंजीकृत/अपंजीकृत श्रृंखलाबद्ध दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का लीज होल्ड पट्टा 1. श्री पुष्पेन्द्र अग्रवाल पुत्र श्री महेन्द्र कुमार अग्रवाल एवं 2. श्रीमती शिवांगी अग्रवाल पत्नी श्री पुष्पेन्द्र अग्रवाल निवासी सी-16, भगत सिंह मार्ग, तिलक मार्ग, जनता कॉलोनी, जयपुर दूरभाष नं. 8619445850 के द्वारा चाहा गया है। अतः भूखण्ड संख्या 811-ए, आदर्श नगर, जयपुर क्षेत्रफल 150.95 वर्गमीटर का लीज होल्ड पट्टा 1. श्री पुष्पेन्द्र अग्रवाल पुत्र श्री महेन्द्र कुमार अग्रवाल एवं 2. श्रीमती शिवांगी अग्रवाल पत्नी श्री पुष्पेन्द्र अग्रवाल निवासी सी-16, भगत सिंह मार्ग, तिलक मार्ग, जनता कॉलोनी, जयपुर के पक्ष में किये जाने बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी अथवा अन्य हितसम्बद्ध व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालयः उपायुक्त, राजस्व द्वितीय, कक्ष सं. 227 प्रथम तल, नगर निगम जयपुर मुख्यालय, लाल कोठी जयपुर में प्रस्तुत करें अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद नियमानुसार उक्त भूखण्ड का लीज होल्ड पट्टा जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।

उपायुक्त (राजस्व द्वितीय) नगर निगम जयपुर

---

**आम सूचना** सर्व आम को सूचित है कि मेरे अभिभाष्य श्री विजय मीणा पुत्र श्री कालूराम मीणा, निवासी बी-3, आशीष विहार, जगतपुरा, जयपुर का है तथा मेरे अभिभाष्य ने प्लाट नम्बर ए-39, वसंत कुंज, ग्राम रलावता, तहसील बस्सी, जिला जयपुर ने जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र कय किया गया है जिसका पट्टा ट्रांसफर हेतु जयपुर विकास प्राधिकरण में आवेदन प्रस्तुत किया है उक्त सम्पत्ति के नामान्तरकरण के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था को कोई दावा/आपत्ति अथवा किसी भी प्रकार का स्वामित्व का अधिकार हो तो इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस के भीतर दावे/आपत्ति के संबंध में समस्त दस्तावेजात से संबंधित जेडीए कार्यालय जोन-9 में प्रस्तुत करे तथा सात दिवस के पश्चात प्राप्त किसी भी दावे/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा और नियमानुसार प्लाट के नामान्तकरण की कार्यवाही विजय मीणा के पक्ष में कर दी जावेगी।

जयपुर — भवदीय (सुरेश कुमार) एडवोकेट
दिनांक 08.09.2026 — मो. 9887988211

---

## आम सूचना — जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक : F-JDA/Zone 09/2026/D-742 दिनांक : 08.09.2026

आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 325479 दिनांक 17/08/2026 को निम्नांकित भूखण्ड का Sub Division and Reconstitution जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं :-

| आवेदक का नाम | मूल आवंटी/ लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स./ निजी खातेदारी/ जविप्रा योजना |
|---|---|---|---|---|
| Govind Singh Rathore S/o Shri Nahar Singh Rathore एवं Manvendra Singh Rathore S/o Giriraj Singh Rathore | श्री गंगाराम चौधरी पुत्र श्री नारायण चौधरी | 55, 56 | 130.55 SQ. YARD, 130.55 SQ. YARD | Private |

योजना का नाम : GANGA ENCLAVE VI

सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया : Sub Division and Reconstitution

कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज : [illegible]

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Sub Division and Reconstitution जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection Module के माध्यम से आपत्ति Online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। उपायुक्त, जोन 09

---

## उत्तर पश्चिम रेलवे

### खुली ई-निविदा सूचना

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप मुख्य अभियन्ता निर्माण, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित इलेक्ट्रोनिक फॉर्मेट पर ऑन लाइन खुली ई निविदा (दो पैकेट प्रणाली) आमंत्रित करते है। 1. **निविदा सूचना संख्याः** उपरे-एससी- बीकेएन-3-2026-27; 2. **कार्य का नाम स्थान सहितः** बीकानेर डिवीजन के बीकानेर-लालगढ सेक्शन में LC नंबर 140 (कोटे गेट फाटक) पर 2x4.00mx2.50m साइज का RUB और LC नबर 141 (सांखला फाटक) पर 4mx2.5m साइज का पैदल यात्रियों के लिए सबवे (कवरिंग और अन्य सहायक कार्यों के साथ) बनाने का काम। 3. **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 11,78,83,335.82; 4. **जमा की जाने वाली बिड सिक्यूरिटीः** रु. 23,57,700.00; 5. **निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की दिनांकः** 06.10.2026 को 15.00 बजे तक; 6. **वेबसाइट का विवरण जहाँ पर ई निविदा देखी जा सकती हैः** **www.ireps.gov.in**; 7. **कार्यालय का ई मेल पताः** **dycecbkn@gmail.com**; **नोटः** 1. कोई भी निविदा व्यक्तिगत रूप में स्वीकार नहीं की जाएगी। 2. बिड सिक्योरिटी (धरोहर राशि का भुगतान नकद ई पेमेंट गेटवे द्वारा अथवा भारत स्थित किसी Scheduled Commercial Bank द्वारा जारी बैंक गारंटी बॉन्ड अथवा निविदा दस्तावेज में उल्लेखित अनुसार किया जाना चाहिए। बैंक गारंटी बॉन्ड वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी निर्माण उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के पक्ष में ही जारी किया जाना चाहिए अन्यथा निविदा मान्य नहीं होगी।

**1292-AM/26**

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

---

## पूर्व रेलवे

**खुली निविदा सूचना सं.: जीएसयू/इलेक्ट/एसएन/2026/01/आर, दिनांक 03.09.2026,** उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/इलेक्ट, गति शक्ति यूनिट, आसनसोल, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस और निम्नलिखित कार्य के निष्पादन में वित्तीय संपन्नता रखने वाले प्रतिष्ठित निविदाकारों से ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा केस सं.: जीएसयू-इलेक्ट-एसएन-2026-01-आर, कार्य का नामः** गति शक्ति यूनिट, आसनसोल के अधीन (क) अंडाल के मार्शलिंग यार्ड में नए आरओएच शेड और (ख) आसनसोल के इलेक्ट्रिक लोको शेड में इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के निरीक्षण और रखरखाव गतिविधियों के लिए ट्रिप मेन्टेनेंस/एडवांस इंस्पेक्शन सेंटर के प्रावधान के लिए कार्य के विद्युत (सामान्य) अंश हेतु खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 5,68,33,511.20, **बयाना राशि :** रु. 11,36,700/-, **बंद होने की तिथि और समय** : दिनांक 29.09.2026 को 12.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता :** खुलने की तिथि से 60 दिन। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-250/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook Instagram YouTube

# कार सवार बदमाशों ने पेट्रोल पंप पर तलवार से डराकर लूटा



## धमकी देकर कर्मचारी से मांगे रुपए, गौशाला का गल्ला लूटकर फरार, वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** डांगियावास थाना क्षेत्र के जालेली चंपावत स्थित पेट्रोल पंप पर कार सवार 3 बदमाशों ने तलवार लहराकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने कर्मचारी को धमकाकर रुपए मांगे और इसके बाद पंप पर रखा गौशाला का गल्ला लूटकर फरार हो गए। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। यह घटना सुरेंद्र गोदारा फिलिंग स्टेशन पर मंगलवार को सुबह करीब 5 से 5.30 बजे की बीच हुई, जहां सफेद रंग की बिना नंबर की फ्रॉन्क्स कार में दो बदमाश आकर रुके। कार में एक बदमाश तलवार लहराते हुए पेट्रोल पंप कर्मियों को धमकाते हुए रुपए मांगने लगा, जबकि दूसरा बदमाश कार में बैठा रहा। इस दौरान कर्मचारियों ने रुपए नहीं दिए तो बदमाश वहां रखा गौशाला का गल्ला उठाकर ले गया, जिसमें करीब 2 हजार रुपए बताए जा रहे हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से गाड़ी लेकर तेजी से भाग निकला। घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है, जिसमें आरोपी साफ तौर पर तलवार लेकर पेट्रोल पंप कर्मियों को धमकाता हुआ नजर आ रहा है। इस दौरान दो बदमाश पेट्रोल पंप कर्मी के पीछे तलवार लेकर भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। घटना की सूचना मिलने पर डांगियावास पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान राकेश जानी उर्फ रॉकी जानी पुत्र भियाराम बिश्नोई निवासी ज्यानियों की ढाणी, थाना एयरपोर्ट के रूप में की है। पुलिस आरोपी की दस्तयाबी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है।

## नकबजनी का पर्दाफाश, बावरिया गैंग के दो भाई गिरफ्तार

महानगर टाइम्स संवाददाता

**लालसोट।** पुलिस थाना लालसोट ने क्षेत्र में हुई चोरी व नकबजनी की वारदातों का खुलासा करते हुए बावरिया गैंग के मुख्य आरोपी धर्मा उर्फ गुड्डी उर्फ राकेश बावरिया और उसके भाई कालू उर्फ हरिराम बावरिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों से तीन वारदातों का खुलासा हुआ है, जबकि अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ व अनुसंधान जारी है। पुलिस ने बताया कि लालसोट में सूने मकानों के ताले तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण और करीब 2.55 लाख रुपए नकद चोरी किए गए थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को मोटरसाइकिल सहित पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने थाना क्षेत्र की तीन नकबजनी की वारदातों में संलिप्तता स्वीकार की। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध जयपुर ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न थानों में चोरी व नकबजनी सहित कई प्रकरण दर्ज हैं। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड लिया गया है और चोरी के माल की बरामदगी और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार तीन चचेरे भाइयों की दर्दनाक मौत

## घर लौटते समय भारी वाहन ने मारी टक्कर, सड़क पर सिर से बहता रहा खून

महानगर टाइम्स संवाददाता



**बीकानेर।** गंगाशहर थाना इलाके में जोधपुर हाईवे पर पलाना व उदयरामसर के बीच देर रात करीब 1 बजे एक्सीडेंट में बाइक पर जा रहे तीन चचेरे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों किसी कार्यक्रम में शामिल होकर गांव लौट रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव पीबीएम हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वाहन और उसके ड्राइवर का पता लगाने में जुटी है। गंगाशहर थानाधिकारी गणेश बिश्नोई ने बताया कि स्वरूपदेसर निवासी चन्दाराम, तोलाराम व महेंद्र सिहाग की मौत हुई है।

तीनों चचेरे भाई पलाना नोखा रोड पर में किसी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। वहां से लौटते समय जैन समाज के एक भवन के पास भारी वाहन ने उनकी बाइक को चपेट में ले लिया। तीनों के सिर में गंभीर चोटें आईं। काफी देर तक खून बहता रहा। अधिक खून बहने के कारण तीनों ने मौके पर दम तोड़ दिया। हादसे के बाद रास्ते से गुजर रहे किसी व्यक्ति ने गंगाशहर पुलिस को सूचना दी। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि हादसे में गलती किसकी थी, क्योंकि बाइक सवार तीनों युवकों की मौत हो चुकी है। स्वरूपदेसर गांव के लाधुराम सियाग के तीन बेटे हैं। हादसे में उनके तीनों बेटों के एक-एक बेटे की मौत हो गई। तीनों युवक विवाहित थे। करीब दो साल के अंतराल में उनकी शादी हुई थी। तीनों किराना की दुकान पर काम करते थे।

## ट्रक की टक्कर से पैदल जा रहे पदयात्री की मौत

**चूरू।** राजलदेसर थाना क्षेत्र में भरपालसर पुलिया के पास एक ट्रक की टक्कर से पैदल रूणिचा जा रहे 50 साल के पदयात्री की मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर मौके पर ट्रक छोड़कर भाग गया। इस हादसे में एक और पदयात्री घायल हो गया, जिसका राजलदेसर सीएचसी में इलाज किया गया। पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर ट्रक ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मंगलवार दोपहर पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया। राजलदेसर थाना के एएसआई रामनिवास मीणा ने बताया कि नेठवा निवासी विकास कुमार ने रिपोर्ट दी कि उनके पिता 50 साल के गुमान सिंह जाट रूणिचा पैदल जा रहे थे। भरपालसर पुलिया के पास मंगलवार सुबह गलत दिशा से आए एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में गुमान सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। ट्रक की चपेट में आने से पालास निवासी 49 साल के गोपीराम घायल हो गए। दोनों घायल लोगों को निजी वाहन से राजलदेसर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने गुमान सिंह को मृत घोषित कर दिया। गोपीराम को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। परिवार के मुताबिक गुमान सिंह नेठवा से निकले थे। पदयात्री संघ ने पायली गांव में ओम बन्ना धाम में आराम किया था। वहां से मंगलवार सुबह वे फिर रवाना हुए थे। इसी दौरान पायली की रोही में यह हादसा हो गया।

## महिला टीचर ने कोचिंग स्टूडेंट को फंसाकर किया ब्लैकमेल

*विदेश में जॉब लगवाने और शादी करने का दबाव बनाकर मांगे 5 लाख*

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** एक महिला टीचर पर कोचिंग स्टूडेंट को फंसाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि महिला टीचर ने कोचिंग स्टूडेंट से विदेश में जॉब लगवाने का झांसा देकर नजदीकियां बढ़ाई, फिर शादी करने का दबाव बनाया। झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर 5 लाख रुपए की डिमांड की। पीड़ित स्टूडेंट की मां ने आरोपी महिला टीचर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। शिकायत के बाद पुलिस ने महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि जयपुर की रहने वाली 44 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उनका बेटा एक कोचिंग में पढ़ने जाता है। इस दौरान कोचिंग में पढ़ाने वाली महिला टीचर से उसकी जान-पहचान हुई। आरोप है कि बातचीत के दौरान आरोपी टीचर ने विदेश में जॉब दिलाने की कहकर बेटे से कॉन्टैक्ट बढ़ाया। उसके बाद वह बेटे को खुद के खर्चे पर महंगे होटल, रेस्टोरेंट के साथ ही पिक्चर दिखाने ले जाने लगी। नजदीकियां बढ़ने पर आरोपी महिला टीचर की ओर से बेटे पर शादी करने का दबाव बनाया जाने लगा। काफी दबाव बनाने के बाद भी बेटे के मना करने पर आरोपी महिला टीचर ने घर आकर हंगामा किया। झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर 5 लाख रुपए की डिमांड रखी। ऊंचे लोगों तक पहुंच होने की कहकर जेल भिजवाकर जिंदगी बर्बाद करने की धमकी दी। लगातार मिल रही धमकियों के टॉर्चर से परेशान होकर थाने में मामला दर्ज करवाया गया। आरोप है कि महिला टीचर के खिलाफ गुरुग्राम हरियाणा में कई आपराधिक प्रकरण दर्ज है। पुलिस की ओर से एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# छुट्टी पर आए सेना के जवान का किडनैप कर मांगी फिरौती

## कोचिंग से घर लौटते समय उठा ले गए बदमाश, पत्नी से मांगे 10 लाख रुपए

महानगर टाइम्स संवाददाता



**सीकर।** खंडेला में छुट्टी पर घर आए सेना के जवान का किडनैप हो गया। जवान श्रीराम सिहाग प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए छुट्टी पर घर आया हुआ था। घटना केरपुरा बस स्टैंड की है। कोचिंग से घर लौटते समय 5-6 बदमाश उसे गाड़ी में डालकर अपने साथ ले गए। इसके बाद श्रीराम के फोन से उसकी पत्नी को कॉल कर 10 लाख रुपए की फिरौती मांगी। घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने जवान के परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने बताया कि देर रात जवान की पत्नी के पास कॉल आया। कॉल पर किडनैपर ने कहा कि श्रीराम हमारे पास सही सलामत है। हम बैंक डिटेल भेजेंगे, उस पर 10 लाख रुपए भेज देना।

इतना कहकर किडनैपर ने कॉल काट दिया। इसके बाद परिजनों ने रात करीब 10 बजे पुलिस को सूचना दी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि श्रीराम का किसी दूसरे फौजी से पैसे के लेनदेन का विवाद चल रहा था। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आसपास के इलाकों में नाकाबंदी करवाकर जवान की तलाश शुरू कर दी। थानाधिकारी ने बताया कि इस संबंध में श्रीराम के भाई शेर सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। शेर सिंह ने बताया श्रीराम एसआई भर्ती परीक्षा की तैयारी के लिए करीब 3-4 महीने से छुट्टी पर था। मौके पर उसकी बाइक और हेलमेट पड़े मिले हैं। श्रीराम सिहाग साल 2013 में सेना में भर्ती हुआ था। उसकी पोस्टिंग पंजाब में थी। थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि जवान के भाई शेर सिंह ने दूसरे जवान पर आशंका जताई है। शेर सिंह ने बताया किडनैप होने के बाद श्रीराम के फोन से उसकी पत्नी को कॉल आया था। कॉल करने वालों ने धमकी देते हुए 10 लाख रुपए की मांग की। भाई ने बताया कि पश्चिम बंगाल में पोस्टिंग के दौरान श्रीराम का करौली जिले के दूसरे फौजी के साथ लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। हमें शक है कि उसी ने अपहरण करवाया है। थानाधिकारी ने बताया कि सूचना के आधार पर टीम को थाने से करौली रवाना कर दिया गया है।

## मार्बल पाउडर की आड़ में अवैध शराब की तस्करी




**डूंगरपुर(महानगर टाइम्स संवाददाता)।** बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी पर कार्रवाई करते हुए एक ट्रक जब्त किया है। यह शराब मार्बल पाउडर के कट्टों की आड़ में गुजरात ले जाई जा रही थी। पुलिस ने ट्रक से 72 बोतल और 48 पव्वे बरामद किए और ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। बिछीवाड़ा थानाधिकारी देवेंद्र देवल ने बताया कि अवैध शराब तस्करी के खिलाफ अभियान चल रहा है। इसी के तहत राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर पुलिस चौकी के सामने एनएच-48 पर नाकाबंदी की गई थी। गुजरात की ओर जाने वाले वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि उदयपुर की ओर से आ रहे गुजरात नंबर वाले टाटा कंपनी के आयशर ट्रक में मार्बल पाउडर के कट्टों के बीच छिपाकर अंग्रेजी शराब ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ट्रक को रुकवाकर सड़क किनारे खड़ा करवाया।

*कई घंटे तक स्विच ऑफ रहा फोन, अकाउंट में बचे सिर्फ 701 रुपए*

## महिला वकील का मोबाइल हैक कर 59 हजार रुपए किए ट्रांसफर

महानगर टाइम्स संवाददाता



**श्रीगंगानगर।** पुरानी आबादी थाना क्षेत्र में महिला वकील के पेटीएम अकाउंट से हैकर ने 59 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए। महिला का मोबाइल कई घंटे बंद था। शाम को फोन ऑन करने पर उन्हें खाते से रकम निकलने का पता चला और अकाउंट में सिर्फ 701 रुपए बचे थे। बैंक या पेटीएम की ओर से ट्रांजेक्शन का कोई मैसेज भी नहीं आया। महिला ने उसी रात साइबर क्राइम थाने में शिकायत दी और अगले दिन पुरानी आबादी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में एडवोकेट रेणु वर्मा निवासी पुरानी आबादी ने बताया कि उनका पंजाब नेशनल बैंक की नगर परिषद ब्रांच में अकाउंट है। इसमें 59,701 रुपए जमा थे। अज्ञात हैकर ने उनका मोबाइल हैक कर पेटीएम के जरिए 59 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए। रेणु ने बताया कि कई घंटे तक उनका फोन बंद था। बाद में उन्होंने थोड़ी देर के लिए मोबाइल खोला और फिर बंद रखा। फोन ऑन करने पर खाते से रुपए निकलने का पता चला। अकाउंट में सिर्फ 701 रुपए बचे थे। बैंक या पेटीएम की ओर से उन्हें ट्रांजेक्शन का कोई मैसेज भी नहीं आया। इसके बाद महिला वकील ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद सुबह पुरानी आबादी थाने में भी शिकायत दी। उनकी रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## इंस्टाग्राम पर स्टेटस लगाकर युवक ने होटल में रस्सी से लगाया फंदा

पीजी में रहकर कॉम्पिटिशन एग्जाम की कर रहा था तैयारी

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** वैशाली नगर थाना इलाके में एक होटल में युवक ने सुसाइड कर लिया। युवक ने बाजार से खरीदी रस्सी से होटल के कमरे में फंदा लगाया था। युवक ने सुसाइड से पहले इंस्टाग्राम पर स्टेटस लगाकर अपनी मौत के बारे में पोस्ट भी किया था। वैशाली नगर थाने के एएसआई मुकेश ने बताया कि राकेश पुत्र गणेश निवासी नरैना जयपुर ने सुसाइड किया है। राकेश जयपुर में पीजी में रहकर कॉम्पिटिशन एग्जाम की तैयारी कर रहा था। राकेश सिरसी रोड पर खातीपुरा तिराहे के पास स्थित होटल में आया था। अगले दिन दोस्तों के मिलने आने पर चेकआउट के समय रूम रेंट के एक हजार रुपए देने के लिए कहा था। एएसआई ने बताया कि राकेश ने इंस्टाग्राम पर अपनी मौत की पोस्ट का स्टेट्स लगाया।

पोस्ट में लिखा कि अब मेरा लास्ट आ गया है। होटल का नाम-एड्रेस लिखकर सुसाइड करने की बात लिखी। इसके बाद चचेरे भाई मंगल चंद ने पोस्ट पढ़ी तो उसने राकेश को कॉल किया, लेकिन उसने मोबाइल पर कॉल नहीं उठाया। मंगल चंद ने पुलिस को बताया कि बार-बार कॉल कर राकेश से बात करने की कोशिश की। इस पर राकेश ने मोबाइल स्विच ऑफ कर दिया। पुलिस के अनुसार सुसाइड से पहले राकेश रस्सी खरीदकर अपने बैग में रखकर लाया था। बैग से रस्सी निकाल फंदा लगाकर राकेश ने सुसाइड कर लिया। चचेरे भाई मंगल चंद अपने दो-तीन परिचितों को लेकर ढूंढते हुए होटल पहुंचा। होटल प्रशासन ने राकेश के रूम में होने की जानकारी दी। इस पर मंगल ने राकेश को काफी आवाज लगाने के साथ गेट खटखटाया। अंदर से जवाब नहीं मिलने पर गेट का लॉक तोड़ा। तब कमरे के अंदर जाने पर राकेश फंदे से लटका मिला। सुसाइड की सूचना पर वैशाली नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## सैलून बंद कर घर लौट रहे भाइयों को लाठी-पाइप से पीटा

**हनुमानगढ़ (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** सदर थाना क्षेत्र में सैलून बंद कर घर लौट रहे दो भाइयों पर बाइक सवार युवकों ने लाठी-पाइप से हमला किया। इस हमले में एक भाई के सिर में गंभीर चोट लगी, जबकि दूसरे की पीठ व कंधे पर चोटें आईं। आरोप है कि हमलावर मारपीट के दौरान उनसे करीब 3 हजार रुपए नकद व मोबाइल फोन भी छीनकर ले गए। सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को गांव बनवाला के वार्ड नंबर 11 निवासी हरप्रीत सिंह पुत्र गुरमीत सिंह ने रिपोर्ट दी है। हरप्रीत ने बताया कि वह और उसका भाई हरजीत सिंह पक्कासारणा में हेयर सैलून की दुकान चलाते हैं। दोनों भाई दुकान बंद कर पैदल घर लौट रहे थे। मनीष कुमार, रामानंद, सुनील, मंगलचंद व एक अन्य व्यक्ति पांच मोटरसाइकिलों पर वहां पहुंचे। सभी के हाथों में डंडे व पाइप थे। आरोपियों ने पीछे से दोनों भाइयों को पकड़ा और लाठी-पाइप से मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान हरजीत सिंह के सिर पर पाइप से वार किया गया, जिससे उसे गहरी चोट लगी। हरप्रीत सिंह की पीठ व कंधे पर भी चोटें आईं। मारपीट के दौरान हमलावर हरजीत सिंह की जेब से करीब 3 हजार रुपए व मोबाइल फोन छीनकर भागने लगे।

## पुरानी रंजिश में पड़ोसी का हमला, सिर में चोट लगने से घायल

**हनुमानगढ़ (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** संगरिया थाना क्षेत्र के जंडवाला सिखान गांव में मजदूरी कर घर लौट रहे एक व्यक्ति पर ईंट से हमला किया गया। इस हमले में व्यक्ति के सिर में चोट आई और चार टांके लगे। घायल ने अपने पड़ोसी पर पुरानी रंजिश के चलते हमला करने का आरोप लगाया है। संगरिया थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक जंडवाला सिखान के वार्ड नंबर 7 निवासी केसरसिंह पुत्र देवसिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। केसरसिंह मजदूरी करते हैं। उन्होंने बताया कि उनका पड़ोसी छिंदा सिंह पुत्र दर्शन सिंह उनके परिवार से पुरानी रंजिश रखता है और अक्सर उनके घर में दखलंदाजी करता है। जब केसरसिंह ने इस पर आपत्ति जताई तो आरोपी ने उन्हें धमकी भी दी थी। केसरसिंह के अनुसार वह मजदूरी का काम खत्म कर घर लौट रहा था। रास्ते में छिंदा सिंह ने उनका रास्ता रोक लिया और गाली-गलौज करने लगा। आरोपी ने उन्हें जान से मारने की नीयत से उनके सिर पर ईंट से हमला कर दिया। हमले से उनके सिर से खून बहने लगा। उसकी चीख-पुकार सुनकर रास्ते से गुजर रहे लोग मौके पर जमा हो गए।

## केमिकल ड्रम जलने से उठीं भीषण लपटें, मशक्कत से किया पाया काबू

# लोहे की फैक्ट्री में लगी आग, मजदूरों ने भागकर बचाई जान

महानगर टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** झोटवाड़ा इंडस्ट्रियल एरिया में लोहे की एक फैक्ट्री में मंगलवार सुबह अचानक आग लग गई। फैक्ट्री में रखे केमिकल ड्रमों के जलने पर भीषण लपटें उठने लगी। वहां मौजूद वर्कर्स ने फैक्ट्री से बाहर भागकर अपनी जान बचाई। झोटवाड़ा फायर स्टेशन से पहुंचे दमकलकर्मियों ने चार गाड़ियों की मदद से करीब सवा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फैक्ट्री में 10 हजार लीटर केमिकल के करीब 20 ड्रम रखे हुए थे। समय रहते आग पर काबू पा लेने से पूरा केमिकल चपेट में नहीं आए। पूरे केमिकल में आग लगने से बड़ा हादसा हो सकता था।

फैक्ट्री में आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है। झोटवाड़ा के एएफओ सुरेश कुमार ने बताया कि झोटवाड़ा इंडस्ट्रियल एरिया में माखन लाल गुप्ता की एनएल कास्टिंग कंपनी के नाम से लोहा फैक्ट्री है। फैक्ट्री में बॉयलर से लोहे की ढलाई का काम किया जाता है। फैक्ट्री में मंगलवार सुबह करीब 10-12 वर्कर्स बॉयलर में हीट कर लोहे की ढलाई का काम कर रहे थे। इस दौरान सुबह करीब 8.45 बजे फैक्ट्री में रखे केमिकल ड्रम ने अचानक आग पकड़ ली। देखते ही देखते फैक्ट्री में रखे बाकि ड्रम भी चपेट में आ गए और भीषण आग की लपटें उठने लगी। सूचना पर झोटवाड़ा फायर स्टेशन की गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल की चार गाड़ियों की मदद से करीब सवा घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया। आग लगने से फैक्ट्री में लाखों रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है।

## प्रेम-प्रसंग के चलते युवती पर चाकू से हमला करने वाला आरोपी पकड़ा

**डूंगरपुर (महानगर टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस ने एक युवती पर चाकू से हमला करने के आरोपी को गुजरात से गिरफ्तार किया है। आरोपी राजकुमार उर्फ राजकमल अहारी को जेतलपुर से पकड़ा गया है। वह युवती से प्रेम-प्रसंग को लेकर नाराज था और बातचीत बंद करने पर उसने यह घटना की थी। रामसागड़ा थाना प्रभारी कैलाश पंचारिया ने बताया कि युवती ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। युवती ने बताया कि उसकी राजकुमार उर्फ राजकमल पुत्र अरविंद अहारी निवासी कानपुर से काफी समय से जान-पहचान थी। वह उससे बातचीत करती थी। कुछ समय से दोनों के बीच मनमुटाव चल रहा था, जिसके बाद युवती ने राजकुमार से बात करना बंद कर दिया था।

## रेत के टीले में धंसी कार से 236 किलो डोडा-पोस्त किया बरामद

महानगर टाइम्स संवाददाता



**फलोदी।** पुलिस ने मटोल चक के पास रेत के टीले में धंसी एक कार से 236 किलो डोडा पोस्त बरामद किया है। पुलिस ने कार जब्त कर ली है और अज्ञात तस्कर की तलाश कर रही है। सीआई नरेश निर्वाण ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी। इसके बाद एसआई किसनाराम अपनी टीम के साथ मटोल चक पहुंचे। वहां पुलिस को रेत के टीले में एक काले रंग की कार फंसी हुई मिली। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें प्लास्टिक के कई कट्टे भरे हुए थे। जांच करने पर पता चला कि इन कट्टों में डोडा पोस्त भरा हुआ था। रेत में बुरी तरह फंसी इस कार को पुलिस टीम ने काफी मेहनत के बाद बाहर निकाला। इसके बाद कार को फलोदी थाने लाया गया। पुलिस ने मौके पर और आसपास के इलाके में तस्कर की तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल भी भेजा गया था। पुलिस का मानना है कि डोडा-पोस्त से भरी यह कार रेत में फंस गई थी। तस्कर ने इसे निकालने की कोशिश की होगी, लेकिन कामयाब नहीं होने पर वह कार छोड़कर भाग गया।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook Instagram twitter YouTube


मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भ्रष्टाचार को लेकर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर कसे तंज

# 'अशोक गहलोत ने मूंदे रखी आंखें, अब कर रहे आरोप की राजनीति'

महानगर टाइम्स संवाददाता

**पाली।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि जब वे पद पर थे, तब उनकी सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई थी, लेकिन उन्होंने अपनी आंखें मूंदे रखीं और अब वे बेवजह आरोप की राजनीति कर रहे हैं। जब हमने विधानसभा में 'हमारे दो साल बनाम उनके पांच साल' के काम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तो कांग्रेस नेता बहस के बजाय सदन से भाग खड़े हुए। क्योंकि हमारे दो साल के कार्यकाल के काम उनके पांच साल के काम से भी कई गुना अधिक हैं। कांग्रेस को राजनीतिक



आरोप लगाने की जगह विकास कार्यों पर जनता को जवाब देना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को पाली में निकाय चुनाव को लेकर रोड शो को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लंबे समय तक सत्ता में रहते हुए राजस्थान के विकास को बाधित किया। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने प्रदेश को विकास की नई दिशा दी है और हमने संकल्प पत्र के 78 प्रतिशत वादे ढाई वर्ष में ही पूरे कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि जो कांग्रेस नेता भाजपा सरकार के निर्णयों को असंभव बताते थे, आज वही लोग इन फैसलों को धरातल पर साकार होते हुए देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि वन स्टेट, वन इलेक्शन को लेकर कांग्रेस के नेता कहते थे कि राजस्थान में यह व्यवस्था लागू नहीं हो सकती। उन्होंने लगातार दो-ढाई साल तक निकाय के चुनाव कराए, दो साल तक पंचायतों के चुनाव कराए, जिसमें जनता की गाढ़ी कमाई खर्च होती थी, लेकिन भाजपा सरकार ने वन स्टेट, वन इलेक्शन की दिशा में आगे बढ़कर कांग्रेस के दावों को गलत साबित कर दिया है।

## 'कांग्रेस ने बिजली, रोडवेज सहित अन्य क्षेत्रों को बनाया भ्रष्टाचार का अड्डा'

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस ने बिजली, रोडवेज, डेयरी और सहकारिता सहित विभिन्न क्षेत्रों को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया था, जबकि भाजपा सरकार पारदर्शिता, सुशासन और विकास के आधार पर व्यवस्था को आगे बढ़ा रही है। प्रदेश अब अन्य राज्यों को बिजली देने की स्थिति में पहुंचा है। रोडवेज में 1000 बसें खरीदी जा चुकी हैं तथा 1000 नई बसें और लाई जा रही हैं। इसी प्रकार डेयरी क्षेत्र में भी उल्लेखनीय वृद्धि के साथ दूध की मात्रा 34 लाख लीटर से बढ़कर 47 लाख लीटर हो गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने युवाओं को 4 लाख सरकारी नौकरी तथा 6 लाख निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के संकल्प पर भी सवाल उठाए थे। क्योंकि उनके कार्यकाल में एक के बाद एक पेपरलीक होते थे, जबकि हमारी सरकार ने बिना पेपरलीक के ढाई वर्ष में ही 1 लाख 89 हजार सरकारी नौकरियां देने का काम किया है। वहीं 1 लाख 22 हजार परीक्षाएं आयोजित हो चुकी हैं, जबकि 70 हजार पदों पर नई भर्तियां भी निकाली गई हैं।



## भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की ली बैठक

रोड शो के बाद मुख्यमंत्री ने भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने चुनावी रणनीति पर चर्चा करते हुए कहा कि कार्यकर्ता संगठन की शक्ति हैं और जन-जन से संवाद कर भाजपा प्रत्याशियों के लिए व्यापक जनसमर्थन जुटाएं। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, सांसद पीपी चौधरी, केंद्रीय पर्यवेक्षक संगीता यादव, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनिल भंडारी सहित भाजपा पदाधिकारी, पार्टी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

इंटीग्रेटेड कोऑर्डिनेशन ग्रुप की बैठक में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों की अनुपालना की समीक्षा

# जोजरी नदी प्रदूषण के संबंध में एक्शन प्लान पर कार्रवाई करें संबंधित विभाग : श्रीनिवास

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने कहा कि जोजरी नदी में होने वाले प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए राज्य सरकार एवं प्रशासन बेहद गंभीर है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग गंभीरता एवं सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप शीघ्र विभागवार एक्शन प्लान तैयार कर प्रभावी एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें।

मुख्य सचिव मंगलवार को शासन सचिवालय में जोजरी नदी प्रदूषण मामले में गठित इंटीग्रेटेड कोऑर्डिनेशन ग्रुप (आईसीजी) की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना का लक्ष्य केवल तात्कालिक समाधान नहीं, बल्कि जोजरी नदी क्षेत्र की पर्यावरणीय स्थिति में स्थायी सुधार सुनिश्चित करना होना चाहिए। बैठक में इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों की अनुपालना की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने बिना उपचार के प्रदूषित जल के प्रवाह की जांच एवं रोकथाम के लिए त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित क्षेत्र में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स की



स्थिति, उनकी कार्यक्षमता तथा उपचारित जल की गुणवत्ता की समुचित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही जोधपुर नगर निगम एवं जोधपुर विकास प्राधिकरण को क्षेत्र की ड्रेनेज व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा ड्रेनेज सिस्टम के समुचित संचालन एवं रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

## वैज्ञानिक जांचेंगे प्रभावित क्षेत्र की मिट्टी की गुणवत्ता

सीएस ने कृषि विभाग को प्रभावित क्षेत्र में विशेषज्ञ टीम भेजकर मिट्टी की गुणवत्ता की वैज्ञानिक जांच कर आवश्यकता अनुसार दीर्घकालिक सुधारात्मक उपाय करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रदूषण के कारण क्षेत्र के फसल पैटर्न में बदलाव एवं कृषि भूमि पर प्रभाव का अध्ययन कर कार्ययोजना तैयार करने को कहा। बैठक में मुख्य सचिव ने वन विभाग को संबंधित वन क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में मौजूद कचरे एवं वनस्पति की स्थिति का जायजा लेकर कार्रवाई करने एवं स्वास्थ्य विभाग को क्षेत्र में स्तन कैंसर सहित गंभीर बीमारियों से संबंधित शिकायतों के मद्देनजर आवश्यक स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य संबंधी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा पीएचईडी एवं भूजल विभाग को भूजल एवं पेयजल की गुणवत्ता की नियमित निगरानी तथा क्षेत्र में अतिरिक्त पिजोमीटर लगाने के निर्देश दिए। साथ ही डीओआइटी विभाग को जोजरी नदी क्षेत्र से संबंधित शिकायतों के पंजीकरण, निस्तारण एवं मॉनिटरिंग के लिए समर्पित पोर्टल शीघ्र विकसित कर संचालित करने को कहा गया। बैठक में सीएस ने इस संबंध में एसआईटी द्वारा दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए पुलिस को दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया।

## एक्शन प्लान को अधिक व्यावहारिक, प्रभावी बनाने के निर्देश

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अध्यक्ष अपर्णा अरोड़ा ने बैठक में जोजरी नदी क्षेत्र की स्थिति, प्रदूषण से संबंधित आंकड़े एवं अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने इसी क्रम में अधिकारियों को एक्शन प्लान को अधिक व्यावहारिक, प्रभावी एवं दीर्घकालिक बनाने के लिए सुझाव दिए। बैठक में एसीएस जल संसाधन अभय कुमार, एसीएस उद्योग व रीको अध्यक्ष शिखर अग्रवाल, एसीएस वन एवं पर्यावरण आनंद कुमार, एसीएस गृह विभाग भास्कर ए सावंत, प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरिजीत बनर्जी एवं पुलिस महानिदेशक, कानून-व्यवस्था संजय अग्रवाल सहित अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। जोधपुर कलेक्टर आलोक रंजन एवं बालोतरा कलेक्टर सुशील कुमार वीसी के माध्यम से जुड़े।

राज्य की निवेश संवर्द्धन नीतियों के प्रति निरंतर बढ़ रहा उद्यमियों का विश्वास

# प्रदेश में 376 करोड़ रुपए के भूखंड आवंटित करेगा रीको

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** रीको द्वारा हाल ही आयोजित भूखंडों की ई-नीलामी में उद्यमियों का काफी रुझान देखने को मिला है। इससे स्पष्ट है कि निवेशक राजस्थान में अधिक से अधिक औद्योगिक इकाइयां स्थापित करना चाहते हैं। राज्य की निवेश संवर्द्धन नीतियों के प्रति उद्यमियों का विश्वास निरंतर बढ़ रहा है। नीलामी में 102 भूखंडों के लिए 200 से अधिक ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए। जिन भूखंडों के लिए सफलतापूर्वक बिडिंग संपन्न हुई, उनका क्षेत्रफल करीब 62 एकड़ तथा मूल्य लगभग 376 करोड़ रुपए हैं।

RIICO GROW WITH RAJASTHAN

नीलामी में औद्योगिक भूखंडों के साथ-साथ कियोस्क, होटल, वे-ब्रिज, स्कूल, दुकान, पेट्रोल पंप तथा कमर्शियल शोरूम जैसी विभिन्न श्रेणियों के भूखंड भी उद्यमियों के लिए उपलब्ध कराए गए। नीलामी में अजमेर, अलवर, भिवाड़ी, घीलोठ, जयपुर, नागौर, पाली, कोटा और सवाई माधोपुर सहित प्रदेश के कई जिलों के औद्योगिक क्षेत्रों को शामिल किया गया। इनमें आबूरोड के ग्रोथ सेंटर द्वितीय चरण एवं सरणेश्वर, भीलवाड़ा के ग्रोथ सेंटर हमीरगढ़, भिवाड़ी के औद्योगिक क्षेत्र कहरानी, औद्योगिक क्षेत्र घीलोठ, जयपुर के औद्योगिक क्षेत्र बगरू-छितरौली, कोटा के औद्योगिक क्षेत्र इंद्रप्रस्थन तथा पाली के औद्योगिक क्षेत्र नया गांव के लिए उद्यमियों का विशेष रुझान देखने को मिला। इन भूखंडों पर स्थापित होने वाली औद्योगिक एवं व्यावसायिक इकाइयां प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के व्यापक अवसर सृजित करेंगी। इससे राजस्थान के औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी तथा युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खुलेंगे।

राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन की एपेक्स कमेटी की बैठक

# मुख्य सचिव ने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर दिए निर्देश



महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन (एसडब्ल्यूएसएम) की एपेक्स कमेटी की बैठक में अधिकारियों ने योजनाओं की प्रगति से संबंधित पावर पॉइंट प्रजेंटेशन दिया और योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति से अवगत कराया।

इस दौरान मुख्य सचिव ने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों को हर घर जल प्रमाणीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा जल नल मित्रों के प्रशिक्षण को समयबद्ध रूप से पूरा करने को कहा। साथ ही कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक नल से जल पहुंचाने के लक्ष्य की प्रभावी पूर्ति के साथ-साथ संबंधित ग्रामों में प्रमाणीकरण की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से आगे बढ़ाई जाए तथा जल नल मित्रों को आवश्यक प्रशिक्षण देकर ग्रामीण जलापूर्ति व्यवस्थाओं के सुचारु संचालन में उनकी प्रभावी भूमिका सुनिश्चित की जाए। बैठक में प्रमुख शासन सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हेमंत गेरा, मिशन निदेशक जेजेएम राजन विशाल, सचिव एवं आयुक्त पंचायतीराज विभाग डॉ. जोगाराम तथा संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के संयुक्त सचिव डी. सेंथिल पांडियन ने वीसी के माध्यम से बैठक में भाग लिया।

## जलार्पण एवं संचालन-संधारण पर विशेष बल

मुख्य सचिव ने पूर्ण हो चुकी ग्रामीण नल जलापूर्ति योजनाओं को स्थानीय समुदायों को सौंपने के लिए अधिक जलार्पण आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्ण हो चुकी जलापूर्ति व्यवस्थाओं का विधिवत हस्तांतरण स्थानीय समुदायों को करने से उनमें योजनाओं के प्रति स्वामित्व एवं सहभागिता की भावना मजबूत होगी। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत रखरखाव और संचालन संबंधी निर्देशों को अक्षरशः लागू करने के निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं के निर्माण के साथ उनकी दीर्घकालिक उपयोगिता एवं सतत संचालन-संधारण सुनिश्चित करना भी समान रूप से महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, नियमित निगरानी एवं निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# राजस्थान के 50 हजार से अधिक युवा 'विकसित भारत' की दौड़ में

युवाओं के विचारों और नवाचारों को मिलेगा राष्ट्रीय मंच, जनवरी में दिल्ली में होगा ग्रैंड फिनाले

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** युवाओं की प्रतिभा, नवाचार, शोधपरक सोच और नेतृत्व क्षमता को देश के विकास और नीति-निर्माण से जोड़ने के उद्देश्य से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027' का आयोजन किया जा रहा है। जयपुर में मंगलवार को आयोजित राज्य स्तरीय प्रेस वार्ता में 'माय भारत' राजस्थान के राज्य निदेशक देवेंद्र व्यास ने कार्यक्रम की जानकारी दी। इस अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय के सहायक निदेशक अमित कनौजिया भी मौजूद रहे।



## सिर्फ क्विज नहीं, प्रतिभाओं के लिए कई मंच

कार्यक्रम में युवाओं की अलग-अलग प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए कई ट्रैक रखे गए हैं। इनमें समूह लोक नृत्य, लोक गीत, चित्रकला, भाषण और काव्य पाठ सहित सांस्कृतिक ट्रैक शामिल है। इसके अलावा देश की चुनौतियों के समाधान के लिए 'डिजाइन फॉर भारत', 'हैक फॉर सोशल कॉज', 'यूथ एंटरप्रेन्योर्स चैलेंज' और 'यूथ पार्लियामेंट' जैसे मंच भी युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देंगे। राज्य निदेशक ने प्रदेश के युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में माय भारत पोर्टल से जुड़कर विकसित भारत के निर्माण में अपने विचार और योगदान देने का आह्वान किया।

## राजस्थान में 50 हजार से ज्यादा पंजीकरण

राज्य निदेशक ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में जिला युवा अधिकारी और 'माय भारत' स्वयंसेवक स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में युवाओं को अभियान से जोड़ रहे हैं। अभियान का असर यह है कि अब तक राजस्थान के 50 हजार से अधिक युवा माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण करा चुके हैं।

## क्विज से शुरू होगी चयन प्रक्रिया

15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा इस प्रतियोगिता में निशुल्क भाग ले सकते हैं। चयन का पहला चरण डिजिटल क्विज है, जो 30 सितंबर तक चलेगा। इसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 10 प्रतिशत प्रतिभागी, अधिकतम 4 लाख तक, अगले चरण में पहुंचेंगे। इसके बाद 5 से 19 अक्टूबर तक 500 शब्दों की निबंध प्रतियोगिता होगी। जिला स्तर पर चयनित शीर्ष 50 निबंधकारों के बीच नवंबर में पीपीटी प्रेजेंटेशन राउंड होगा। प्रत्येक जिले से शीर्ष दो प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पहुंचेंगे। राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभागियों की टीम 10 से 12 जनवरी 2027 को नई दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय ग्रैंड फिनाले में अपने विचार प्रस्तुत करेगी।

# तिरुचिरापल्ली मंडल पर तकनीकी कार्य के कारण ट्रेन रहेंगी रेगुलेट

महानगर टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** दक्षिण रेलवे द्वारा तिरुच्चिरापल्ली मंडल पर तकनीकी कार्य किया जा रहा है। इस कारण ट्रेन रेगुलेट रहेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार 19, 26 सितंबर व 3 अक्टूबर को फिरोजपुर कैंट से चलने वाली 20498 फिरोजपुर कैंट-रामेश्वरम ट्रेन एवं 24 सितंबर, 1 व 8 अक्टूबर को जोधपुर से चलने वाली 22673 जोधपुर-मन्नारगुडी ट्रेन दक्षिण रेलवे पर 2-2 घंटे रेगुलेट रहेगी।

## अजमेर-दौंड-अजमेर ट्रेन एलएचबी रैक से होगी संचालित

रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए अजमेर-दौंड-अजमेर ट्रेन को एलएचबी रैक से संचालित किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार 20991/20992 अजमेर-दौंड-अजमेर ट्रेन अजमेर से 17 सितंबर से एवं दौंड से 18 सितंबर से एलएचबी रैक से संचालित होगी। इस ट्रेन में एलएचबी रैक के 1 सेकंड एसी, 6 थर्ड एसी, 5 द्वितीय शयनयान, 5 साधारण श्रेणी व 2 पावरकार श्रेणी डिब्बों सहित कुल 19 डिब्बे होंगे।

## दो जोड़ी ट्रेनों की संचालन अवधि बढ़ाई

रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए दुर्गापुरा-सवाईमाधोपुर-दुर्गापुरा स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि तथा जयपुर-बयाना-जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन की भरतपुर तक संचालन की अवधि में विस्तार किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार 05493/05494 दुर्गापुरा-सवाईमाधोपुर-दुर्गापुरा प्रतिदिन स्पेशल ट्रेन की संचालन अविध में दुर्गापुरा से 8 से 15 सितंबर तक (8 ट्रिप) तथा सवाईमाधोपुर से 9 से 16 सितंबर तक (8 ट्रिप) का विस्तार किया जा रहा है। इसी प्रकार 19721/19722 जयपुर-बयाना-जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन का 8 से 15 सितंबर तक भरतपुर तक संचालन की अवधि में विस्तार किया जा रहा है। इन ट्रेन का संचालन समय एवं ठहराव यथावत रहेगा।

उप्र के मुख्यमंत्री ने किया दो दिवसीय यूपी टेक्सटाइल्स कॉन्क्लेव-2026 का उद्घाटन

# उप्र का मतलब अल्टीमेट पोटेंशियल, टेक्सटाइल सेक्टर बनेगा नई औद्योगिक ताकत : योगी

## यूपी टेक मित्र पोर्टल तथा हथकरघा बुनकर समृद्धि योजना का भी किया शुभारंभ

महानगर टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी का मतलब अप यानी 'अल्टीमेट पोटेंशियल' है। उत्तर प्रदेश के पास विरासत, हुनर, मानव संसाधन, उद्योग, उद्यमिता और देश का सबसे बड़ा बाजार है। दुनिया की सबसे युवा वर्कफोर्स भी हमारे पास है। अब इसी ताकत के सहारे उत्तर प्रदेश को ग्लोबल टेक्सटाइल हब बनाना है। हमारा लक्ष्य फाइबर से यार्न, यार्न से फैब्रिक, फैब्रिक से गारमेंट और गारमेंट से ब्रांड होते हुए ग्लोबल मार्केट तक पूरी वैल्यू चेन प्रदेश में विकसित करने का है।

मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को दो दिवसीय यूपी टेक्सटाइल्स कॉन्क्लेव-2026 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने यूपी टेक मित्र पोर्टल लॉन्च करने के साथ हथकरघा बुनकर समृद्धि योजना का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में टेक्सटाइल सेक्टर में 5,196 करोड़ रुपए के नए निवेश प्रस्तावों के एमओयू किए गए। साथ ही




163 करोड़ रुपए के लेटर ऑफ कम्फर्ट और 60 करोड़ रुपए की सब्सिडी का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री ने देशभर से आए टेक्सटाइल सेक्टर के प्रतिष्ठित उद्यमियों, निवेशकों, निर्यातकों, प्रदेश के परंपरागत बुनकरों, हथकरघा संचालकों और इस क्षेत्र में भविष्य तलाश रहे युवाओं का स्वागत और अभिनंदन किया।

## 'फैब्रिक सेक्टर में उप्र चौथा सबसे बड़ा निर्यातक राज्य'

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की टेक्सटाइल पहचान हजारों वर्षों पुरानी है। वैदिक साहित्य से लेकर रामायण और महाभारत तक में काशी के रेशमी वस्त्रों का उल्लेख मिलता है। प्रदेश में दो लाख हैंडलूम और पांच लाख से अधिक पावरलूम बुनकर इस सेक्टर की असली ताकत हैं। कृषि के बाद सर्वाधिक रोजगार का सृजन वस्त्र उद्योग करता है। उत्तर प्रदेश फैब्रिक मैन्युफैक्चरिंग में देश में तीसरे स्थान पर है और कुल फैब्रिक उत्पादन में उसकी हिस्सेदारी 13 से 14 प्रतिशत है। पिछले छह वर्षों में प्रदेश के वस्त्र, परिधान और हस्तशिल्प निर्यात में करीब 56 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उप्र इस सेक्टर में देश का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक राज्य बन गया है। वर्ष 2025-26 में 21 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निर्यात के साथ गौतमबुद्ध नगर देश के प्रमुख निर्यातक जिलों में दूसरे स्थान पर पहुंचा है।

## 'उप्र के 17 टेक्सटाइल उत्पादों को जीआई टैग'

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने 2030 तक 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर की टेक्सटाइल एवं अपैरल इकोनॉमी और 100 बिलियन डॉलर के निर्यात का लक्ष्य रखा है। इस राष्ट्रीय संकल्प में उत्तर प्रदेश अपनी पूरी क्षमता से भागीदारी करेगा। ओडीओपी के माध्यम से प्रदेश के 35 से अधिक जिलों के वस्त्र और हैंडलूम उत्पादों को नई पहचान मिली है। प्रदेश के 17 टेक्सटाइल उत्पादों को जीआई टैग मिल चुका है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से लाखों महिलाएं भी इस सेक्टर से जुड़कर आत्मनिर्भर हो रही हैं। दुनिया की सबसे युवा वर्कफोर्स प्रदेश में उपलब्ध है, जो टेक्सटाइल सेक्टर को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

## '2017 से पहले वसूली की पर्ची लेकर लौट जाते थे निवेशक'

मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों पर हमला करते हुए कहा कि 2017 से पहले प्रदेश की पहचान 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन माफिया' की बन गई थी। हर जनपद में माफिया की समानांतर सरकार चलती थी। कानून व्यवस्था चौपट थी। माफिया जहां हाथ रख देता, वह जमीन उसकी हो जाती और तत्कालीन सरकार मौन बनी रहती थी। निवेशक व्यापार का सपना लेकर आता था और वसूली की पर्ची लेकर लौट जाता था। दंगे, कर्फ्यू, गुंडा टैक्स और माफिया के कारण उद्योग लगाना मुश्किल था। बिजली और विकास एक परिवार तक सीमित था। आज उप्र कर्फ्यू, दंगा, माफिया और उपद्रव से मुक्त है। अब किसी ने बेटी, व्यापारी या निवेशक की सुरक्षा में सेंध लगाने का दुस्साहस किया तो उसके लिए दो ही जगह होंगी- जेल या जहन्नुम। अब कोई उप्र में खुलेआम पिस्टल लहराकर नहीं चल सकता।

स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा* । मो. न.: +919540566302* पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2024-26